राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, सोमवार, 24 अगस्त 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 98 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




सरगना सोहन गंझू समेत तीन गिरफ्तार

# प्रदर्शनकारियों पर पुलिस कार्रवाई, 900 से अधिक अज्ञात आरोपित

## भर्ती परीक्षा में अनियमितता के विरोध में हुआ था प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची**। रांची के बाद गिरिडीह और हजारीबाग में भी प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की कार्रवाई सामने आई है। अधिकारियों के अनुसार, गिरिडीह में शुक्रवार और शनिवार को हुई झड़पों के सिलसिले में टाउन थाने में दो प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। वहीं, हजारीबाग में सरकारी काम में बाधा डालने और पुलिसकर्मियों से झड़प के आरोप में एक प्राथमिकी दर्ज हुई है। दोनों जिलों में दर्ज मामलों में 28 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है, जबकि 900 से अधिक अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। छात्र झारखंड भर्ती परीक्षा में कथित अनियमितताओं के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे।



बताया गया कि शुक्रवार को हजारों छात्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला जलाने के लिए जमा हुए थे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झूमाझटकी हुई थी। यह कार्रवाई रांची के कोतवाली थाने में तीन प्राथमिकी दर्ज होने के एक दिन बाद हुई है। रांची में शुक्रवार को पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प के मामले में शनिवार को 14 नामजद और 200 से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ तीन प्राथमिकी दर्ज की गई थीं। रांची के पुलिस अधीक्षक (सिटी) पारस राणा ने बताया कि एक प्राथमिकी सरकारी काम में बाधा डालने और निर्धारित मार्ग से जुड़े नियमों के उल्लंघन के आरोप में दर्ज की गई है। दो अन्य मामले दो लोगों की ओर से दर्ज कराए गए हैं। वहीं, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार पर हमला बोलते हुए कार्रवाई को पुलिस की गुंडागर्दी बताया था।

# सांसद खेल महोत्सव में 50 हजार से अधिक खिलाड़ी होंगे शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग**। हजारीबाग में सांसद खेल महोत्सव का आगाज हो गया है। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी भी कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने सांसद मनीष जायसवाल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेल और फिटनेस को बढ़ावा देने के सपने को साकार करने का प्रयास किया जा रहा है।




सांसद खेल महोत्सव के तहत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसमें 50 हजार से अधिक खिलाड़ियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। महोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण नमो फुटबॉल टूर्नामेंट होगा। इस वर्ष करीब 1500 टीमें टूर्नामेंट में भाग लेंगी। टूर्नामेंट की शुरुआत 30 अगस्त से होगी और इसका समापन 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर किया जाएगा। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हजारीबाग में इस तरह का बड़ा खेल आयोजन ग्रामीण और स्थानीय प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि पिछले वर्ष नमो फुटबॉल टूर्नामेंट में 1483 टीमों ने हिस्सा लिया था और करीब 40 हजार खिलाड़ी खेल महोत्सव से जुड़े थे। इस बार 50 हजार से अधिक खिलाड़ियों के शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर मंच देने के उद्देश्य से हर वर्ष खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। खेल युवाओं को नशे और अपराध से दूर रखने के साथ-साथ फिटनेस और अनुशासन की भावना भी विकसित करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खेलों को बढ़ावा देने की पहल से प्रेरणा लेकर यह आयोजन किया जा रहा है।

# गम्हरिया डबल मर्डर का खुलासा, दो आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सरायकेला-खरसावां**। जिले के गम्हरिया थाना क्षेत्र में डबल मर्डर और अपहरण के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर रापचा फुटबॉल मैदान के पीछे वनभूमि से जमीन में दफन दो युवकों के शव बरामद किए हैं। मामले की जानकारी सरायकेला एसडीपीओ अनुभव भारद्वाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। पुलिस के अनुसार मामला कांड्रा थाना क्षेत्र के पिण्ड्राबेड़ा गांव से जुड़ा है। 13 अगस्त की शाम धतकीडीह स्कूल के पास से राहुल हांसदा, सूरज हांसदा और तपन प्रधान का कथित रूप से अपहरण किया गया था। आरोपियों ने तीनों के साथ मारपीट की और उन्हें गम्हरिया के सरनामूल इलाके में ले गए। बाद में सूरज हांसदा को छोड़ दिया गया, जबकि राहुल और तपन लापता हो गए। 20 अगस्त को राहुल के पिता बांदी रवि हांसदा की



शिकायत पर कांड्रा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ अनुभव भारद्वाज के नेतृत्व में विशेष जांच टीम गठित की गई। पुलिस ने तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर पिण्ड्राबेड़ा निवासी 22 वर्षीय फुलचंद रघुनाथ हांसदा और 25 वर्षीय रविन्द्र मार्डी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने घटना में संलिप्तता स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर जमीन में दफन राहुल हांसदा और तपन प्रधान के शव बरामद किए गए। दंडाधिकारी की मौजूदगी और वीडियोग्राफी के बीच शवों को बाहर निकाला गया। घटनास्थल से बांस की बल्ली और दो मोबाइल फोन भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा देकर 1.19 करोड़ की ठगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना**। ऑनलाइन ट्रेडिंग और निवेश में भारी मुनाफे का झांसा देकर एक व्यक्ति से 1 करोड़ 19 लाख 53 हजार 44 रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। जगदेवपथ निवासी अब्दुल एजाज अजहर जमील ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता ने एफआईआर दर्ज कर रकम की रिकवरी के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उनके अनुसार, सोशल मीडिया पर ट्रेडिंग का विज्ञापन देखने के बाद कुछ लोगों ने व्हाट्सऐप के जरिए उनसे संपर्क किया। आरोप है कि खुद को संबंधित कंपनियों से जुड़ा बताने वाले लोगों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग में निवेश पर बेहतर रिटर्न का भरोसा दिलाया। इसके बाद उनसे कई ट्रेडिंग एप डाउनलोड कराए गए। शिकायतकर्ता के अनुसार, शुरुआत में एप के माध्यम से निवेश की गई रकम में से कुछ पैसे निकालने की अनुमति दी गई। इससे उन्हें संबंधित लोगों और ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर भरोसा हो गया। इसके बाद अलग-अलग बैंक खातों में बड़ी रकम ट्रांसफर कराई गई।

शिकायत के मुताबिक, एक खाते में 79 लाख 56 हजार 451 रुपये और दूसरे खाते में 39 लाख 96 हजार 593 रुपये ट्रांसफर कराए गए। इस तरह कुल 1 करोड़ 19 लाख 53 हजार 44 रुपये विभिन्न बैंक खातों में भेजे गए। आरोप है कि रकम निवेश करने के बाद ट्रेडिंग एप पर भारी मुनाफा दिखाया गया। जब शिकायतकर्ता ने अपनी रकम और कथित मुनाफा निकालने की कोशिश की, तो निकासी पर रोक लगा दी गई। इसके बाद कथित मुनाफे की राशि निकालने के लिए 20 प्रतिशत भुगतान करने की शर्त रखी गई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इसी तरह उन्हें ठगी का शिकार बनाया गया।

**विदेशी वेल्थ मैनेजमेंट फर्म से जुड़े होने का दावा**

शिकायतकर्ता ने पुलिस को उन लोगों के मोबाइल नंबर और अन्य जानकारियां भी उपलब्ध कराई हैं, जो कथित तौर पर बड़े विदेशी वेल्थ मैनेजमेंट फर्म्स और वित्तीय ट्रेडिंग से जुड़ी सेवाएं देने वाली कंपनी से जुड़े होने का दावा कर रहे थे। इनमें कुणाल, सोनल, गुल और अनन्या समेत कई लोगों के नाम शामिल हैं। "पुलिस से सभी लाभार्थी बैंक खातों की केवाईसी, बैंक ट्रांजेक्शन, आईपी एड्रेस और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच कराने की मांग है। साथ ही जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है, उनमें उपलब्ध राशि को तत्काल फ्रीज कराने का अनुरोध है।"

# मृत इंजीनियरों के परिजनों को मिले 31-31 लाख

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रामगढ़**। बरकाकाना ओपी क्षेत्र स्थित सीमेंट एंड इस्पात के पावर प्लांट में शुक्रवार देर रात हुए भीषण हादसे में तीन इंजीनियरों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। हादसे के बाद शुरू हुआ विरोध करीब 28 घंटे तक चला। देर रात मुआवजे पर सहमति बनने के बाद गतिरोध खत्म हुआ। शुक्रवार रात करीब 11:30 बजे पावर प्लांट के कंट्रोल रूम/केबिन में नाइट शिफ्ट में इंजीनियर ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान टरबाइन में जोरदार ब्लास्ट हुआ और आग लग गई। इसकी चपेट में आकर चार इंजीनियर बुरी तरह झुलस गए। प्रारंभिक जानकारी में ओवरहीटिंग और पैनल सिस्टम फेल होने की बात सामने आई है। फैक्ट्री कर्मियों ने कंट्रोल रूम का एसी कई दिनों से खराब होने और तापमान नियंत्रित करने को लेकर प्रबंधन से शिकायत किए जाने का भी दावा किया है। हालांकि हादसे की वास्तविक तकनीकी वजह जांच के बाद स्पष्ट होगी। हादसे के बाद फैक्ट्री प्रबंधन घायलों को रांची ले गया, जहां चिकित्सकों ने तीन इंजीनियरों को मृत घोषित कर दिया। गढ़वा निवासी इंजीनियर अभिषेक पांडेय के शव का पोस्टमार्टम रिम्स, रांची में कराया गया। धनबाद और बोकारो निवासी इंजीनियरों के शव का पोस्टमार्टम नहीं हुआ था और परिजन शवों को वापस प्लांट ले आए थे। मुआवजे पर सहमति के बाद रामगढ़ पुलिस की ओर से मृतकों के शवों की इंक्वेस्ट (पंचनामा) और पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कराई जाएगी। इसके बाद अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंपे जाएंगे। लगातार बढ़ते विरोध के बीच शाम करीब पांच बजे फैक्ट्री के सीईओ प्लांट पहुंचे। मृतकों के परिजनों, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, ग्रामीणों और फैक्ट्री प्रबंधन के बीच मुआवजे समेत अन्य मांगों पर बातचीत शुरू हुई। कई दौर की बातचीत के बाद रात करीब एक बजे मुआवजे पर सहमति बनी। फैक्ट्री प्रबंधन ने प्रत्येक मृत इंजीनियर के परिजन को 31 लाख रुपये देने पर सहमति जताई। तड़के करीब तीन बजे विधायक की मौजूदगी में 30-30 लाख रुपये के चेक और अंतिम संस्कार के लिए एक-एक लाख रुपये नकद दिए गए। मुआवजे पर सहमति के बाद स्थिति सामान्य होने की दिशा में बढ़ी है। हालांकि हादसे के बाद फैक्ट्री की सुरक्षा व्यवस्था और कथित लापरवाही पर सवाल कायम है।

# मेगा जॉब फेयर में 13,394 युवाओं का चयन

## सीएम सम्राट चौधरी देंगे नियुक्ति पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना**। बिहार के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए आयोजित मेगा जॉब फेयर-2026 में चार दिनों में 13,394 युवाओं का विभिन्न कंपनियों में चयन हुआ है। युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग और बिहार कौशल विकास मिशन की पहल पर आयोजित मेले का समापन रविवार को होगा। पटना के ज्ञान भवन में 19 अगस्त से शुरू हुए मेगा जॉब फेयर के समापन समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। शनिवार को मेले के चौथे दिन 9,500 से अधिक अभ्यर्थी पहुंचे। इनमें से विभिन्न कंपनियों ने



3,727 युवाओं का चयन किया। बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज, इंश्योरेंस, रिटेल समेत अन्य क्षेत्रों की कंपनियों ने मौके पर साक्षात्कार लेकर चयन किया। मेले में बिहार के विभिन्न जिलों से युवा पहुंचे। देश के अलग-अलग हिस्सों से आई कंपनियों ने अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता और कौशल के आधार पर चयन प्रक्रिया पूरी की। युवाओं को एक ही मंच पर आवेदन, साक्षात्कार और चयन का अवसर मिला। युवा, रोजगार एवं कौशल विकास मंत्री अरुण शंकर ने कहा कि सरकार का लक्ष्य युवाओं को रोजगार के साथ बदलते बाजार की जरूरत के अनुरूप कौशल उपलब्ध कराना है। बिहार कौशल विकास मिशन के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण देकर युवाओं को रोजगार के लिए तैयार किया जा रहा है।

# विधायक अमित कुमार रानू के आवास पर छापा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर**। भूमि विवाद के मामले में सीतामढ़ी के बेलसंड से लोजपा (रामविलास) विधायक अमित कुमार रानू के मुजफ्फरपुर स्थित आवास पर रविवार सुबह पुलिस ने छापेमारी की। कोर्ट से सर्च वारंट लेने के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की।

तलाशी के दौरान विधायक के आवास से अलग-अलग पार्टनरशिप एग्रीमेंट, बैंक खातों से जुड़े कागजात, वाहनों के दस्तावेज और वर्ष 2017 के ब्लैंक स्टांप पेपर बरामद किए गए। पुलिस इन दस्तावेजों की जांच कर रही है। ब्लैंक स्टांप पेपर मिलने के मामले में भी कानूनी कार्रवाई की तैयारी है।

मुजफ्फरपुर के एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने बताया कि अहियापुर थाना क्षेत्र के उगनडीह में 20 अगस्त को जमीन की बाउंड्री तोड़े जाने की शिकायत मिली थी। मामले में अब तक 13 अलग-अलग केस दर्ज किए जा चुके हैं। पुलिस दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

पुलिस के अनुसार, जांच में विधायक के भाई सोनू सिंह की भूमिका सामने आई है। आरोप है कि सोनू सिंह कुछ युवकों के साथ मौके पर पहुंचे थे और बाउंड्री तोड़ने में शामिल थे। घटना से जुड़े वीडियो फुटेज के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है। एसएसपी ने दावा किया कि जांच के दौरान विधायक अमित कुमार रानू की कथित संलिप्तता से जुड़े साक्ष्य भी मिले हैं। पुलिस जमीन कब्जे से जुड़े कथित संगठित नेटवर्क और 'प्रोटेक्शन गैंग' के एंगल से मामले की जांच कर रही है। लोजपा (रामविलास) विधायक के भाई सोनू सिंह फिलहाल फरार बताए जा रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

# एफआइआर वापस ले सरकार, नहीं तो छात्र भर दें जेल: बाबूलाल मरांडी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग**। शुक्रवार को छात्रों के प्रदर्शन के दौरान हुई घटना को लेकर 700 लोगों पर एफआईआर दर्ज किए जाने के बाद सियासत तेज हो गई है। हजारीबाग पहुंचे नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मामले को लेकर सरकार पर निशाना साधा और छात्रों के समर्थन में आवाज उठाई। उन्होंने सरकार से छात्रों के खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग की है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी छात्रों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि सरकार को छात्रों के खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस लेनी चाहिए। यदि सरकार एफआईआर वापस नहीं लेती है तो छात्र डरें नहीं और जेल भरो आंदोलन के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि छात्रों के अधिकारों और उनकी आवाज को दबाने की कोशिश का विरोध किया जाएगा। दरअसल, शुक्रवार को हजारीबाग में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस की ओर



से लाठीचार्ज किए जाने का मामला सामने आया था। घटना के बाद कोर्रा थाना में एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस के अनुसार प्रदर्शन के दौरान छात्रों की ओर से पुलिस पर पथराव किया गया, जिसमें कई पुलिसकर्मी और अधिकारी घायल हुए। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया। हजारीबाग के एसपी अमन कुमार ने घटना को लेकर जानकारी देते हुए कहा था कि पुलिस पर पथराव के कारण कई पुलिसकर्मी और पदाधिकारी घायल हुए थे। इसी के मद्देनजर एफआईआर दर्ज की गई है। कोर्रा थाना में कुल 700 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इनमें 200 लोग नामजद हैं, जबकि 500 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। कोर्रा थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने भी एफआईआर दर्ज होने की पुष्टि की है। मामले को लेकर अब राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। जहां पुलिस कार्रवाई को कानून-व्यवस्था के लिहाज से जरूरी बता रही है, वहीं बाबूलाल मरांडी ने एफआईआर वापस लेने की मांग करते हुए छात्रों के पक्ष में आंदोलन की चेतावनी दी है।

# 23 आइएएस अफसरों का तबादला

## अशोक धाम में 10 अफसर तैनात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हजारीबाग**। शुक्रवार को छात्रों के प्रदर्शन के दौरान हुई घटना को लेकर 700 लोगों पर एफआईआर दर्ज किए जाने के बाद सियासत तेज हो गई है। हजारीबाग पहुंचे नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मामले को लेकर सरकार पर निशाना साधा और छात्रों के समर्थन में आवाज उठाई। उन्होंने सरकार से छात्रों के खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग की है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी छात्रों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि सरकार को छात्रों के खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस लेनी चाहिए। यदि सरकार एफआईआर वापस नहीं लेती है तो छात्र डरें नहीं और जेल भरो आंदोलन के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि छात्रों के अधिकारों और उनकी आवाज को दबाने की कोशिश का विरोध किया जाएगा। दरअसल, शुक्रवार को हजारीबाग





में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस की ओर से लाठीचार्ज किए जाने का मामला सामने आया था। घटना के बाद कोर्रा थाना में एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस के अनुसार प्रदर्शन के दौरान छात्रों की ओर से पुलिस पर पथराव किया गया, जिसमें कई पुलिसकर्मी और अधिकारी घायल हुए। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया। हजारीबाग के एसपी अमन कुमार ने घटना को लेकर जानकारी देते हुए कहा था कि पुलिस पर पथराव के कारण कई पुलिसकर्मी और पदाधिकारी घायल हुए थे। इसी के मद्देनजर एफआईआर दर्ज की गई है। कोर्रा थाना में कुल 700 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इनमें 200 लोग नामजद हैं, जबकि 500 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। कोर्रा थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने भी एफआईआर दर्ज होने की पुष्टि की है। मामले को लेकर अब राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। जहां पुलिस कार्रवाई को कानून-व्यवस्था के लिहाज से जरूरी बता रही है, वहीं बाबूलाल मरांडी ने एफआईआर वापस लेने की मांग करते हुए छात्रों के पक्ष में आंदोलन की चेतावनी दी है।





# हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में सांसद मनीष जायसवाल ने किया खेल क्रांति का शंखनाद

**सांसद मनीष जायसवाल लगातार दूसरी बार आयोजित करा रहे सांसद खेल महोत्सव**

**साल 2026 में करीब 50 हजार से अधिक खिलाड़ी होंगे शामिल, अकेले फुटबॉल में 25 हजार खिलाड़ियों का होगा महासमागम**

**युवाओं को खेल से जोड़ना समय की जरूरत : बाबूलाल मरांडी**




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को नई पहचान और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के उद्देश्य से एक बार फिर खेलों का महाकुंभ सजने जा रहा है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा लगातार दूसरी बार सांसद खेल महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस बार सांसद खेल महोत्सव-2026 का दायरा और व्यापक किया गया है और कई अन्य खेलों के साथ विलुप्त हो रहे पारंपरिक खेलों को भी शामिल किया जा रहा है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी 22 प्रखंडों में आयोजित होने वाले इस महोत्सव में विभिन्न खेल विधाओं को मिलाकर 50 हजार से अधिक खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इनमें अकेले फुटबॉल में करीब 25 हजार खिलाड़ी शामिल होंगे। महोत्सव का शुभारंभ आगामी 30 अगस्त 2026 को सदर विधानसभा क्षेत्र के दारू प्रखंड क्षेत्र से होगा। इस बार फुटबॉल तक सीमित रहने के बजाय खेलों का दायरा बढ़ाते हुए क्रिकेट, कबड्डी, तैराकी, निशानेबाजी, वॉलीबॉल, तीरंदाजी, मुक्केबाजी, रस्साकशी, पिट्ठू, मैराथन और ताइक्वांडो समेत 12 से अधिक खेल विधाओं को शामिल किया गया है। हजारीबाग, बड़कागांव, बरही मांडू और रामगढ़ सहित पूरे लोकसभा क्षेत्र के गांव-गांव में छिपी खेल प्रतिभाओं को इस आयोजन के माध्यम से अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलेगा। महोत्सव की तैयारियों और आयोजन की रूपरेखा को लेकर बड़कागांव रोड स्थित एंजल्स हाई स्कूल परिसर में रविवार को एक विशेष प्रेस- वार्ता आयोजित हुई। इस प्रेस- वार्ता में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। पत्रकारों को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं को खेल से जोड़कर उन्हें बेहतर भविष्य की ओर ले जाने का व्यापक अभियान है। उन्होंने कहा कि इसकी नींव वर्ष 2016 में ह्यनमो फुटबॉल टूनार्मेंटह्न के रूप में रखी गई थी। तब से लगातार ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को मंच देने और उनकी प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सदर विधायक रहते हुए शुरू हुई यह खेल यात्रा आज सांसद कार्यकाल में में पूरे लोकसभा क्षेत्र तक पहुंच चुकी है। पिछले वर्ष सांसद खेल महोत्सव को व्यापक स्वरूप दिया गया और अब इस वर्ष इसे और बड़ा रूप देते हुए 12 से अधिक खेल विधाओं को शामिल किया गया है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि गांवों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल उन्हें उचित मंच और अवसर देने की है। इस महोत्सव का उद्देश्य ऐसे ही खिलाड़ियों को सामने लाना है, ताकि वे अपनी पहचान बना सकें और आगे चलकर जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर हजारीबाग का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि आयोजन का एक महत्वपूर्ण सामाजिक उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर कर खेल के मैदान तक लाना भी है। युवा अपना समय नशे और गलत गतिविधियों में न गंवाएं, बल्कि मैदान में पसीना बहाएं और स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ें। गांव-गांव में खेल संस्कृति विकसित करना और युवाओं में अनुशासन, स्वास्थ्य तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करना इस महोत्सव की बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आयोजन को सामाजिक संगठनों, खेल प्रेमियों, कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों का व्यापक सहयोग मिल रहा है। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यफिट इंडियाह्न और ह्यखेलो इंडियाह्न के विजन से प्रेरित है। इसके बाद मीडिया को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल ने खेल महोत्सव की पूरी रूपरेखा और उद्देश्य को विस्तार से सामने रखा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सभी सांसदों से अपने-अपने लोकसभा क्षेत्रों में खेल महोत्सव आयोजित करने का आह्वान किया है। इसके पीछे उद्देश्य देश की बड़ी युवा आबादी को खेलों से जोड़ना और ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर देना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि भारत भविष्य में बड़े अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी करे और भारतीय खिलाड़ी अधिक से अधिक खेल विधाओं में देश का परचम लहराएं। इसके लिए जमीनी स्तर से प्रतिभाओं को तैयार करना बेहद जरूरी है। बाबूलाल मरांडी ने सांसद मनीष जायसवाल और आयोजन से जुड़े सभी लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए खिलाड़ियों से महोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। युवा अपने कदम खेल के मैदान की ओर बढ़ाएं और स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन का हिस्सा बनें।

### 2016 में कटकमदाग से शुरू हुई खेल यात्रा, आज पूरे क्षेत्र तक पहुंची

सांसद मनीष जायसवाल की खेल पहल की कहानी वर्ष 2016 से शुरू होती है। हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रहते हुए उन्होंने ह्यनमो खेल श्रृंखलाह्न के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को खेल से जोड़ने का अभियान शुरू किया था। प्रारंभ में कटकमदाग प्रखंड की कुछ टीमों के साथ शुरू हुआ ह्यनमो फुटबॉल टूनार्मेंटह्न धीरे-धीरे पूरे सदर विधानसभा क्षेत्र में लोकप्रिय होता चला गया। ग्रामीण क्षेत्रों की टीमों की बढ़ती भागीदारी ने इस आयोजन को एक बड़े खेल उत्सव का स्वरूप दे दिया। कोरोना संक्रमण के कारण वर्ष 2020 और 2021 में आयोजन को रोकना पड़ा, लेकिन वर्ष 2022 में नए उत्साह के साथ इसकी वापसी हुई और इचाक तथा डाड़ी प्रखंड तक इसका विस्तार किया गया। वर्ष 2023 में बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड भी इस खेल श्रृंखला से जुड़े। करीब एक दशक के इस सफर में ह्यनमो फुटबॉल टूनार्मेंटह्न ने हजारीबाग के ग्रामीण क्षेत्रों में फुटबॉल के प्रति एक अलग जुनून पैदा किया। वर्ष 2023 में फुटबॉल की सफलता के बाद नमो कैरम, नमो कबड्डी और नमो बॉक्सिंग जैसी प्रतियोगिताओं की भी शुरूआत की गई। अब वर्ष 2026 में यही खेल यात्रा एक और बड़े पड़ाव पर पहुंच गई है। फुटबॉल से आगे बढ़कर 12 से अधिक खेल विधाओं को शामिल करते हुए सांसद खेल महोत्सव को व्यापक रूप दिया गया है।

### 50 हजार खिलाड़ियों की भागीदारी बनेगी ऐतिहासिक उपलब्धि

इस वर्ष सांसद खेल महोत्सव में 50 हजार से अधिक खिलाड़ियों के शामिल होने का अनुमान है। इनमें करीब 25 हजार खिलाड़ी अकेले फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इतनी बड़ी संख्या में खिलाड़ियों की भागीदारी इस आयोजन को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सबसे बड़े खेल आयोजनों में शामिल करने जा रही है। गांवों के मैदानों से लेकर प्रखंड स्तर तक खेल प्रतिभाओं की मौजूदगी और युवाओं में दिख रहा उत्साह इस बात का संकेत है कि हजारीबाग में खेल संस्कृति तेजी से मजबूत हो रही है। सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से जहां खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा और अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलेगा, वहीं युवाओं को नशे से दूर, खेल के करीब और स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ने का संदेश भी दिया जाएगा।

**प्रेस-** वार्ता से पूर्व सोशल मीडिया सांसद- सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर मीट का भी सफल आयोजन कर सांसद मनीष जायसवाल ने सोशल मीडिया के योद्धाओं से खेल के माध्यम से समाज में युवाओं में जागृति लाने और समाज को व्यसन मुक्त बनाने की दिशा में सकारात्मक जागरूकता पहल चलाने का अपील किया । उक्त प्रेस- वार्ता में मुख्य रूप से सांसद मनीष जायसवाल के अलावे बरकट्ठा विधायक अमित यादव, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ. तिवारी महतो, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. के. पी. शर्मा, बभाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिवलाल महतो, हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बाबला, हजारीबाग जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, आजसू के भाजपा जिला अध्यक्ष परमेश्वर महतो, भाजपा जिला महामंत्री जय नारायण प्रसाद, सांसद खेल समन्वयक बंटी तिवारी, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### शहीद मुनेश्वर की शहादत को याद कर पारा शिक्षकों ने लिया संघर्ष जारी रखने का संकल्प

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** देवरी सहायक अध्यापक महासंघ की ओर से 22 अगस्त को देवरी प्रखंड के यूएचएस घोंसे परिसर में शहीद मुनेश्वर सिंह का शहादत दिवस मनाया गया। इस दौरान उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और उनके संघर्ष एवं बलिदान को याद किया गया। जिला महासचिव सुखदेव हाजरा ने कहा कि शहीद मुनेश्वर सिंह पारा शिक्षकों के संघर्ष, त्याग, समर्पण और बलिदान के प्रतीक हैं। उनकी शहादत को हर वर्ष 22 अगस्त को क्रांति दिवस के रूप में मनाया जाता है और आगे भी यह परंपरा जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि शहीद मुनेश्वर की कुबार्नी कभी बेकार नहीं जाएगी और उनके संघर्ष की विरासत को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक राज्य के सभी पारा शिक्षकों को



उनका न्याय और अधिकार नहीं मिल जाता, तब तक शहीद मुनेश्वर की याद में संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया जाता रहेगा। कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष उमेश प्रसाद राय, मनोज कुमार, उमेश कुमार, कुलदीप यादव, चौधरी राणा, कंचन कुमार चौधरी, सत सुकृतलाल, विजय कुमार चौधरी, पंकज कुमार, शंकर राम, किशुन राम, जितेंद्र कुमार पांडेय, खलील अंसारी, नरेश विश्वकर्मा, क्यूम अंसारी, विवेक टुडू समेत अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान ह्यशहीद मुनेश्वर अमर रहेंह्न के नारों के साथ उनके बलिदान को नमन किया गया और उनके सपनों के झारखंड के निर्माण के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया गया।

### आंखों को संक्रमण से बचाने के लिए स्वच्छता जरूरी, साफ सफाई पर दें विशेष ध्यान : डॉ. वैशाली भारती

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** आंखें हमारे शरीर के सबसे संवेदनशील अंगों में शामिल हैं और थोड़ी सी लापरवाही भी संक्रमण का कारण बन सकती है। इसी को लेकर ओम वैष्णवी नर्सिंग होम, बोरो की



नेत्र विशेषज्ञ डॉ. वैशाली भारती ने लोगों को आंखों की सुरक्षा और संक्रमण से बचाव को लेकर जागरूक किया है। अपने जागरूकता संदेश में डॉ. वैशाली भारती ने हाथों की स्वच्छता को आंखों के संक्रमण से बचाव का महत्वपूर्ण उपाय बताया। उन्होंने लोगों से आंखों को बार-बार गंदे हाथों से छूने या रगड़ने से बचने की सलाह दी। खासकर बच्चों में आंखों से जुड़ी समस्याओं को लेकर अभिभावकों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत बताई गई। डॉ. भारती ने बताया कि आंखों में लालिमा, जलन, पानी आना या अन्य असामान्य लक्षण दिखाई देने पर लापरवाही नहीं करनी चाहिए। समय पर चिकित्सकीय सलाह लेने से समस्या को गंभीर होने से रोका जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि नियमित रूप से हाथ साफ रखें, आंखों को अनावश्यक रूप से न छुएं और आंखों में किसी तरह की परेशानी होने पर विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लें। जागरूकता और सावधानी के जरिए आंखों को संक्रमण से काफी हद तक सुरक्षित रखा जा सकता है।

### 12 रबी-उल-अव्वल पर जामा मस्जिद कमेटी लगाएगी विशाल रक्तदान शिविर

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** 12 रबी उल अव्वल के मुबारक मौके पर जामा मस्जिद कमेटी की ओर से 26 अगस्त को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराने के साथ इंसानियत की सेवा का संदेश देना है। रक्तदान शिविर जामा मस्जिद, बड़ा चौक में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। कमेटी ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करने और इस नेक कार्य में सहभागी बनने की अपील की है। कमेटी की ओर से बताया गया कि रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं एवं शिविर में आने वाले मेहमानों के लिए दोपहर के भोजन की भी व्यवस्था रहेगी। शिविर का आयोजन जामा मस्जिद कमेटी के तत्वावधान में किया जा रहा है।

### अवतार पैलेस में धूमधाम से मना सावन उत्सव, शिव आराधना और रंगारंग प्रस्तुतियों ने बांधा समां

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** न्यू बरगंडा स्थित अवतार पैलेस में शनिवार की शाम सावन उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। देर रात तक चले कार्यक्रम की शुरूआत परिसर के प्रवेश द्वार पर स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसमें अवतार पैलेस सोसाइटी के सचिव डॉ. अशोक कुमार, अध्यक्ष रणवीर सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. अनुज कुमार समेत फ्लैट के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। त्र्सावन की भक्ति और उल्लास से सराबोर कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां हुईं। डॉ. सर्जना ने शिव आराधना पर आधारित नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। वहीं डॉ. अनुज कुमार ने भजन प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। फ्लैट के बच्चों ने शिव-पार्वती की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की। आकांक्षा, उषा तुलस्यान, सरस्वती मैम और कंचन मैम सहित अन्य प्रतिभागियों ने भी शानदार प्रस्तुतियां दीं। भजन मंडली ने देर रात तक भक्तिमय माहौल बनाए रखा।

# गिरिडीह में मोबाइल गुरु पहल को बढ़ावा, 100 शिक्षकों को प्रशिक्षण





नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** बच्चों की बुनियादी गणितीय दक्षता मजबूत करने और शिक्षा को तकनीक से जोड़ने के लिए जिले में ह्यमोबाइल गुरुह्न पहल शुरू की गई है। यूथ इंपैक्ट के सहयोग से बेंगाबाद और गांडेय प्रखंड में संचालित इस कार्यक्रम के तहत 100 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया है।इस पहल के माध्यम से शिक्षक स्कूल अवधि के बाद मोबाइल आधारित शिक्षण सामग्री से कक्षा 3 से 5 के बच्चों को गणित का अतिरिक्त अभ्यास कराएंगे। इसमें दो अंकों का जोड़, घटाव, गुणा और भाग जैसे बुनियादी गणितीय कौशल पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मोबाइल आधारित इस पद्धति से बच्चों को सरल और रुचिकर तरीके से अभ्यास कराने के साथ उनकी सीखने की गति और गणितीय समझ को बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा। उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि बच्चों की बुनियादी शिक्षा मजबूत करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। तकनीक के रचनात्मक इस्तेमाल से बच्चों को सीखने के अतिरिक्त अवसर मिल सकते हैं। उन्होंने शिक्षकों से मोबाइल आधारित संसाधनों का प्रभावी उपयोग करने और बच्चों की प्रगति पर नियमित नजर रखने की अपील की।उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम की नियमित निगरानी और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# कस्तूरबा विद्यालय में डीसी का औचक निरीक्षण छात्राओं की पढ़ाई में लापरवाही पर सख्त चेतावनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त रामनिवास यादव ने रविवार को बेंगाबाद प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित आवासीय व्यवस्था और बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराने की स्थिति का जायजा लिया। उपायुक्त ने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, कक्षाओं में पठन-पाठन, छात्राओं की उपस्थिति, पुस्तकालय, कंप्यूटर कक्ष और विज्ञान प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। साथ ही छात्रावास, भोजन, पेयजल, शौचालय और सुरक्षा व्यवस्था की भी जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों को नियमित कक्षाएं संचालित करने और निर्धारित समय पर पाठ्यक्रम पूरा कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि छात्राओं की पढ़ाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और आवश्यकताएं जानीं। छात्राओं ने भोजन, स्वच्छता, पढ़ाई और खेलकूद से जुड़ी समस्याएं साझा कीं। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मेन्यू के अनुसार पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने और रसोईघर में स्वच्छता व खाद्य सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालय में स्वच्छ पेयजल की नियमित उपलब्धता और शौचालयों की प्रतिदिन साफ-सफाई सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि छात्राओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा।

# तीन जरूरतमंद बच्चियों की सालभर की शिक्षा का सहारा बना इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए कार्मेल हिंदी मीडियम स्कूल की तीन जरूरतमंद छात्राओं की पूरे वर्ष की स्कूल फीस का भुगतान किया। क्लब के इस सहयोग से आर्थिक कठिनाइयों के कारण उनकी पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी और वे नियमित रूप से अपनी शिक्षा जारी रख सकेंगी। इस अवसर पर पीडीसी पूनम सहाय ने कहा कि एक लड़की को शिक्षित करना पूरे परिवार को शिक्षित करने के समान है। शिक्षित परिवार से समाज और शिक्षित समाज से देश सशक्त बनता है। तीनों छात्राओं की वार्षिक फीस के लिए पीडीसी पूनम सहाय, सुलोचना कुमारी एवं बरखा अग्रवाल ने सहयोग दिया। क्लब अध्यक्ष राखी झुनझुनवाला ने इस नेक कार्य में सहयोग के लिए सभी का आभार जताया। उल्लेखनीय है कि 18 अगस्त को आयोजित ह्यप्रेरणा ए सेमिनार ऑफ लीडरशिप ह्न कार्यक्रम में आईआईडब्लू वाईस प्रेसिडेंट सरिता लुनानी के स्वागत में इसी विद्यालय की आठ छात्राओं ने आकर्षक झारखंडी लोकनृत्य प्रस्तुत किया था। छात्राओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करते हुए क्लब की ओर से सभी को स्नेह-उपहार देकर सम्मानित किया गया था।विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक पाठक सर ने क्लब अध्यक्ष राखी झुनझुनवाला सहित पूरे इनर व्हील क्लब परिवार के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि क्लब के इस सहयोग से जरूरतमंद बच्चियों की पढ़ाई आर्थिक बाधा के बिना जारी रह सकेगी। मौके पर अध्यक्ष राखी झुनझुनवाला, पीडीसी पूनम सहाय, कोषाध्यक्ष रश्मि गुप्ता, दीप्ति सिन्हा एवं सुनीता बरनवाल मौजूद रहीं।

# बरनवाल महिला समिति ने धूमधाम से मनाया सावन महोत्सव



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बरनवाल महिला समिति, गिरिडीह की ओर से शनिवार को बरनवाल सेवा सदन में सावन महोत्सव पारंपरिक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति की अध्यक्षा ललिता बरनवाल, डॉ. वैशाली भारती एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने अहिरन जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत अनु भूतक द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति से हुई। इसके बाद समाज की महिलाओं ने आकर्षक नृत्य और गीत प्रस्तुत कर समारोह में रंग भर दिया। राधा-कृष्ण की मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित महिलाओं का विशेष रूप से ध्यान आकर्षित किया। सावन महोत्सव को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सभी ने एक-दूसरे को सावन की शुभकामनाएं दीं। समिति की अध्यक्षा ललिता बरनवाल ने कहा कि सावन महोत्सव का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि महिलाओं के बीच आपसी जुड़ाव बढ़ाने और अपनी संस्कृति एवं विरासत को मजबूत करना भी है। उन्होंने कहा कि सावन को केवल झूले और गीतों तक सीमित न रखते हुए इसे नारी शक्ति के उत्सव के रूप में मनाना चाहिए।महोत्सव को सफल बनाने में संरक्षक सरिता बरनवाल, सचिव सीमा बरनवाल, ज्योति बरनवाल, रेणु बरनवाल, रितु बरनवाल सहित समिति की अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# सावन महोत्सव में महिलाओं ने बिखेरी प्रतिभा

**गीत-संगीत, नृत्य और मनोरंजक प्रतियोगिताओं से सजा समारोह**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की जिला इकाई हजारीबाग की ओर से प्रधान कैफेटेरिया में सावन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। सावन की हरियाली, उमंग और उत्साह के बीच आयोजित इस समारोह में कायस्थ समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। महोत्सव के दौरान महिलाओं ने सावन के पारंपरिक गीत, नृत्य, संगीत, झूला और विभिन्न मनोरंजक प्रस्तुतियां पेश कीं। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं की आकर्षक प्रस्तुतियों ने समारोह में चार चांद लगा दिए। सावन गीतों और मनमोहक नृत्य की प्रस्तुतियों पर उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान महिलाओं में खासा उत्साह और उमंग देखने को मिला। संस्कृति और परंपरा को जीवंत रखने का प्रयास आयोजकों ने कहा कि सावन महोत्सव जैसे आयोजन समाज की महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ एक-दूसरे से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। इससे आपसी भाईचारा, सामाजिक एकजुटता और सौहार्द की भावना मजबूत होती है। साथ ही भारतीय संस्कृति और पारंपरिक त्योहारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में भी ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है।कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कायस्थ समाज के कई लोग समारोह में मौजूद रहे और सभी ने मिलकर सावन महोत्सव की खुशियां साझा कीं। इस मौके पर जिला महिला अध्यक्ष श्रीमती अर्चना सिंहा, जिला महिला महामंत्री श्रीमती रश्मि लाला, जिला महिला उपाध्यक्ष सरिता सिंहा, जिला संगठन मंत्री निक्की सिंहा, श्रीमती सुषमा सिंह जिला उपाध्यक्ष, श्रीमती सोनम प्रधान जिला उपाध्यक्ष, श्रीमती मिताली राशमी जिला महिला कोषाध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद शिवपुरी, श्रीमती अर्चना सिंह जिला महिला मंत्री, डॉ नेहा सिंह जिला महिला उपाध्यक्ष, श्रीमती राधा रानी जिला महिला उपाध्यक्ष, श्रीमती सुषमा बालाजी जिला महिला उपाध्यक्ष, श्रीमती स्मिता सिंह जिला महिला उपाध्यक्ष, श्रीमती उषा सिंह जिला महिला उपाध्यक्ष, उप समिति अध्यक्ष मतवारी श्रीमती बबीता वर्मा, सिंदूर उपसमिति से रंजीता सिन्हा, श्रीमती कुमकुम सिंह अध्यक्ष समिति, अध्यक्ष ममता सिंह मंडई उप समिति, स्मृति प्रीति बाला सिंह अध्यक्ष शिवदयाल नगर रूप समिति, श्रीमती नीलू रंजन अध्यक्ष शिवपुरी उप समिति, श्रीमती मंजू सहाय अध्यक्ष दारू उप समिति, श्रीमती नम्रता दास अध्यक्ष भदान बाजार रूप समिति, श्रीमती मनोरमा सिन्हा, अध्यक्ष कुमार टोली उप समिति सहित अन्य उपस्थित थे।

# आज तीन लाख कांवरियों के पहुंचने की संभावना

- पदाधिकारियों ने कर्मियों में कर्तव्य का भरा जोश
- अंतिम सोमवारी को नई क्यूआरटी का हुआ गठन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**देवघर।** सावन का अंतिम सोमवारी आने के साथ की मेला ढलान की ओर पहुंच गया है। अंतिम सोमवारी को लेकर एक बार फिर से प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। जिला प्रशासन इस सोमवारी को लेकर कमर कसकर पूरी तरह से तैयार है। तीसरी सोमवारी को करीब तीन लाख कांवड़ियों के बाबाधाम पहुंचने की उम्मीद है। तीसरी सोमवारी के बाद कुछ हद तक कांवड़ियों की रफ्तार कम हुई थी। ऐसे में प्रशासन ने राहत की सांस ली थी। चौथी सोमवारी के पास आते ही फिर से चहल-पहल बढ़ गयी है।

रविवार सुबह से देवघर की सीमा से सटे बिहार के इलाके में कांवड़ियों की संख्या बढ़ने लगी थी। दोपहर बाद ये संख्या बाबाधाम में नजर आने लगी। ऐसे में प्रशासन भी पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। एक बार फिर से प्रयास किया गया कि रविवार को अधिक से अधिक कांवड़ियों को बाबा का दर्शन कराया जाए। ताकि सोमवार को भीड़ को कम किया जा सके।

अंतिम सोमवारी को लेकर उपायुक्त व एसपी लगातार डयूटी पर तैनात पुलिस व प्रशासन के पदाधिकारियों व कर्मियों को निर्देश दे रहे हैं। उनमें जोश भरने का प्रयास किया जा रहा है। इसको लेकर दोनों अधिकारियों ने संयुक्त रूप से पदाधिकारियों को संबोधित किया। उसके बाद एसपी ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। सभी को एक आखरी बार पूरी ताकत झोंक देने का निर्देश दिया गया है।

अंतिम सोमवारी को एक नए क्यूआरटी का गठन किया गया है। जानकारी हो कि मेला व्यवस्था में पहले से 26 क्यूआरटी काम कर रही है। इस बार श्रावणी मेला से पहले 22 क्यूआरटी की टीम कतार व पूजा व्यवस्था को बेहतर तरीके से संचालित करने के लिए लगाया जाता था।

पहली सोमवारी को मंदिर के अंदर बा■ अरघा में कांवड़ियों की भीड़ अधिक बढ़ जाने के कारण उत्पन्न अफरातफरी को देखते हुए यहां



चार नया क्यूआरटी का गठन किया गया।

जसीडीह थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर दीपक कुमार के नेतृत्व में संचालित ये क्यूआरटी बा■ अरघा में जलार्पण की कतार को संचालित करने के लिए ही मंदिर के अंदर से कांवरियों की भीड़ को जल्द से जल्द बाहर निकालने का काम कर रही है।

तीसरी सोमवारी को महसूस किया गया कि क्यू कांपलेक्स फुटओवरब्रिज जाने के कारण कांवड़ियों की भीड़ काफी बढ़ जा रही है। यहां अव्यवस्था का माहौल कायम हो जा रहा है। ऐसे में यहां की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नए क्यूआरटी का गठन किया गया है।

पहली और खासतौर पर दूसरी व तीसरी सोमवारी की तुलना में इस बार कुछ राहत मिलने की उम्मीद है।

चौथी सोमवारी को मौसम भी कांवड़ियों की अग्नि परीक्षा लेगी। पिछले कुछ दिनों से उमस भरी गर्मी और धूप ने लोगों की हालत खराब कर दी है। बारिश भी अपेक्षाकृत कम हुई है। पहले तीन सोमवारी को मौसम ने कांवड़ियों को काफी राहत दी गयी। लेकिन इस बार अगर ऐसा ही रहा तो चौथी सोमवारी को कांवड़ियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इसको देखते हुए प्रशासन पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था की गयी।

वहीं कतार में कांवड़ियों पर जल के छिड़काव का भी इंतजाम किया गया है, ताकि उन्हें राहत पहुंचाया जा सके। सभी की उम्मीद है की अंतिम सोमवारी बाबा भोले की कृपा से अच्छे से पार लग जाएगा।

# औचक निरीक्षण में गायब मिले डीएस

- उपायुक्त ने साफ-सफाई बेड का लिया जायजा
- अस्पताल प्रबंधन में पूरे दिन मची रही हलचल
- विभिन्न घाटों का भी लिया जायजा, दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**साहिबगंज।** सदर अस्पताल में उस समय हड़कंप मच गया, जब साहिबगंज के उपायुक्त दीपक कुमार दुबे अचानक निरीक्षण के लिए पहुंच गए। उपायुक्त के औचक निरीक्षण में अस्पताल के डीएस डा. देवेश कुमार ड्यूटी आवर में अनुपस्थित मिले। डीएस की गैरहाजिरी को उपायुक्त ने गंभीरता से लिया है।

उपायुक्त को पहले से ही डीएस के नियमित रूप से ड्यूटी से अनुपस्थित रहने की शिकायतें मिल रही थीं। यह भी बताया जा रहा है कि सप्ताह में एक दिन मंगलवार को निर्धारित ओपीडी में भी उनकी उपस्थिति को लेकर सवाल उठते रहे हैं।

इसी बीच शनिवार को डीसी के सदर अस्पताल पहुंचने की सूचना मिलने पर डीएस को किसी शुभचिंतक ने इसकी जानकारी दी। इसके बाद वे अपने निजी क्लिनिक सह आवास से आनन-फानन में अस्पताल पहुंचे और उपायुक्त के निरीक्षण के दौरान शामिल हुए।

औचक निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का जायजा लिया और भर्ती मरीजों से सीधे बातचीत कर स्वास्थ्य सुविधाओं की हकीकत जानी। उन्होंने एक-एक मरीज से पूछा कि चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी कितनी नियमितता से उनकी जांच करने पहुंचते हैं।

साथ ही समय पर दवा और उपचार मिलने तथा चिकित्सकों के नियमित रूप से वार्ड में पहुंचकर मरीजों की जांच करने की जानकारी भी ली।

उपायुक्त ने अस्पताल की साफ-सफाई और मरीजों के बेड की व्यवस्था का भी जायजा लिया। डीसी के इस औचक निरीक्षण से अस्पताल प्रबंधन और स्वास्थ्य कर्मियों में पूरे दिन हलचल बनी रही।

गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर एवं संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए उपायुक्त दीपक कुमार दुबे ने शनिवार को विभिन्न गंगा घाटों का औचक निरीक्षण कर जमीनी स्तर पर बाढ़ पूर्व तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने ठाकुरबाड़ी घाट, पुरानी साहिबगंज एवं शकुंतला सहाय घाट सहित विभिन्न घाटों का भ्रमण किया। उन्होंने घाटों पर जलस्तर की स्थिति, आवागमन, सुरक्षा व्यवस्था तथा संभावित बाढ़ की स्थिति में आमजनों की सुरक्षा एवं राहत-बचाव कार्यों की तैयारियों की समीक्षा की।

उपायुक्त ने मौके पर उपस्थित संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि गंगा के जलस्तर एवं संभावित बाढ़ की स्थिति पर लगातार निगरानी बनाए रखें तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक संसाधनों एवं व्यवस्थाओं को पूरी तरह तैयार रखें।

उन्होंने अपर समाहर्ता एवं अंचलाधिकारी सदर को तत्काल साहिबगंज नगर क्षेत्र अंतर्गत प्रभावित लोगों हेतु विभिन्न परिसर, वाटरप्रूफ टेंट पेयजल एवं खाने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया साथ ही प्रभावित मवेशियों हेतु चारे का प्रबंध करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया एवं प्रभावी प्रबंधन के लिए पूर्व तैयारी ही सबसे महत्वपूर्ण है। किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतते हुए सभी संबंधित पदाधिकारी अपने-अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन सुनि■त करें।

# भाजपा छात्रों को उकसा रही : मिथिलेश ठाकुर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** छात्र आंदोलन और पुतला दहन के दौरान हुए विवाद को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने अपना पक्ष रखा है। शनिवार को पार्टी कार्यालय में झामुमो के वरिष्ठ नेता सह पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर और विधायक अनंत प्रताप देव ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि छात्रों का आंदोलन 26 दिनों तक चला और इस दौरान झामुमो ने आंदोलन को पूरा नैतिक समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के बाद से ही नियुक्तियों में अनियमितता के आरोप लगते रहे हैं। जेपीएससी की शुरूआती परीक्षाओं में भी अनियमितताओं को लेकर जांच और सीबीआई जांच की अनुशंसा हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासनकाल में भी जेपीएससी में नियुक्ति घोटाले हुए हैं। मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि इस बार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने छात्रों की मांगों को प्राथमिकता देते हुए सीआईडी जांच की अनुशंसा की और टीडीपीएल द्वारा आयोजित परीक्षाओं को रद्द करने का निर्णय लिया। लेकिन भाजपा को सरकार का यह कदम रास नहीं आया और उसने छात्रों के आंदोलन की आड़ में राजनीति शुरू कर दी।

उन्होंने आरोप लगाया कि आंदोलन समाप्त होने के बाद भाजपा नेताओं ने छात्रों को उकसाने का काम किया। हाईकोर्ट में सरकार की ओर से वकील नहीं भेजे जाने की बात कहकर छात्रों के बीच भ्रम फैलाया गया, जबकि सरकार की ओर से कई वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने अदालत में अपना पक्ष रखा था।

## महिला प्रशिक्षु कांस्टेबल की संदिग्ध मौत

**जमालपुर(मुंगेर)।** बिहार विशेष सशस्त्र पुलि -9 जमालपुर में बेसिक ट्रेनिंग कर रही एक महिला प्रशिक्षु कांस्टेबल की रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान प■मी चंपारण (बेतिया) जिले के पहाड़पुर थाना क्षेत्र स्थित चंपारण गांव निवासी लगभग 24 वर्षीय अवंतिका सिंधु के रूप में हुई है। वह पटना पुलिस लाइन से 216 दिनों की बेसिक ट्रेनिंग के लिए 16 अगस्त की रात बीएमपी-9 जमालपुर पहुंची थी और 17 अगस्त से प्रशिक्षण शुरू किया था।रविवार सुबह सभी प्रशिक्षु जवान मैदान में शारीरिक प्रशिक्षण में शामिल थे। इस दौरान अवंतिका मैदान में नहीं दिखी। प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद जब साथी महिला जवान बैरक लौटीं तो बाथरूम में वह अचेत अवस्था में गिरी मिलीं। उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जमालपुर लाया गया, जहां चिकित्सा प्रभारी डॉ. अशोक कुमार पासवान ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि महिला जवान के गले पर फंदे जैसा निशान दिखाई दे रहा है, लेकिन मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा।

# श्रावणी मेला को लेकर डॉग स्क्वायड के साथ स्टेशन पर सघन जांच

**कांवरियों व रेल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर रेल पुलिस अलर्ट**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमालपुर (मुंगेर)।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के अंतिम सोमवार को लेकर कांवरियों एवं रेल यात्रियों की बढ़ती भीड़ के मद्देनजर रेल पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी है। इसी क्रम में जमालपुर स्टेशन परिसर में रेल पुलिस की टीम ने स्नाइपर डॉग के साथ सघन सर्च अभियान चलाया। अभियान का उद्देश्य स्टेशन परिसर में किसी भी संदिग्ध गतिविधि, वस्तु अथवा सामान की समय रहते पहचान कर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना रहा।सर्च अभियान का नेतृत्व रेल थाना अध्यक्ष स्वराज कुमार ने किया।


उनके निर्देशन में एसआई मुन्ना कुमार, एएसआई अमरेश कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल प्रतिभा कुमारी के साथ कांस्टेबल सत्यम कुमार, अलीशा कुमारी, सोनू कुमार एवं कल्पना कुमारी सहित रेल पुलिस की टीम ने स्टेशन के विभिन्न हिस्सों की बारीकी से जांच की।डॉग स्क्वायड की मदद से प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, प्रवेश एवं निकास द्वार, यात्री परिसर, पार्किंग क्षेत्र तथा अन्य संवेदनशील स्थानों पर सघन तलाशी ली गई। इस दौरान यात्रियों के सामान और स्टेशन परिसर में पड़े लावारिस सामान पर भी विशेष नजर रखी गई।श्रावणी मेला के अंतिम सोमवार को बाबा धाम



जाने और लौटने वाले कांवरियों के साथ बड़ी संख्या में रेल यात्रियों के जमालपुर स्टेशन पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए रेल पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए निगरानी बढ़ा दी है। अधिकारियों ने यात्रियों से भी अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या लावारिस वस्तु की सूचना तत्काल रेल पुलिस को दें और अफवाहों से बचें।रेल पुलिस की सक्रियता से स्टेशन परिसर में सुरक्षा का माहौल और मजबूत हुआ है। मेला अवधि में यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनि■त करने के लिए पुलिस टीम लगातार निगरानी और जांच अभियान जारी रखेगी।

# 30 अगस्त तक चार ट्रेनें रद्द

**चल रहा रोलिंग ब्लॉक का कार्य**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** रेलवे से जुड़ी बड़ी खहर सामने आई है। आद्रा रेल मंडल में 24 से 30 अगस्त तक रोलिंग ब्लॉक कार्यक्रम को लेकर दक्षिण पूर्व रेलवे ने 04 ट्रेनों का परिचालन विभिन्न तिथियों में रद करने की घोषणा कर दी है।

इसके अलावा रेलवे ने 06 ट्रेनों को उनके गंतव्य से पहले ही शॉर्ट टर्मिनेशन और शॉर्ट ओरिजिनेशन कर चलाएगी। रेल प्रशासन ने यात्रियों अनुरोध किया है कि अपनी यात्रा से पहले ट्रेनों की स्थिति की जानकारी वेबसाइट ऐप या 139 हेल्पलाइन से अवश्य प्राप्त कर लें। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने यात्रियों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए एवं अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से चक्रधरपुर रेल मंडल से गुजरने वाली चार एक्सप्रेस ट्रेनों में अतिरिक्त थर्ड एसी कोच और स्लीपर कोच लगा कर चलाने की घोषणा कर दी है।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार, 23 से 29 अगस्त तक ट्रेन नंबर 18030 शालीमार - एलटीटी मुंबई कुर्ला एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त थर्ड एसी कोच लग कर चलेगी। वहीं 24 से 30 अगस्त तक ट्रेन नंबर 18029 एलटीटी मुंबई-शालीमार कुर्ला एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त थर्ड एसी कोच लगेगी।

वही 27 अगस्त को ट्रेन नंबर 18641 हटिया - दुर्ग एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगेगी। वहीं 28 अगस्त को ट्रेन नंबर 19642 दुर्ग - हटिया एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगेगी। इस अतिरिक्त कोचों की सुविधा से यात्रा अधिक सुविधाजनक होगी।

# महंगाई के खिलाफ महागठबंधन का हल्लाबोल

**जमालपुर में फूंका महंगाई रूपी रावण का पुतला**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमालपुर(मुंगेर)।** चीनी खाद्य तेल,प्याज समेत रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के विरोध में महागठबंधन की ओर से जमालपुर में जनआंदोलन किया गया। जुवली वेल चौक पर इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार तांती के नेतृत्व में महंगाई रूपी रावण का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया गया।

इस दौरान नेताओं और कार्यकताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए महंगाई पर तत्काल प्रभावी नियंत्रण की मांग की।नरेंद्र कुमार तांती ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम आदमी की रसोई का बजट बिगड़ गया है। चीनी, खाद्य तेल और प्याज जैसी आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में राहत देना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्ती से रोक लगाकर आम लोगों को राहत पहुंचाई जानी चाहिए।कार्यक्रम में इंडियन इंक्लूसिव पार्टी (आईआईपी) के प्रधान महासचिव अजय यादव के अलावा कुंदन तांती, बृजमोहन तांती, जनार्दन, लक्ष्मण चौरसिया, सुरेंद्र लाल, बबलू सर, अमित रंजन, बि■ू जी, कमलेश्वरी तांती एवं तारिणी तांती मौजूद रहे।

वहीं राजद के वरीय नेता मंटू यादव, रेखा देवी, निरंजन यादव, कृष्ण देव चौरसिया, पिंटू सिंह, सुनील कुमार, दीप नारायण ठाकुर एवं प्रतिमा चौरसिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।कार्यकताओं ने चीनी-तेल-प्याज के बढ़ते दाम, जनता मांगे महंगाई पर लगाम■ जैसे नारे लगाए। महागठबंधन नेताओं ने कहा कि महंगाई के खिलाफ लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से जनआंदोलन को और मजबूत किया जाएगा।

## वन विभाग की टीम पर हमला

**मुंगेर।** धरहरा थाना क्षेत्र में अवैध जंगली लकड़ी की तस्करी रोकने पहुंची वन विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। भीड़ ने वनकर्मियों के साथ हाथापाई करते हुए लकड़ी लदे ट्रैक्टर को छुड़ा लिया और लेकर फरार हो गए। वन विभाग ने मौके से एक मोटर साइकिल जब्त की है। मामले में चार नामजद समेत 25 अज्ञात ग्रामीणों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार, वन विभाग को सूचना मिली थी कि बरमसिया की ओर से ट्रैक्टर पर अवैध रूप से जंगली लकड़ी लाई जा रही है। सूचना के बाद फॉरेस्टर अनुभव कुमार के नेतृत्व में वनकर्मियों की टीम कार्रवाई के लिए रवाना हुई। दोपहर करीब 3:30 बजे बसंती मोड़ और बरमसिया के बीच डकरा नल के समीप टीम ने ट्रैक्टर को रोकने का प्रयास किया। बताया गया कि फॉरेस्टर ने पीछा कर ट्रैक्टर को रोक लिया। इसी दौरान वहां मौजूद कुछ ग्रामीण और महिलाएं हंगामा करने लगीं। देखते ही देखते भीड़ ने वनकर्मियों को घेर लिया और फॉरेस्टर के साथ हाथापाई शुरू कर दी। इसी अफरातफरी का फायदा उठाकर ग्रामीणों ने लकड़ी लदे ट्रैक्टर को छुड़ा लिया और लेकर भाग निकले।

# जसीडीह-पीरपैंती रेल कॉरिडोर को मिली रफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा।** जसीडीह-पीरपैंती रेल कॉरिडोर को रफ्तार देने का कार्य जारी है। इस परियोजना के तहत जसीडीह-गोड्डा-महागामा के बीच नई ब्रॉडगेज रेल लाइन का निर्माण होगा। भू-अर्जन का काम अंतिम चरण में है। परियोजना के तहत कुल 391.9 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण किया जाना है।

69 मौजों की 168.89 हेक्टेयर अधिग्रहित भूमि पर एजेंसी ने काम शुरू कर दिया है। अब तक 244.45 करोड़ रुपये का मुआवजा भुगतान रैयतों को किया जा चुका है। महागामा-मेहरमा क्षेत्र के 29 मौजों में से 28 मौजों के रैयतों का मुआवजा भुगतान अभी किया जा रहा है। जसीडीह से गोड्डा और महागामा होते हुए पीरपैंती तक लगभग 100 किमी लंबी नई ब्रॉडगेज रेल लाइन परियोजना पर काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। पहले चरण में गोड्डा से महागामा (करीब 27.5 से 28 किमी) के बीच पटरी बिछाने का कार्य शुरू हो चुका है, जिस पर 531 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

पहला चरण गोड्डा से महागामा खंड (लगभग 27.5 किमी), जिस पर निर्माण और मि■ भराई का कार्य जारी है। इस रूट पर नेपुरा, पथरगामा व महागामा स्टेशन बनाए जाएंगे।

इससे संताल परगना क्षेत्र सीधे मुख्य रेल नेटवर्क से जुड़ेगा। व्यापार व आवागमन सुगम होगा। इसके साथ ही भागलपुर, साहिबगंज और जसीडीह के बीच आवागमन में आसानी होगी। साथ ही व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। गोड्डा जिले के पथरगामा, महागामा, मेहरमा आदि प्रखंड के लोग दशकों से रेल कनेक्टिविटी का इंतजार कर रहे थे, अब वह सपना हकीकत में बदलता दिख रहा है। आने वाले कुछ सालों में यह परियोजना पूरे इलाके की दिशा और दशा दोनों बदल सकती है।



जिला सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने रेल परियोजना के भू-अर्जन कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को समय पर रैयतों को मुआवजा भुगतान का निर्देश दिया है।समीक्षा के दौरान भू-अर्जन की प्रगति, भूमि का हस्तांतरण, मुआवजा भुगतान, रैयतों से संबंधित लंबित मामले, सरकारी भूमि, संरचना एवं पेड़-पौधों के मुआवजे तथा विभिन्न विभागों से प्राप्त होने वाले अनापत्ति प्रमाण-पत्र एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई।

भू-अर्जन के लिए अब तक लगभग 245.07 करोड़ की राशि में से 244.45 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। 61.64 लाख की राशि का भुगतान होना है। उपायुक्त ने लंबित राशि के भुगतान से जुड़े मामलों की नियमानुसार जांच करते हुए शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया।

# रंगों में सजी बच्चों की कल्पनाओं की उड़ान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमालपुर (मुंगेर)।** केन्द्रीय संस्थान जमालपुर कारखाना में रविवार को मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद वर्णवाल के दिशा निर्देशन में बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से ड्रॉइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कारखाना के सदस्यों के करीब 60 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से कागज पर जीवंत किया। प्रतियोगिता का संचालन एवं परीक्षा नियंत्रण केन्द्रीय संस्थान के उपाध्यक्ष सह डिप्टी क्रेन अभिनय कुमार तथा उपाध्यक्ष सह एई संतोष कुमार की देखरेख में किया गया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। विभिन्न विषयों पर बच्चों ने आकर्षक चित्र बनाकर अपनी कला प्रतिभा, कल्पनाशीलता और सृजनात्मक सोच का प्रदर्शन किया।

आयोजन को सफल बनाने में केन्द्रीय संस्थान के सचिव के.के.भार्गव तथा जीएमसी कमिटी के कल्चरल सचिव मुकेश कुमार एवं अमित रंजन की अगुवाई में आयोजन समिति के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं प्रवीण कुमार, मनोज कुमार एवं सुशील कुमार सिंह ने प्रतियोगिता की व्यवस्थाओं को संभालने में सक्रिय सहयोग किया।प्रतियोगिता के सफल संचालन में सहयोगी एसएसई के रूप में परिमल कुमार, सतीश कुमार, राणा प्रताप सिंह, उत्तम कुमार, अभिषेक कुमार, नीरज कुमार, शेखर कुमार एवं निर्भय कुमार सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। आयोजकों ने कहा कि बच्चों के बीच इस तरह की रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन उनकी प्रतिभा को पहचान देने के साथ-साथ आत्मविश्वास, कल्पनाशीलता और कला के प्रति रुचि को बढ़ावा देता है। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने पूरे आयोजन को जीवंत बना दिया।

## थार की चपेट में आने से बच्ची की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल।** थाना क्षेत्र के कोनी कुटी गांव के समीप एनएच-139 पर तेज रफ्तार थार की चपेट में आने से नौ वर्षीय बच्ची की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतका की पहचान कोनी कुटी निवासी धनंजय राम उर्फ चवन्नी की नौ वर्षीय पुत्री रागिनी कुमारी के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, थार मेहंदिया की ओर से तेज रफ्तार में औरंगाबाद की तरफ जा रही थी। इसी दौरान सड़क किनारे खड़ी रागिनी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बच्ची ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और थार सड़क किनारे स्थित एक गुमटी में जा घुसी, जिससे गुमटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद चालक थार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने चालक की गिरफ्तारी तथा मुआवजे की मांग को लेकर एनएच-139 को जाम कर दिया। सड़क जाम होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

# शहीद रामफल मंडल को मिले शहीद का दर्जा

**पाठ्यक्रम में शामिल हो जीवनी : नचिकेता मंडल**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

जमालपुर(मुंगेर)। दलह■ दुर्गा स्थान जमालपुर के प्रांगण में अति पिछड़ा सेना की ओर से बिहार की माटी के सपूत अमर शहीद रामफल मंडल का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अति पिछड़ा सेना के संयोजक एवं जदयू जमालपुर प्रखंड अध्यक्ष मुनीलाल मंडल ने किया। मुख्य अतिथि जमालपुर विधायक नचिकेता मंडल एवं जदयू जिलाध्यक्ष सौरभ निधि रहे। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद रामफल मंडल के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने से हुई।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि मात्र 19 वर्ष की उम्र में देश की आजादी के लिए प्राण न्योछावर करने वाले रामफल मंडल के योगदान को इतिहास में उचित स्थान मिलना चाहिए। वक्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार से उन्हें शहीद का दर्जा देने, उनके जीवन पर शोध संस्थान स्थापित करने तथा जीवनी को विद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग की।अध्यक्ष मुनीलाल मंडल ने मुंगेर जिला मुख्यालय में शहीद रामफल मंडल एवं पूर्व सांसद ब्र■ानंद मंडल की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि ब्र■ानंद मंडल के नाम पर बड़े भवनों तथा मुंगेर विश्वविद्यालय या मेडिकल कॉलेज का नामकरण किया जाना चाहिए। विधायक नचिकेता मंडल ने कहा कि सांसद रामप्रीत मंडल के प्रयास से केंद्र सरकार द्वारा शहीद रामफल मंडल पर डाक टिकट जारी किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों से किए जा रहे प्रयासों को पहली बार सरकारी मान्यता मिलने जा रही है। रामफल मंडल पिछड़ा-अति पिछड़ा समाज के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान के प्रतीक हैं। उनके जीवन पर शोध कर विद्यालयी पाठ्यक्रम में शामिल कराना अगला लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने मुंगेर विश्वविद्यालय के आसपास शहीद रामफल मंडल छात्रावास एवं आधुनिक लाइब्रेरी बनाने की दिशा में भी पहल की बात कही। कार्यक्रम में अति पिछड़ा समाज के लिए लोकसभा-विधानसभा में आबादी के अनुरूप आरक्षण, राजनीतिक दलों में एक तिहाई टिकट, न्यायिक एवं निजी क्षेत्र में आरक्षण, रोहिणी आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक करने, नगर निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं में आरक्षण सीमा बढ़ाने तथा बेरोजगार युवाओं को बिना गारंटी ऋण देने समेत कई मांगें रखी गईं। मौके पर गोपाल कृष्ण,हरे राम,रामजीवन मंडल, रामानंद सिंह, विनय कुमार सिंह, मिथिलेश मंडल, संजय कुमार, शिवशंकर मंडल, सोहन मंडल, नीरज मंडल, विनय कुमार पटेल, पंकज कुमार, प्रमोद कुमार, नंदकिशोर मंडल, अशोक कुमार मंडल, राजेंद्र कुमार सिंह, मनोज कुमार, आनंदी मंडल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।




CMYK

# बिहार के चहुंमुखी विकास को सरकार कृतसंकल्प : श्रवण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नगर निगम के वार्ड संख्या 49 स्थित राणाबिगहा में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत नवनिर्मित प्रेम पुस्तकालय के दोहरीकरण कार्य का उद्घाटन रविवार को क्षेत्रीय विधायक सह बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार और सांसद कौशलेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार के चहुंमुखी विकास के लिए सरकार पूरी तरह कृतसंकल्पित है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में विकास और सुशासन की मजबूत नींव रखी गई। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों और महापुरुषों ने जिस विकसित बिहार का सपना देखा था, उसे साकार करने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। आज बिहारी कहलाना गौरव और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि सड़क, सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक विकास के क्षेत्र में किए गए कार्यों से बिहार को नई पहचान मिली है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार ने उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर दिए हैं। एक महिला के सशक्त होने से परिवार और परिवारों के सशक्त होने से पूरा बिहार आगे बढ़ रहा है। मंत्री ने कहा कि निशांत कुमार भी जनसेवक के रूप में निरंतर बिहारवासियों की सेवा कर रहे हैं तथा स्वास्थ्य विभाग को जवाबदेह बनाने की दिशा में उनके कार्यों की सराहना हो रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सरकार विकास के मॉडल को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष धनंजय प्रसाद कुशवाहा, जिला प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, संजय कुशवाहा, मुन्ना मांझी, रामजन्म रविदास, इंदू चौहान, संजय राम, उजाला प्रसाद, गुलशन कुशवाहा, मुन्ना पासवान, शिवचरण कुशवाहा समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नीतीश कुमार ने सिरसी गांव पहुंच ललन प्रसाद सिंह को दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार शनिवार की देर शाम जिले के हरनौत प्रखंड क्षेत्र के सिरसी गांव पहुंचे। उन्होंने दिवंगत अनिल कुमार सिंह उर्फ ललन प्रसाद सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की।नीतीश कुमार के आगमन को लेकर गांव में स्थानीय लोगों और जदयू कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। उनकी एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण कार्यक्रम स्थल के आसपास जुटे रहे। पूर्व मुख्यमंत्री करीब पांच से दस मिनट तक गांव में रुके। इसके बाद सड़क मार्ग से पटना के लिए रवाना हो गए। जदयू जिला उपाध्यक्ष सह विधायक पुत्र अनिल कुमार ने बताया कि दिवंगत अनिल कुमार सिंह जदयू से जुड़े नेता होने के साथ-साथ डाक विभाग में पोस्टमास्टर के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। करीब 71 वर्ष की आयु में उनका निधन हुआ था। नीतीश कुमार ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। मौके पर सांसद कौशलेंद्र कुमार, विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता



ललन सर्राफ, मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी, जदयू जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह, प्रखंड अध्यक्ष रविकांत कुमार, जदयू नेता कक्कू सिंह, रौशन कुमार, बंटी कुमार, सत्येंद्र पासवान समेत कई कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। पूर्व मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। एसडीओ कृष्लय श्रीवास्तव, डीएसपी सहित विभिन्न थानों के पुलिस पदाधिकारी और जवानों की तैनाती की गई थी।

## एक नजर

### एससी-एसटी कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी का विस्तार



**बिहारशरीफ**। अनुसूचित जाति-जनजाति कर्मचारी संघ, नालंदा की बैठक रविवार को बिहारशरीफ के सुंदरगढ़ मोहल्ले में आयोजित की गई। बैठक अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन), नालंदा रंजन कुमार चौधरी के निर्देश पर आहूत की गई। इसकी अध्यक्षता पूर्व प्रधानाध्यापक एवं संगठन के वरीय सदस्य रमेश पासवान ने की। बैठक में संगठन को अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से संघ की कार्यकारिणी का विस्तार करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। विस्तारित कार्यकारिणी में राजीव कुमार के साथ भूपेंद्र कुमार, अरविंद रजक, ओम कुमार पासवान, संतोष कुमार, अमित कुमार, रमेश पासवान, भोला पासवान, कमलेश कुमार, शिवालक पासवान, शिवधर पासवान एवं इंद्रजीत पासवान को शामिल किया गया। बैठक में संगठन को सुदृढ़ और सक्रिय बनाने के साथ कर्मचारियों के हितों से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी ढंग से कार्य करने पर जोर दिया गया। साथ ही सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर भी संगठन की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा हुई। मौके पर उपस्थित सदस्यों ने संगठन की एकजुटता बनाए रखने तथा कर्मचारियों एवं समाज से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### तेलमर थाना में चौकीदार व गुंडा परेड, अपराधियों को सख्त हिदायत



**हरनौत**। तेलमर थाना परिसर में रविवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चौकीदार परेड एवं गुंडा परेड का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखना और आगामी पर्व-त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना था।थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि गुंडा पंजी में दर्ज एवं आपराधिक प्रवृत्ति वाले लोगों को थाना बुलाकर उनकी उपस्थिति दर्ज की गई। उनके वर्तमान गतिविधियों और आचरण की जानकारी लेते हुए किसी भी आपराधिक या अवैध गतिविधि से दूर रहने की सख्त हिदायत दी गई। कानून का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। वहीं, विभिन्न गांवों से पहुंचे चौकीदारों को अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। संदिग्ध गतिविधि, अपराध या असामाजिक तत्वों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने को कहा गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सतर्क है। पर्व-त्योहार के दौरान अशांति फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### परवलपुर थाना परिसर में चौकीदारों की परेड

**बिहारशरीफ**। परवलपुर थाना परिसर में रविवार को चैकीदारों का परेड कराया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने चैकीदारों की ड्यूटी एवं कार्यों की समीक्षा की और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।थानाध्यक्ष ने सभी चैकीदारों को अपने-अपने क्षेत्र में पूरी तरह सजग रहने, संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने तथा किसी भी महत्वपूर्ण सूचना की तत्काल थाना को जानकारी देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चैकीदार पुलिस और आम लोगों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हैं। ऐसे में उन्हें अपने कर्तव्यों का इमानदारी और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करना चाहिए। परेड के दौरान चौकीदारों को सुरक्षा व्यवस्था, क्षेत्र में निगरानी और ड्यूटी से जुड़े कई जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए गए। थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि या घटना की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को अवगत कराएं, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

# राजस्व गांवों में सरकारी सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नगरनौसा**। नगरनौसा प्रखंड कार्यालय के सभागार में रविवार को जिला जनगणना हैंडबुक (डीसीएचबी) के तहत राजस्व गांवों में उपलब्ध सरकारी सुविधाओं एवं गांवों की विशेषताओं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीसीएचबी के उप निदेशक हेमंत कुमार ने की। बैठक में उप निदेशक हेमंत कुमार ने क्षेत्रीय कर्मियों से राजस्व गांवों में उपलब्ध सरकारी सुविधाओं से संबंधित अब तक किए गए कार्यों की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक राजस्व गांव में सरकारी





विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र, नली-गली, सड़क, बिजली, शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की। इसके साथ ही राजस्व गांवों की प्रमुख विशेषताओं, वहां उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं एवं सरकारी सुविधाओं से संबंधित आंकड़ों को सही एवं अद्यतन रूप से दर्ज करने पर विशेष जोर दिया गया। उप निदेशक ने क्षेत्रीय कर्मियों को निर्देश दिया कि डीसीएचबी के तहत तैयार किए जा रहे आंकड़ों में किसी प्रकार की त्रुटि न हो और प्रत्येक राजस्व गांव की वास्तविक स्थिति स्पष्ट रूप से दर्ज की जाए। बैठक में बीडीओ ओमप्रकाश कुमार, जेएसएस अखिलेश कुमार राय सहित क्षेत्रीय कर्मी शैलेंद्र कुमार शरण, विक्की कुमार शर्मा, शुभम सौरभ, सुनील कुमार एवं नंदकिशोर प्रसाद मौजूद रहे।

# फर्जी जमीन कारोबार का गढ़ बना राजगीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**राजगीर**। पर्यटन नगरी राजगीर में जमीन की खरीद-बिक्री के नाम पर कथित फर्जीवाड़े का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। दस्तावेजों में हेराफेरी, विवादित अथवा फर्जी कागजात के आधार पर जमीन बेचने और लाखों-करोड़ों रुपये की ठगी के आरोपों से जुड़े कई मामले वर्षों से पुलिस की फाइलों में लंबित बताए जा रहे हैं। पीड़ित न्याय की आस में थाने, कोर्ट और अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं, जबकि आरोपितों के खुलेआम घूमने से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।स्थानीय लोगों और पीड़ितों का आरोप है कि राजगीर में जमीन कारोबार से जुड़ा एक ऐसा नेटवर्क सक्रिय है, जिसमें जमीन ब्रोकरों से लेकर राजस्वकर्मियों और प्रभावशाली लोगों तक की कथित भूमिका की चर्चा होती रही है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। समय-समय पर कुछ मामलों में कार्रवाई भी हुई, लेकिन लोगों का कहना है कि पूरे नेटवर्क की तह तक पहुंचने वाली प्रभावी कार्रवाई अब तक नहीं हो सकी है। लेनिन नगर निवासी संजय प्रसाद पर जमीन बिक्री में फर्जीवाड़ा और धोखाधड़ी से जुड़े कई मामले दर्ज होने की बात सामने आई है। आरोप है कि इन मामलों में अनुसंधान और कार्रवाई की प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो सकी है। पीड़ितों का कहना है कि पुलिस अधीक्षक की मासिक अपराध समीक्षा बैठक और थाना निरीक्षण के दौरान लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया जाता रहा है। इसके बावजूद जमीन से जुड़े कई मामले लंबे समय से लंबित है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर इन मामलों की जांच में देरी की वजह क्या है और लंबित कांडों के निष्पादन की नियमित समीक्षा के बावजूद कार्रवाई क्यों नहीं हो पा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जमीन फर्जीवाड़े के मामलों में यदि नामजद आरोपित लंबे समय तक खुलेआम घूमते रहें और जांच आगे नहीं बढ़े, तो पीड़ितों के बीच पुलिस की निष्पक्षता को लेकर संदेह पैदा होना स्वाभाविक है।

# लंबित कांडों के अनुसंधान में तेजी लाने का निर्देश, थानों में समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिले में लंबित आपराधिक कांडों के त्वरित अनुसंधान और मामलों के शीघ्र निष्पादन को लेकर नालंदा पुलिस ने रविवार को विशेष अभियान के तहत सभी थानों में समीक्षा बैठक आयोजित की। पुलिस अधीक्षक हृदयकांत के निर्देश पर जिले के सभी थानों में वरीय पुलिस पदाधिकारियों की मौजूदगी में अनुसंधानकर्ताओं के साथ बैठक हुई। इस दौरान लंबित कांडों की स्थिति, अनुसंधान की प्रगति और अब तक जुटाए गए साक्ष्यों की बारीकी से समीक्षा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य लंबित मामलों के अनुसंधान में आ रही बाधाओं को दूर करते हुए उन्हें तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाना रहा। वरीय पुलिस पदाधिकारियों ने अनुसंधानकर्ताओं से एक-एक कर लंबित कांडों की जानकारी ली तथा संबंधित मामलों में अब तक की गई कार्रवाई की समीक्षा की। अधिकारियों ने अनुसंधान में अनावश्यक विलंब को गंभीरता से लेते हुए साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।समीक्षा के दौरान अनुसंधानकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि लंबित कांडों में उपलब्ध साक्ष्यों का वैज्ञानिक एवं निष्पक्ष तरीके से विश्लेषण करते हुए अनुसंधान को जल्द पूरा किया जाए। जिन मामलों में पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध हैं, उनमें बिना अनावश्यक विलंब के आरोप-पत्र समर्पित करने को कहा गया। वहीं, जिन मामलों में अनुसंधान के लिए अतिरिक्त साक्ष्य या अन्य आवश्यक कार्रवाई की जरूरत है, उन्हें भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्देश दिया गया।वरीय पुलिस अधिकारियों ने अनुसंधानकर्ताओं को यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक कांड की प्रगति पर लगातार नजर रखी जाए और लंबित मामलों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। पुलिस की कार्रवाई में साक्ष्य की गुणवत्ता और अनुसंधान की निष्पक्षता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया।

## नवादा

# पासी समाज की एकजुटता और संगठन विस्तार पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नवादा शहर के भोजपुरी पैलेस में रविवार को अखिल भारतीय पासी समाज, नवादा जिला इकाई की समीक्षा बैठक हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रमोद चौधरी ने की, जबकि मंच संचालन परमेश्वर चौधरी ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती, समाज की वर्तमान स्थिति और भविष्य की रणनीति पर चर्चा हुई। बिहार प्रदेश अध्यक्ष जगदीश चौधरी मुख्य अतिथि, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र चौधरी और वरिष्ठ नेता हीरालाल चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। पूर्व जिला परिषद अध्यक्षा पिंकी भारती, जिला परिषद सदस्य बसंती देवी, हिसुआ नगर परिषद अध्यक्षा पूजा कुमारी, उपाध्यक्ष टिंकू चौधरी समेत जिलेभर के सामाजिक



कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। वक्ताओं ने समाज को एकजुट करने, गांव-गांव जाकर लोगों को संगठन से जोड़ने और इतिहास व गौरव से अवगत कराने पर जोर दिया। गरीब व मेधावी छात्रों की मदद के लिए जिला स्तर पर शिक्षा प्रकोष्ठ बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने, ताड़ी व्यवसाय से जुड़े लोगों की समस्याओं, जाति प्रमाण पत्र, आवास योजना और एससी आरक्षण का लाभ दिलाने के लिए अधिकारियों से वार्ता की रणनीति तय हुई। जगदीश चौधरी ने अगले एक महीने में जिले के सभी 14 प्रखंडों में इकाई गठित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संगठित होकर ही समाज अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़ सकता है। जिलाध्यक्ष प्रमोद चौधरी ने जल्द जिला सम्मेलन कराने की बात कही।

# कौआकोल में बर्णवाल महिला मंडली ने मनाया सावन हरियाली महोत्सव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। कौआकोल बाजार स्थित एक होटल में शनिवार की शाम बर्णवाल महिला मंडली के द्वारा पहली बार सावन हरियाली महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। सावन के मौसम को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस कार्यक्रम में बर्णवाल समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने हरा-हरा परिधान में सजधजकर पारंपरिक गीत-संगीत, नृत्य एवं विभिन्न मनोरंजक खेलों के माध्यम से सावन उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बर्णवाल महिला मंडली की अध्यक्ष कुसुम बर्णवाल ने की। इस अवसर पर सचिव निधि बर्णवाल,कोषाध्यक्ष बिनीता बर्णवाल के साथ सुनीता बर्णवाल,प्रतिमा बर्णवाल, नेहा बर्णवाल,साधना बर्णवाल, प्रीति कुमारी,नीलम देवी,अनिता देवी,डोली बर्णवाल, संगीता देवी समेत समाज की दर्जनों महिलाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरुआत बर्णवाल समाज के आराध्य महाराज अहिवरन के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद महिलाओं ने सावन से जुड़े गीतों की प्रस्तुति दी। गीत-संगीत के साथ महिलाओं ने नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा



दिया। वहीं, विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महोत्सव के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा कीं और सावन की हरियाली एवं उमंग को उत्सव के रूप में मनाया। आयोजन का उद्देश्य समाज की महिलाओं को एक मंच पर लाकर आपसी प्रेम, भाईचारा और सामाजिक एकजुटता को मजबूत करना भी रहा। कार्यक्रम के अंत में सुहागिन महिलाओं के बीच उपहार का वितरण किया गया। पहली बार आयोजित सावन हरियाली महोत्सव को लेकर बर्णवाल समाज की महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया। महिलाओं ने भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

# भाजपा किसान मोर्चा की सांगठनिक बैठक



**नवादा**। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार के नेतृत्व में किसान मोर्चा की एक महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, किसानों से जुड़े मुद्दों तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राम सुमिरन सिंह उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, किसान मोर्चा के क्षेत्रीय प्रभारी मनोज जायसवाल, जिला प्रभारी मनोज प्रभाकर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रमोद कुमार चून्नू एवं विजय पांडेय, वरिष्ठ नेता मुकेश कुमार दिनकर, प्रदेश के वरिष्ठ नेता निर्भय सिंह तथा दिलीप सिंह उपस्थित रहे। प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना ने कहा कि भाजपा किसान मोर्चा संगठन का एक महत्वपूर्ण आधार है। किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं को किसानों के बीच निरंतर संपर्क स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को सुनना और उनके समाधान के लिए प्रयास करना चाहिए। मजबूत संगठन के बल पर ही पार्टी की नीतियों और योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकता है। भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि नवादा में भाजपा का संगठन लगातार मजबूत हो रहा है और इसमें किसान मोर्चा की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय एवं संगठनात्मक अनुशासन के साथ कार्य करते हुए आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने की अपील की। इस मौके पर जिला महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा, अरविंद गुप्ता,उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा, नवादा विधानसभा संयोजक अभिजीत कुमार सिन्हा, मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, भाजीयुमो अध्यक्ष अजित शंकर किसान मोर्चा के जिला महामंत्री अजय कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष गौरी शंकर विद्यार्थी, समाजसेवी पवन सिंह, रंजन कुमार, अशोक कुमार विद्यार्थी, मोहित कुमार, चंदन कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# तीन सौ से अधिक मरीजों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कौआकोल**। प्रखंड के इंटर विद्यालय कौआकोल परिसर में रविवार को पूर्व मुखिया डॉ. चन्द्रिका प्रसाद के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन स्थानीय मुखिया निभा कुमारी ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद विद्यालय परिसर में स्थापित विद्यालय के जमीनदाता व पूर्व मुखिया स्व० तेतर साहू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। शिविर में तीन सौ से अधिक मरीजों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें आवश्यक दवाइयां भी निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। शिविर में ईएनटी विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. आदित्य कौशल एवं उनकी धर्मपत्नी तथा नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरभि ने मरीजों की जांच की। इस दौरान मरीजों की आंख,कान,नाक एवं गले से संबंधित समस्याओं की जांच के साथ-साथ अन्य स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया गया। शिविर में ब्लड प्रेशर एवं डायबिटीज की भी निःशुल्क जांच की गई। जांच के बाद चिकित्सक डॉ० आदित्य कौशल एवं डॉ० सुरभि ने मरीजों को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार आवश्यक सलाह दी



तथा उपचार के लिए जरूरी दवाइयां उपलब्ध कराई। शिविर को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण इलाके से लोग स्वास्थ्य जांच कराने पहुंचे। इस अवसर पर मौजूद नवादा के चर्चित शिक्षाविद डॉ० आरपी साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया है। मौके पर जेजेपीएस नवादा के निदेशक रश्मि गुप्ता,नीरज कुमार,दीपक कुमार, इंटर विद्यालय कौआकोल के शिक्षक ऊदल कुमार,सुमन शेखर,बिरेन्द्र बीरा समेत स्थानीय ग्रामीण चिकित्सक एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# ग्रामीण क्षेत्र में कम खर्च पर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने की पहल, राजेश कुमार ने शुरू किया शुभम क्लिनिक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। ग्रामीण क्षेत्रों में सामान्य स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को कम खर्च में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजेश कुमार के संचालन में 'शुभम क्लिनिक' की शुरुआत की गई है। क्लिनिक भरीसा रोड, नहर पर, नवादा में स्थित है। राजेश कुमार ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीण प्रैक्टिसनर के रूप में लोगों को प्राथमिक स्तर की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का कार्य कर रहे हैं। उनका कहना है कि ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को छोटी-बड़ी सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं के लिए दूर शहर तक जाने में समय और धन दोनों खर्च होते हैं। ऐसे में स्थानीय स्तर पर कम लागत में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। क्लिनिक में ब्लड प्रेशर (BP), ब्लड शुगर तथा ऑक्सीजन स्तर जैसी प्राथमिक स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध होने की जानकारी दी गई है। राजेश कुमार ने बताया कि उनका उद्देश्य व्यावसायिक लाभ से अधिक ग्रामीण समुदाय की सुविधा और स्वास्थ्य जागरूकता पर ध्यान देना है, ताकि जरूरतमंद लोगों को प्रारंभिक स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी सहायता मिल सके। उन्होंने कहा कि गंभीर बीमारी, आपात स्थिति अथवा ऐसी स्वास्थ्य समस्या जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श आवश्यक हो, मरीजों को उचित चिकित्सक या अस्पताल में जांच एवं उपचार कराने की सलाह दी जाएगी।

# शिक्षा और संस्कार का अद्भुत संगम बना मॉडर्न शैक्षणिक समूह

## तुलसी जयंती पर 5000 से अधिक विद्यार्थियों ने किया स्वर श्रीरामचरितमानस पाठ

**डॉ पंकज कुमार सिन्हा**
**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। मॉडर्न शैक्षणिक समूह के तत्वावधान में मॉडर्न इंगलिश स्कूल, कुंतीनगर में गोस्वामी तुलसीदास जयंती सप्ताह के अवसर पर भव्य संगीतमय श्रीरामचरितमानस पाठ हुआ। 5000 से अधिक विद्यार्थियों ने बालकांड के सीता स्वयंवर, धनुष यज्ञ एवं श्रीराम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद का सामूहिक पाठ कर परिसर को भक्तिमय बना दिया। रामानंद सागर कृत 'रामायण' में श्रीराम की भूमिका निभाने वाले अभिनेता एवं मेरठ सांसद अरुण गोविल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा के साथ उनका आगमन समारोह का विशेष आकर्षण रहा। भगवा ध्वज, सांस्कृतिक सजावट, पुष्पवर्षा, आरती, मंगलाचार और चंदन तिलक से परिसर की भव्यता बढ़ी। मंगलदीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ विजय कुमार सिन्हा, अरुण गोविल, मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अध्यक्ष डॉ. अनुज कुमार, नवादा जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार तथा बिहार टीचर्स ट्रेनिंग संगठन के महासचिव डॉ. शैलेश कुमार ने किया। हिंदी शिक्षक मनीष कुमार पांडेय एवं उमेश पांडेय ने मंगलाचरण व श्रीराम स्तुति प्रस्तुत की। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि शिक्षा के





साथ संस्कृति, सभ्यता और नैतिक मूल्यों के संस्कार जरूरी हैं। अरुण गोविल ने विद्यार्थियों से श्रीराम के सत्य, संयम, धैर्य, कर्तव्य और मर्यादा के आदर्श अपनाने तथा अच्छा इंसान बनने का आह्वान किया। उन्होंने 'रामायण' निर्माण के संस्मरण भी साझा किए। डॉ. अनुज कुमार ने रामचरितमानस को भारतीय सभ्यता और संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए आयोजन को विद्यार्थियों और हिंदी शिक्षकों की मेहनत तथा अनुशासन का परिणाम बताया। डॉ. शैलेश कुमार ने परिवार में प्रेम, संस्कार, त्याग और मर्यादा के महत्व पर प्रकाश डाला। करीब तीन घंटे चले मानस पाठ में मंच पर अनुराधा, साक्षी, प्रिया, रिद्धिमा, परी, आराध्या, तुली, साक्षी एवं अनमोल ने प्रस्तुति दी। बिहार के प्रसिद्ध तबला वादक नंदन झा ने संगत की। संगीत शिक्षक पवन कुमार एवं अनिल कुमार ने हारमोनियम व नाल पर साथ दिया। मंच संचालन प्रज्ञा दूबे, अदिति सिन्हा एवं परिधि ने किया। अरुण गोविल के साथ तस्वीर व सेल्फी को लेकर विद्यार्थियों और अभिभावकों में उत्साह रहा। आयोजन की सफलता में सुजय कुमार, एम.के. विजय, मुकेश कुमार, धर्मवीर सिन्हा, विजय अकेला, चंद्रदीप प्रसाद, समीर सौरभ, दीपक पुष्टि, धर्मप्रकाश, रौशन मिश्रा, राकेश रोशन, एस.के. रंजन, विपुल कुमार, दिनेश कुमार झा, बी.एन. झा, सुनील कुमार वर्मा, समुद्र शंकर कर, आशुतोष आनंद, अंजना दीक्षित, स्वीटी कुमारी, अनुमेहा कुमारी, प्रतिभा कुमारी, प्राची, वंदना कुमारी, लक्की कुमारी, बिस्मिता साहू, रुपाली कुमारी, हनी कुमारी एवं शांभवी वत्स सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं व कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह आयोजन शिक्षा, संस्कृति, संगीत, आध्यात्मिकता और संस्कार के समन्वय का प्रभावी संदेश देकर संपन्न हुआ।

# राघव इंटरप्राइजेज के ओवीरा पेंट्स आउटलेट का उद्घाटन

**रजौली**। रजौली बाईपास स्थित राघव इंटरप्राइजेज की ओर से आरसीएम के नए उत्पाद ओवीरा पेंट्स के आउटलेट का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन गोविंदपुर विधानसभा की विधायक बिनीता



मेहता एवं मानवाधिकार आयोग के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर कुमार ने फीता काटकर किया। आउटलेट पर घर, दुकान और अन्य भवनों के इंटीरियर व एक्सटीरियर के लिए विभिन्न प्रकार के पेंट्स और रंगों की रेंज उपलब्ध होगी। ग्राहकों की पसंद और आवश्यकता के अनुसार अलग-अलग रंग एवं फिनिश के विकल्प भी मिलेंगे। राघव इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर पवन पाण्डेय ने बताया कि आउटलेट शुरू करने का उद्देश्य स्थानीय लोगों को गुणवत्तापूर्ण और किफायती पेंट उत्पाद उपलब्ध कराना है। इससे ग्राहकों को पेंट खरीदने के लिए दूसरे शहरों और बाजारों पर निर्भरता कम होगी। उन्होंने कहा कि घर की खूबसूरती में रंगों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। स्थानीय राजमिस्त्री, पेंटर, ठेकेदार, भवन निर्माण से जुड़े लोगों और आम ग्राहकों को भी आउटलेट से सुविधा मिलेगी। मौके पर मानवाधिकार आयोग के प्रदेश सचिव रमेश पाण्डेय, आरसीएम कोर लीडर राम रतन कुमार, एमएलसी प्रतिनिधि दीपक कुमार मुन्ना, विजय पाण्डेय, भाजपा जिला महामंत्री गगन शांडिल्य, विनय सिंह, रंजन

**संजय सरावगी ने राष्ट्रीय बैठक में लिया हिस्सा, संगठन को मजबूत बनाने पर मंथन**

# जनसेवा के संकल्प को और मजबूत करना भाजपा की प्राथमिकता : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय में आयोजित राष्ट्रीय पदाधिकारियों, संगठन महामंत्रियों एवं प्रदेश अध्यक्षों की संगठनात्मक बैठक में सहभागिता की। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की अध्यक्षता में हुई बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त एवं गतिशील बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका बढ़ाने तथा जनसेवा के संकल्प को मजबूत करने सहित विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का सभी को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में संगठन को जमीनी स्तर तक और प्रभावी बनाने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। बूथ स्तर पर संगठन की गतिविधियों को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़ाने तथा जनता के साथ निरंतर संवाद कायम रखने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों और जनसेवा से जुड़े अभियानों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने को लेकर भी चर्चा हुई।

संजय सरावगी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन मिला है। भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति उसके समर्पित और अनुशासित कार्यकर्ता हैं। कार्यकर्ताओं की मेहनत, सेवा भावना और समर्पण के बल पर पार्टी लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उसकी समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए प्रयास करने के संकल्प के साथ काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन का विस्तार केवल संख्या बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि विचार, अनुशासन, सेवा और समर्पण के आधार पर संगठन को मजबूत बनाना पार्टी की प्राथमिकता है। बिहार भाजपा भी बूथ स्तर तक संगठन को और सशक्त करने तथा जनसेवा के संकल्प को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व और प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में संगठन को नई ऊर्जा और गति मिलेगी।

# नालंदा की ज्ञान-परम्परा का आधुनिक संदर्भों में पुनर्पाठ आवश्यक : संजय पंकज

**'भारतीय ज्ञान परम्परा में नालंदा' विषयक वेबिनार आयोजित**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अभ्युदय अंतरराष्ट्रीय संस्थान की बिहार-झारखंड शाखा के तत्वावधान में 'भारतीय ज्ञान परम्परा और नालंदा' विषय पर एक महत्वपूर्ण वेबिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रसिद्ध साहित्यकार एवं चिंतक डॉ. संजय पंकज ने कहा कि नालंदा भारतीय ज्ञान परम्परा की उस व्यापक दृष्टि का प्रतिनिधित्व करती है जिसमें ज्ञान को सीमाओं से मुक्त रखकर मानव कल्याण से जोड़ा गया था। भारतीय ज्ञान परम्परा में निहित वैज्ञानिक दृष्टि, तर्कशीलता, बहुविषयक अध्ययन, नैतिक मूल्यों और वैश्विक बंधुत्व की भावना आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। नालंदा कॉलेज शिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्ष एवं अभ्युदय अंतरराष्ट्रीय संस्थान की बिहार-झारखंड शाखा के अध्यक्ष डॉ ध्रुव कुमार ने नालंदा के शैक्षिक एवं सामाजिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा में नालंदा की सबसे बड़ी विशेषता उसकी समावेशी और बहुआयामी दृष्टि रही है। नालंदा की ज्ञान-संस्कृति में अध्ययन के साथ-साथ चिंतन, शोध, संवाद एवं सह-अस्तित्व की भावना निहित थी। नालंदा की विरासत को समझना भारतीय शिक्षा के अतीत को जानने के साथ-साथ उसके भविष्य की दिशा तलाशना भी है। उन्होंने कहा कि नालंदा की ज्ञान-परम्परा को आधुनिक संदर्भों में पुनर्पाठ करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. अमरनाथ अमर ने कहा कि नालंदा भारत की समृद्ध शैक्षिक एवं सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण अध्याय है। यहां दर्शन, व्याकरण, तर्कशास्त्र, चिकित्सा, खगोल, साहित्य और बौद्ध दर्शन सहित अनेक विषयों का अध्ययन होता था। उन्होंने कहा कि नालंदा की अध्ययन-पद्धति में संवाद, तर्क, चिंतन और स्वतंत्र विचार को विशेष महत्व प्राप्त था। वेबिनार में अभ्युदय की संस्थापक-अध्यक्ष डॉ इंदु झुनझुनवाला ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परम्परा के महत्वपूर्ण केंद्र नालंदा विश्वविद्यालय के योगदान को व्यापक स्तर पर रेखांकित करना तथा नई पीढ़ी को अपनी समृद्ध ज्ञान-विरासत से जोड़ना था। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम तन्मय ने कहा कि नालंदा की परम्परा भारत की उस ज्ञान-दृष्टि का प्रतीक है जो 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना के साथ ज्ञान को मानवता के कल्याण का माध्यम मानती है। वेबिनार में अंजुला कुमारी, अर्चना, पूनम कतरियार, सुधा पांडेय, आशा रघुदेव आदि वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। प्रारंभ में अर्चना रोला ने अतिथियों का स्वागत एवं कृष्णा मणिश्री ने संचालन किया।

## पीएमसीएच-एनएमसीएच में बढ़ी सुविधा, बुजुर्ग-दिव्यांगों के लिए अलग काउंटर से आसान हुआ इलाज कराना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में विस्तार कार्य तेजी से किया जा रहा है। जन-जन तक स्वास्थ्य सुविधा के विजन पर काम कर ही बिहार सरकार ने पीएमसीएच व एनएमसीएच में एक और बड़ी सुविधा शुरू की जा रही है। राजधानी के प्रख्यात अस्पतालों में से एक एनएमसीएच में मरीजों की व्यवस्था और सुगम हो जायेगी जिससे मरीजों को रजिस्ट्रेशन के लिए लंबे कतार में खड़े रहने की जरूरत नहीं होगी। एनएमसीएच अधीक्षक राजीव सिन्हा ने कहा कि अस्पताल में कई अत्याधुनिक सुविधा शुरू की गयी है जिससे अस्पताल में इलाज के लिए लोगों की संख्या में इजाफा हुआ है। ऐसे में मरीजों व उनके परिजनों के सुविधा के लिए नया रजिस्ट्रेशन काउंटर का निर्माण किया जा रहा है। काउंटर का निर्माण अंतिम चरण में पहुंच चुका है। उम्मीद है कि अगले महीने से इस सुविधा को शुरू कर दिया जायेगा। राज्य में सक्षम इलाज के लिए प्रसिद्ध पीएमसीएच में नया रजिस्ट्रेशन काउंटर की शुरूआत किया गया है। इस रजिस्ट्रेशन काउंटर की खास बात यह है कि इससे दिव्यांग व बुजुर्गों की सुविधा के लिए समर्पित है। इस विषय पर अधिक जानकारी देते हुए पीएमसीएच अधीक्षक राजीव कुमार सिंह ने कहा कि दिव्यांग व बुजुर्गों के विशेष सुविधा के लिए पीएमसीएच में नया रजिस्ट्रेशन काउंटर शुरू कर दिया गया है जिससे बुजुर्गों व दिव्यांगों को अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, सीटी स्कैन, एमआरआई के लिए अन्य काउंटर पर खड़ा नहीं होना होगा।

# शिक्षित और संगठित होकर अपने अधिकारों को हासिल करना जरूरी : डॉ प्रेम कुमार

**अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा सह राष्ट्रीय अतिपिछड़ा- पिछड़ा वर्ग महासभा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की रांची में हुई बैठक**

**विशेष संवाददाता**



**रांची।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष एवं अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने आज रांची स्थित खादी ग्रामोद्योग के ट्रायल आश्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। झारखंड दौरे के क्रम में डॉ. कुमार ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वावलंबन, स्वदेशी और ग्राम स्वराज के विचारों को राष्ट्र निर्माण के लिए सदैव प्रासंगिक बताया। इसके पश्चात डॉ. कुमार ने अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा सह राष्ट्रीय अतिपिछड़ा-पिछड़ा वर्ग महासभा की राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक में भाग लिया। बैठक में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उत्तर बिहार, दक्षिण बिहार, असम एवं झारखंड सहित विभिन्न प्रदेशों के पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. कुमार ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षित, संगठित, आत्मनिर्भर और अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा अतिपिछड़ा, पिछड़ा एवं समाज के कमजोर वर्गों के लिए संचालित विभिन्न लाभकारी एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए संगठन के कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि 'शिक्षित बनें, संगठित रहें और अपने अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करें।' समाज की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में संख्या के साथ-साथ शिक्षा, संगठन, नेतृत्व क्षमता और राजनीतिक जागरूकता भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। समाज के युवाओं को शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता और राजनीति के क्षेत्र में आगे बढ़कर नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालनी चाहिए। राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक में संगठन की गतिविधियों, विस्तार और आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण एजेंडों पर विचार-विमर्श के बाद आवश्यक प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें प्रमुख रूप से विभिन्न प्रदेशों की रिपोर्टिंग, पिछले एक वर्ष के निर्धारित कार्यक्रमों की समीक्षा, प्रदेश प्रभारियों द्वारा किए गए कार्यों एवं उनके उत्तरदायित्व के निर्वहन की समीक्षा, आगामी एक वर्ष के कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा झारखंड प्रदेश की नई कमेटी के पुनर्गठन पर विचार शामिल रहा। बैठक में संगठन के विरुद्ध कुछ अवांछनीय तत्वों द्वारा किए जा रहे व्यवधान पर भी गंभीरता से चर्चा की गई तथा संगठन की एकता, अनुशासन और गरिमा को बनाए रखते हुए ऐसे मामलों के समाधान के उपायों पर विचार किया गया। इसके अलावा राष्ट्रीय कोष को सुदृढ़ करने, संगठन की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाने तथा भविष्य की गतिविधियों के लिए संसाधन जुटाने पर भी मंथन किया गया। बैठक में महासभा के ऐतिहासिक सफर और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय महामंत्री रणविजय रोशन ने कहा कि वर्ष 1906 में स्थापना के बाद से महासभा ने सामाजिक एकता, शिक्षा, संगठन, अधिकार और राजनीतिक जागरूकता के लिए निरंतर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि संगठन की गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ाने के लिए वर्तमान पीढ़ी को अधिक सक्रिय और जिम्मेदार भूमिका निभानी होगी। कार्यक्रम का स्वागत भाषण झारखंड प्रदेश अध्यक्ष जगन्नाथ चंद्रवंशी ने दिया, जबकि मंच संचालन राष्ट्रीय महामंत्री सुदेश चंद्रवंशी ने किया।

## मुजफ्फरपुर को बड़ी सौगात: चांदनी चौक से रामदयालु नगर तक बनेगी सिक्स लेन सड़क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मुजफ्फरपुर के सबसे व्यस्ततम मार्गों में एक रामदयालु से चांदनी चौक के बीच 4.50 किमी लंबी 6-लेन सड़क बनेगी। इससे हजारों लोगों को रोजाना जाम झेलने की समस्या से स्थाई तौर पर छुटकारा मिलेगा। पथ निर्माण विभाग और बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अधिकारियों का मानना है कि बहुप्रतीक्षित रामदयालु नगर से चांदनी चौक के बीच 44.76 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 6 लेन सड़क के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई और दूसरे विभागों से अनुमति मिल चुकी है। जल्द ही सड़क चौड़ीकरण और उन्नयन का कार्य शुरू किया जाएगा। पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने बताया कि परियोजना के मार्ग में आने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से जुड़ी औपचारिकताओं को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। परियोजना निदेशक एनएचएआई एवं पीआईयू-मुजफ्फरपुर के पत्रांक-701 के माध्यम से इस पूरी परियोजना के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत कर दिया गया है जिससे कार्य में किसी प्रकार की बाधा नहीं रही और काम तय समय-सीमा के अंदर पूरा होने की राह पर है। उन्होंने बताया कि मुजफ्फरपुर के चांदनी चौक से रामदयालु नगर के बीच प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहनों का दबाव रहता है। इस सड़क के चौड़ीकरण और आधुनिक बनने से सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि चांदनी चौक से रामदयालु नगर के बीच लगने वाले निरंतर और भीषण जाम से लोगों को स्थायी मुक्ति मिल जाएगी। वाहनों का आवागमन बिना किसी रुकावट के सुगमतापूर्वक और निर्बाध रूप से हो सकेगा। इससे न केवल आम जनता के बहुमूल्य समय और ईंधन (पेट्रोल/डीजल) की भारी बचत होगी, बल्कि क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं में भी काफी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ीकरण से स्थानीय लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और आसपास के व्यापारिक गतिविधियों से उनका सीधा जुड़ाव होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस सड़क के बनने से मुजफ्फरपुर शहर के सुगम विकास को एक नई गति मिलेगी। यह परियोजना केवल एक सड़क निर्माण नहीं, बल्कि मुजफ्फरपुर के आधुनिक बुनियादी ढांचे की दिशा में एक बड़ी सफलता है।

## एक सितम्बर से दानापुर और बेंगलूरु के मध्य नई एक्सप्रेस ट्रेन का नियमित परिचालन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पटना और एसएमभीटी, बेंगलूरु के मध्य चलायी जा रही गाड़ी सं. 03251/03252 दानापुर-एसएमभीटी-दानापुर स्पेशल का गाड़ी सं. 22365/22366 दानापुर-एसएमभीटी-दानापुर एक्सप्रेस के रूप में नियमित परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। इसका नियमित परिचालन पटना से 01 सितम्बर, 2026 से तथा एसएमभीटी, बेंगलूरु से 03 सितम्बर, 2026 से प्रतिदिन किया जायेगा।

## आसमान से निहारिए अपने खूबसूरत पटना को, हेली जॉयराइड बना पर्यटकों की पहली पसंद

**अब तक 476 बुकिंग, 360 लोगों ने लिया हवाई सफर का रोमांचक अनुभव**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में पर्यटन अब सिर्फ जमीन पर घूमने तक सीमित नहीं रह गया है। पर्यटक आसमान से भी अपने खूबसूरत पटना को निहारने का रोमांचक अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। हेली टूरिज्म के तहत शुरू किया गया पटना हेली जॉयराइड लोगों के बीच खासा आकर्षण पैदा कर रहा है। अब तक इसकी 476 बुकिंग हो चुकी हैं जबकि 360 लोग इस रोमांचक हवाई सफर का आनंद ले चुके हैं।

पटना की सड़कों, ऐतिहासिक स्थलों और गंगा की धार को जमीन से देखने का अनुभव तो आम है, लेकिन इन्हीं खूबसूरत नजारों को आसमान से देखना पर्यटकों के लिए बिल्कुल अलग अनुभव बन रहा है। हेलीकॉप्टर के उड़ान भरते ही पटना का विस्तृत दृश्य सामने आता है और गंगा की धारा के साथ शहर का बदलता स्वरूप पर्यटकों को रोमांचित करता है। हेली जॉयराइड खासकर परिवारों, युवाओं और पहली बार हेलीकॉप्टर की सवारी करने वाले लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है। कई लोगों के लिए यह सिर्फ एक जॉयराइड नहीं, बल्कि बिहार में पहली बार हवाई पर्यटन का अनुभव लेने का यादगार मौका बन रहा है। बिहार सरकार पर्यटन को नए अनुभवों से जोड़ने की दिशा में लगातार पहल कर रही है। इसी कड़ी में हेली टूरिज्म की शुरुआत राज्य में पर्यटन के पारंपरिक स्वरूप से आगे बढ़कर एडवेंचर और एक्सपीरियंस आधारित टूरिज्म को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पटना हेली जॉयराइड को मिल रहा रिस्पांस बताता है कि पर्यटक अब केवल पर्यटन स्थलों को देखने नहीं, बल्कि उन्हें एक नए अंदाज में महसूस करने के इच्छुक हैं।

## भारत विकास परिषद सत्यम शाखा ने आयोजित की राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** भारत विकास परिषद, सत्यम शाखा द्वारा राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन ए.एन. सिन्हा सामाजिक अध्ययन संस्थान, पटना में किया गया। कार्यक्रम में पटना के 12 चयनित विद्यालयों से लगभग 130 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में देशप्रेम की भावना को जगाना एवं संस्कृति के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व कुलपति पद्मश्री प्रो. डॉ. रविंद्र कुमार सिन्हा, पद्मश्री डॉ. जितेंद्र प्रसाद सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सुमन सिंह एवं अध्यक्ष उमेश कुमार विद्यार्थी ने किया। कार्यक्रम का संयोजन नीतू सिन्हा ने किया एवं संचालन डॉली सिंह ने किया। स्वागत भाषण सचिव डॉ. जय कुमार सिन्हा ने किया। क्षेत्रीय महासचिव डॉ. वाल्मीकि कुमार ने परिषद का परिचय एवं क्षेत्रीय संयुक्त समिति के बारे में जानकारी दी। क्षेत्रीय संयुक्त सचिव मुकेश कुमार ने संबोधन किया। राज्यसभा सांसद शंभु शरण पटेल ने समापन समारोह की अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि के रूप में बसंत कुमार सिंह, अधिवक्ता, पटना उच्च न्यायालय तथा आईएमए के पूर्व अध्यक्ष सहजानंद प्रसाद सिंह उपस्थित रहे। शंभु शरण पटेल ने प्रतियोगिता के महत्व को बताते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता देशभक्ति एवं सामाजिक सेवा की भावना को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। कार्यक्रम में प्रांतीय पर्यवेक्षक विनीत कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में अमित वत्स, अमित कुमार, अजित कुमार, राकेश कुमार एवं आशीष कुमार का सहयोग रहा। प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल, ट्रांसपोर्ट नगर ने प्रथम, डी.वाई. पाटिल ने द्वितीय तथा शिवम कन्वेंट स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम हिंदी एवं संस्कृत में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के आधार पर प्रांत स्तर पर भाग लेगी।

## केवाइपी केंद्रों के भविष्य पर घमासान, 25 से पटना में धरना-प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सम्पूर्ण में संचालित कुशल युवा कार्यक्रम केंद्रों के भविष्य को लेकर केंद्र संचालकों का आक्रोश अब राजधानी पटना में आंदोलन का रूप लेने जा रहा है। वर्तमान में संचालित केवाईपी केंद्रों के नवीनीकरण के बजाय नए टेंडर की चर्चा को लेकर केंद्र संचालकों में भारी नाराजगी है। केंद्र संचालकों का आरोप है कि वर्षों से संचालित केवाईपी केंद्रों के भविष्य को लेकर स्पष्ट निर्णय लेने के बजाय उन्हें बंद कर नई टेंडर प्रक्रिया लाने की तैयारी की जा रही है। विभिन्न विभागीय प्रेस विज्ञप्तियों में सामने आई सूचनाओं के बाद केंद्र संचालकों की चिंता और बढ़ गई है। इसी मुद्दे को लेकर संपूर्ण बिहार के केवाईपी केंद्र संचालकों ने गूगल मीट के माध्यम से बैठक कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 25 अगस्त 2026, मंगलवार से पटना में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। केंद्र संचालकों का कहना है कि केवाईपी वर्षों से बिहार के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने वाली महत्वपूर्ण योजना है। पुराने केंद्रों को नजरअंदाज कर नई व्यवस्था लागू करने का प्रयास केंद्र संचालकों को स्वीकार नहीं है। केंद्र संचालकों ने सरकार से केवाईपी केंद्रों का तत्काल नवीनीकरण तथा बंद पड़े नामांकन एवं प्रशिक्षण कार्य अविलंब शुरू करने की मांग की है। केंद्र संचालकों ने चेतावनी दी है कि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होने पर पटना में आंदोलन को और व्यापक एवं चरणबद्ध किया जाएगा जिसमें आत्मदाह और पुतला दहन भी शामिल है।

## सिटीजन केयर ग्रुप के 15वें वार्षिकोत्सव पर 51 कर्मियों को इ-स्कूटी का वितरण

**हरित परिवहन और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, कर्मियों के योगदान को किया सम्मानित**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** सिटीजन केयर ग्रुप के 15वें वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन सिटीजन केयर ग्रुप टावर, आशियाना-दीघा रोड, पटना में गरिमामय माहौल में किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के अध्यक्ष रणबीर नंदन एवं सिटीजन केयर ग्रुप के संस्थापक चंदन कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, हरित परिवहन और सामाजिक जिम्मेदारी को लेकर विशेष संदेश दिया गया। इस अवसर पर ग्रुप के कर्मियों के योगदान को सम्मानित करते हुए 51 ई-स्कूटी का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि रणबीर नंदन ने अपने संबोधन में कहा कि आज पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति और संस्थान की सामूहिक जिम्मेदारी है। हरित परिवहन को बढ़ावा देना प्रदूषण कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों का अधिक से अधिक उपयोग कर हम आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण तैयार कर सकते हैं। उन्होंने सिटीजन केयर ग्रुप की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान द्वारा अपने कर्मियों को ई-स्कूटी प्रदान करना पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी का भी उत्कृष्ट उदाहरण है। सिटीजन केयर ग्रुप के संस्थापक चंदन कुमार ने कहा कि 15 वर्षों की यह यात्रा कर्मचारियों, सहयोगियों और शुभचिंतकों के निरंतर सहयोग और विश्वास का परिणाम है।

## सहायक नदियों के बढ़ते जलस्तर से दियारा और निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना में गंगा और सहायक नदियों के बढ़ते जलस्तर से दियारा और निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। पहाड़ी इलाकों में लगातार बारिश के कारण गंगा नदी कई प्रमुख घाटों पर खतरे के निशान को पार कर चुकी है। प्रशासन ने पटना से भागलपुर तक हाई अलर्ट जारी किया है। राहत और बचाव के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं। गांधी घाट, भद्र घाट, हाथीदह, जेपी गंगा पथ, दीघा, मनेर और दानापुर के कई दियारा इलाकों में बाढ़ का पानी पहुंच गया है। पुरानी पानापुर, कासिमचक, हेतनपुर, मानस और नवदियरी पंचायतें बाढ़ के पानी से घिर गई हैं। कई गांवों का सड़क संपर्क भी प्रभावित हुआ है। उधर, पुनपुन नदी का जलस्तर भी तेजी से बढ़ रहा है। यह 48 दशमलव 50 मीटर पर पहुंच गया है जबकि खतरे का निशान 50 दशमलव 60 मीटर है। दियारा क्षेत्र के लोग जरूरी सामान और मवेशियों के साथ सुरक्षित स्थानों और राहत शिविरों की ओर जा रहे हैं।

## बिहार को मिली पांच एसी इ-पिंक बसें, पटना से विभिन्न रूटों पर संचालन शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** रक्षाबंधन को लेकर सरकार के स्तर से महिलाओं के लिए खास पहल की गई है। उनके सुविधायुक्त परिवहन के लिए खासतौर से एसी पिंक बस का परिचालन शुरू किया गया है। प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत बिहार को एसी युक्त इलेक्ट्रिक बसे मिलने का सिलसिला शुरू हो गया है। इनमें पांच बसे अब राजधानी पटना और इसके आसपास के शहरों को जोड़ते हुए महिलाओं के लिए विशेष रूप से पिंक बस का संचालन शुरू हो गया है। ये सभी बस लो फ्लोर और बैटरी चालित हैं जिससे महिलाओं को आराम के साथ-साथ पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन का बेहतर विकल्प उपलब्ध कराया जा रहा है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) के अनुसार इन पांच एसी ई-पिंक बसों में से दो-दो बसें पटना से पालीगंज और बेली रोड के कमरूट पर चल रही हैं जबकि एक बस पटना से बिहटा की ओर जा रही है।

**एसी बस का किराया**

पटना से पालीगंज रूट (अप): 121 रुपये, दुल्हिन बाजार:108 रुपये, बिक्रमः 84 रुपये, नौबतपुर:70 रुपये और दानापुर रेलवे स्टेशन: 40 रुपये

पालीगंज से पटना (डाउन): दुल्हिन बाजार:14 रुपये, बिक्रमः 38 रुपये, नौबतपुर:51 रुपये, दानापुर रेलवे स्टेशन: 82 रुपये और गांधी मैदान: 121 रुपये।

**पटना से बिहटा आईआईटी के लिए सेवा**

**कारगिल चौक से मल्टीमॉडल हब, इनकम टैक्स चौराहा:** 13-13 रुपये सचिवालय, चिड़ियाघर:18 रुपये, गोला रोड: 24 रुपये, सगुना मोड़ : 37, दानापुर रेलवे स्टेशन:42, शिवाला मोड़:55, हंगामा वाटर पार्क:66, बिहटा और बिहटा आईआईटी-72 रुपये। पथ निर्माण निगम के मुताबिक बिहार को कुल 400 एसी इलेक्ट्रिक बसे मिलनी हैं जिनमें से 50 पिंक बसें महिलाओं के लिए विशेष रूप से संचालित की जाएंगी। एसी सुविधा के कारण गर्मी के मौसम में भी महिलाओं का सफर आरामदायक रहेगा। इलेक्ट्रिक होने के कारण ये बसें प्रदूषण कम करने और हरित परिवहन को बढ़ावा देने में भी सहायक सिद्ध होंगी।

## मोतीपुर चीनी मिल की जमीन वापस लेने की प्रक्रिया तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार सरकार ने मुजफ्फरपुर स्थित मोतीपुर चीनी मिल की जमीन वापस लेने की प्रक्रिया तेज कर दी है। सरकार मेसर्स इंडियन पोटाश लिमिटेड को लीज पर दी गई 266 एकड़ जमीन वापस ले रही है। जानकारी के मुताबिक सरकार ने मूलधन के रूप में 28.10 करोड़ रुपये की निकासी को मंजूरी दी है। मोतीपुर चीनी मिल की जमीन वर्ष 2010 में 56.20 करोड़ रुपये में लीज पर दी गई थी। इंडियन पोटाश लिमिटेड ने निविदा राशि का 50 प्रतिशत जमा किया था। बताया गया है कि चीनी मिल की स्थापना के लिए कंपनी की ओर से अपेक्षित स्तर पर सार्थक कार्रवाई नहीं की गई। वहीं, 63.39 करोड़ रुपये के भुगतान की स्वीकृति मंत्रिपरिषद पहले ही दे चुकी है। सरकार के इस कदम को बंद चीनी मिलों के पुनः संचालन और नई चीनी मिलों की स्थापना की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# संपादकीय

## कश्मीर पर अमेरिका का नया सुर, लेकिन 'महत्वपूर्ण हिस्सा' कहने के मायने क्या?

गोर का बयान भारत के पक्ष में झुका हुआ लगता है, लेकिन जम्मू-कश्मीर को भारत का 'अभिन्न हिस्सा' के बजाय 'महत्त्वपूर्ण' हिस्सा बताना एक सुविधा की कूटनीति भी हो सकती है।भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने जम्मू-कश्मीर के बारे में जो राय जाहिर की है, उसकी अपनी अहमियत है। खासतौर पर अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में अमेरिका को जिस नजर से देखा जाता है, उसमें उसकी प्रतिक्रिया को किसी पक्ष या विपक्ष को मिलने वाले महत्त्व की नजर से देखा जाता है।ऐसी स्थिति में अमेरिकी राजदूत के रूप में सर्जियो गोर ने जिस तरह जम्मू-कश्मीर को भारत का एक 'महत्त्वपूर्ण हिस्सा' बताया, उसे इस मुद्दे पर अमेरिका के बदलते रुख के संकेत के तौर पर भले देखा जा रहा हो, लेकिन यह सवाल भी उठा है कि उनका यह बयान भारत के लिहाज से कितना अहम है। इसके अलावा, गोर ने जम्मू-कश्मीर के लिए जारी अमेरिकी यात्रा परामर्श की समीक्षा करने की भी बात कही।दरअसल, कूटनीति की दुनिया में कई बार शब्दों की बारीकियों के जरिए जिस परिदृश्य की रचना की जाती है, उसका अंदाजा प्रभाव के स्तर से लग पाता है। ऐसे में जो जम्मू-कश्मीर बिना किसी सवाल के भारत का अभिन्न हिस्सा है, उसके बारे में सर्जियो गोर को अलग से कुछ राय जाहिर करने की जरूरत क्यों महसूस हुई। फिर 'अभिन्न हिस्से' के बजाय 'महत्त्वपूर्ण हिस्सा' बताने को भारत में किस नजर से देखा जाएगा! गौरतलब है कि अमेरिका पारंपरिक तौर पर जम्मू-कश्मीर के मामले को भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय बातचीत के जरिए सुलझाने का हामी रहा है। यही नहीं, एकाध मौकों पर अमेरिका ने कश्मीर मामले में मध्यस्थता की भी भूमिका निभाने की पेशकश की थी, लेकिन भारत ने उसे खारिज कर दिया था।यों कई संदर्भों में चूंकि पाकिस्तान को लेकर अमेरिका की दृष्टि में अब तक एक अप्रत्यक्ष नरमी दिखाई देती रही है और पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच पिछले कुछ समय से दोनों के बीच थोड़ी करीबी बढ़ती देखी गई है, इसलिए इस बात की आशंका हो सकती है कि अमेरिका का रुख कई बार जरूरत और सुविधा के मुताबिक भी संचालित होता है। ऐसे में यह देखने की जरूरत होगी कि गोर के बयान के बाद पाकिस्तान ने जिस तरह तीखी आपत्ति जाहिर की है, उसमें अमेरिका आगे क्या रुख अपनाता है।इसमें कोई दोराय नहीं कि भारत में जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर किसी अन्य देश को किसी भी स्तर पर दखल देने की जरूरत नहीं है। इस मसले पर भारत ने संयुक्त राष्ट्र सहित समूची दुनिया में स्थिति बिल्कुल स्पष्ट करके रखी है। इसके बावजूद समय-समय पर जम्मू-कश्मीर को लेकर पाकिस्तान की ओर से नाहक दखलंदाजी और बयानबाजी करके एक नकारात्मक संदेश देने की कोशिश होती रही है।

**किशोरों और बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यूरोप के कई देशों ने पंद्रह या सोलह साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर पाबंदी लगानी शुरू कर दी है। इसका अगुआ होने का श्रेय ऑस्ट्रेलिया को है, जिसने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के इंस्टाग्राम, फेसबुक, टिकटॉक, एक्स यानी ट्विटर और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्मों के इस्तेमाल पर पाबंदी लगा दी है। इसी तरह फ्रांस ऐसा कानून बनाने वाला यूरोप का पहला देश हो गया है। वहां की संसद ने पंद्रह साल तक के बच्चों के सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर रोक लगाने का कानून पारित कर दिया है। हालांकि यह कानून खटाई में पड़ गया है। फ्रांस के सर्वोच्च न्यायालय ने इस कानून को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन माना है।**

## ताकि बचा रहे बचपन

(उमेश चतुर्वेदी)

जिस पश्चिमी दुनिया में सोशल मीडिया का आविष्कार हुआ, जिन्होंने कभी अरब देशों में क्रांति के लिए सोशल मीडिया की सराहना की थी, अब उन्हें ही यह माध्यम अपने ही बच्चों का दुश्मन लगने लगा है। इसकी वजह है, वहां के बच्चों और किशोरों का बिगड़ता मानसिक स्वास्थ्य और पढ़ाई का गिरता स्तर।

किशोरों और बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यूरोप के कई देशों ने पंद्रह या सोलह साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर पाबंदी लगानी शुरू कर दी है। इसका अगुआ होने का श्रेय ऑस्ट्रेलिया को है, जिसने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के इंस्टाग्राम, फेसबुक, टिकटॉक, एक्स यानी ट्विटर और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्मों के इस्तेमाल पर पाबंदी लगा दी है। इसी तरह फ्रांस ऐसा कानून बनाने वाला यूरोप का पहला देश हो गया है। वहां की संसद ने पंद्रह साल तक के बच्चों के सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर रोक लगाने का कानून पारित कर दिया है। हालांकि यह कानून खटाई में पड़ गया है। फ्रांस के सर्वोच्च न्यायालय ने इस कानून को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन माना है। अदालत का कहना है कि नाबालिगों पर प्रतिबंध लगाने के चक्कर में यह कानून असल में हर नागरिक पर सोशल मीडिया का उपयोग करने से पहले अपनी उम्र साबित करने का दबाव बनाता है। फ्रांस के राष्टपति इमैनुअल मैंक्रो इस इस कानून के प्रबल समर्थक हैं। अदालत के फैसले के बाद उन्होंने कहा है कि इस कानून को लागू करने के लिए अदालती फैसले के मद्देनजर जरूरी सुधार करके फिर से इसे संसद से पारित कराया जाएगा।

फ्रांस के इस फैसले से स्पष्ट है कि वह किशोरों के सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर लगाम लगाने के लिए पीछे नहीं हटने जा रहा है। जिस पश्चिमी दुनिया में सोशल मीडिया का आविष्कार हुआ, जिन्होंने कभी अरब देशों में क्रांति के लिए सोशल मीडिया की सराहना की थी, अब उन्हें ही यह माध्यम अपने ही बच्चों का दुश्मन लगने लगा है। इसकी वजह है, वहां के बच्चों और किशोरों का बिगड़ता मानसिक स्वास्थ्य और पढ़ाई का गिरता स्तर। इसकी वजह से अमेरिका तक में सोशल मीडिया कंपनियों के खिलाफ लोगों में नाराजगी दिख रही है। प्रसिद्ध न्यूज एजेंसी रायटर्स ने आईपोस कंपनी के साथ हाल ही में एक सर्वे किया है। इसमें शामिल 61 फीसद लोगों ने कहा कि सोशल मीडिया कंपनियों पर सरकार को और सख्त निगरानी रखनी चाहिए। इस सर्वे में शामिल 66 प्रतिशत लोग तो 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए उम्र के प्रमाणीकरण की प्रक्रिया लागू करने पर जोर दिया है। वैसे अमेरिका के फ्लोरिडा जैसे कुछ राज्यों में चौदह साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर रोक है।

दुनियाभर में बच्चों और किशोंरों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर रोक के लिए उनके मानसिक स्वास्थ्य में आ रही गिरावट और बढ़ते मानसिक तनाव को जिम्मेदार माना जा रहा है। कई शोधों से पता चला है कि लगातार स्क्रीन देखने और सोशल मीडिया के इस्तेमाल से बच्चे दूसरों की लाइफस्टाइल से खुद की तुलना करने लग रहे हैं। इससे उनमें हीन भावना, तनाव और डिप्रेशन बढ़ रहा है। इसकी वजह से उनकी नींद में कमी हो रही है। देर रात तक फोन चलाने के कारण भी बच्चों की सोने की आदत बिगड़ रही है। इससे उनमें चिड़चिड़ाहट बढ़ रही है। जिससे उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। जानकारों का मानना है कि सोशल मीडिया ऐप्स का अलगोरिदम ऐसा है, जिससे बच्चे ही नहीं, बड़े भी उसके लत का शिकार हो रहे हैं. इससे वे स्क्रीन के आदी हो रहे हैं। कई बार कम उम्र के बच्चों के सामने आत्महत्या, हिंसा या उम्र के हिसाब से गलत सामग्री भी आती है। वैसे सोशल मीडिया का अलगोरिदम ऐसा है कि नकारात्मक, हिंसा प्रधान और सेक्स से जुड़ी खबरें और दृश्य जल्दी वायरल होते हैं। सोशल मीडिया ट्रोलिंग और अभद्र टिप्पणियों का बड़ा और आसान माध्यम बन गया है। इनकी वजह से बच्चे मानसिक प्रताड़ना का शिकार हो रहे हैं। बच्चों को फंसाने वाले अपराधी उन्हे आसानी से अपना शिकार बना लेते हैं। इसीलिए दुनिया में कई देशों की सरकारें बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर रोक लगाने की तैयारी में हैं।



रोक लगाने वालों में इंडोनेशिया भी शामिल हो चुका है, जिसने मार्च 2026 से इसके नियम लागू कर दिए हैं। इनके अनुसार, 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए यूट्यूब, टिकटॉक, फेसबुक और रोब्लॉक्स जैसे हाई-रिस्क प्लेटफॉर्म्स पर पाबंदी लगा दी गई है। इंडोनेशिया की तरह मलयेशिया ने भी ऑनलाइन सुरक्षा अधिनियम के तहत 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट बनाने पर रोक लगा रखी है। संयुक्त अरब अमीरात ने बच्चों के लिए सोशल मीडिया के लिए न्यूनतम उम्र 15 वर्ष तय की है। इससे कम उम्र के बच्चों के अकाउंट बनाने पर यहां पूरी तरह रोक है। यूरोप के देश डेनमार्क में 15 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया ब्लॉक करने का कानून बन चुका है। बच्चों की उम्र की जांच के लिए सरकार डिजिटल एविडेंस ऐप पर काम कर रही है। इसी तरह ब्रिटेन की सरकार ने भी 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है, जो जनवरी 2027 से प्रभावी होने जा रही है। तुर्की में भी 15 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने के लिए कानून को मंजूरी मिल चुकी है, जिसे 2026 के अंत तक लागू किया जाना है। चीन में किशोरों के लिए सोशल मीडिया पर पूरी तरह पाबंदी तो नहीं है, लेकिन उनके लिए सख्त माइनर मोड लागू है, जो रात के समय सोशल मीडिया ऐप्स के इस्तेमाल और स्क्रीन टाइम को सीमित करता है। ब्राजील का बाल एवं किशोर डिजिटल कानून 17 मार्च, 2026 से लागू हो चुका है। जिसके तहत 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को अपने सोशल मीडिया खाते को माता-पिता या कानूनी अभिभावक से जोड़ना अनिवार्य है। इसके अलावा, यह कानून युवाओं के लगातार स्क्रॉल जैसी आदतों पर प्रतिबंध लगाता है। जर्मनी में भी इसी तरह का नियम लागू हो चुका है। स्वीडन समेत कई अन्य देश भी ऐसी तैयारी में हैं। अपने यहां कर्नाटक राज्य भी ऐसे कानून पर काम कर रहा है। जबकि नोएडा के जिला प्रशासन ने स्कूलों में ऑनलाइन के इस्तेमाल को सीमित करने का निर्देश दिया है। विदेशों की तुलना में जरा भारत को देखिए, यहां दिल्ली के जंतर-मंतर पर युवाओं और किशोरों ने जिस तरह अभद्र और अश्लील गालियों का कैमरे के सामने प्रदर्शन किया, उसे सोशल मीडिया के जरिए पूरी दुनिया ने देखा है। दिलचस्प है कि इसे प्रगतिशील बौद्धिकों के एक वर्ग ने समर्थन किया। दो राय नहीं कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल अगर सही तरीके से किया जाए तो उसकी पहुंच और त्वरा समाज को कई तरह के फायदे दिला सकती है। खामियां उजागर करके तंत्र पर दबाव बनाया जा सकता है। लेकिन हमें यह स्वीकार करने की हिचक नहीं होनी चाहिए कि देश में सोशल मीडिया अर्धनग्नता और अश्लीलता का वाहक बनता जा रहा है। इन्फ्लूएंसर बनने, रीच बढ़ाने और लाइक के जरिए कमाई के चक्कर में शरीफ परिवारों की महिलाओं को भी अंग प्रदर्शन से परहेज नहीं रहा।

## क्या कैप्टन ने सरकार के 'कप्तान' पर ही सवाल उठा दिये हैं?

(नीरज कुमार दुबे)

अपने आलेख में कैप्टन अमरिंदर सिंह ने साफ तौर पर कहा है कि नरेंद्र मोदी के दौर ने भारतीय राजनीति और शासन की दिशा बदल दी है। उनके अनुसार, मोदी ने भारतीय जनता पार्टी को राजनीति के एक सीमित दायरे से निकालकर देशव्यापी शक्ति में बदला। पंजाब विधानसभा चुनावों से पहले राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता कैप्टन अमरिंदर सिंह ने व्यक्ति-केंद्रित राजनीति पर सवाल उठाते हुए एक बड़ा राजनीतिक सवाल दागा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और पिछले एक दशक की उपलब्धियों को स्वीकार करते हुए कैप्टन ने अंग्रेजी समाचार-पत्र में अपने आलेख के जरिए यह संकेत दिया है कि अब भाजपा और देश की राजनीति को सिर्फ एक नाम और एक व्यक्ति के इर्द-गिर्द सिमटने की बजाय मजबूत संस्थाओं, जवाबदेही और स्थायी लोकतांत्रिक ढांचे की ओर बढ़ना चाहिए। एक तरह से कैप्टन ने भाजपा को भी सलाह दे डाली है कि मोदी-इज़्म की अगली मंजिल केवल मोदी के नाम पर आगे बढ़ना नहीं, बल्कि ऐसी संस्था-केंद्रित व्यवस्था खड़ी करना होनी चाहिए, जो किसी एक नेता से परे जाकर देश की राजनीतिक और प्रशासनिक ताकत को स्थायी आधार दे सके। अपने आलेख में कैप्टन अमरिंदर सिंह ने साफ तौर पर कहा है कि नरेंद्र मोदी के दौर ने भारतीय राजनीति और शासन की दिशा बदल दी है। उनके अनुसार, मोदी ने भारतीय जनता पार्टी को राजनीति के एक सीमित दायरे से निकालकर देशव्यापी शक्ति में बदला। डिजिटल सार्वजनिक ढांचे, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, वित्तीय समावेशन, स्वच्छता, आवास, बिजली और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में हुए कामों का उल्लेख करते हुए उन्होंने माना कि मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि सरकार की पहुंच और डिलीवरी क्षमता का विस्तार रही है। लेकिन कैप्टन का असली संदेश इससे आगे जाता है। उनका तर्क है कि किसी भी लोकतंत्र की सफलता को केवल एक शक्तिशाली नेता की उपलब्धियों से नहीं मापा जा सकता। मजबूत सरकार और मजबूत नेता महत्वपूर्ण हैं, लेकिन लोकतंत्र की असली मजबूती मजबूत संस्थाओं, जवाबदेही और संवैधानिक संतुलन से आती है। उन्होंने सवाल उठाया कि मोदी-इज़्म की अगली यात्रा आखिर किस दिशा में होगी? क्या वह एक व्यक्ति के नेतृत्व के इर्द-गिर्द सीमित रहेगा या फिर ऐसी संस्थागत व्यवस्था खड़ी करेगा, जो किसी भी व्यक्ति के सत्ता से हटने के बाद भी देश को आगे बढ़ाती रहे? यहीं से कैप्टन अमरिंदर सिंह का आलेख राजनीतिक रूप से और अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। भाजपा के वरिष्ठ नेता होते हुए भी उन्होंने संसद की भूमिका, संसदीय समितियों की जांच, संघीय विमर्श, संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता और नागरिक अधिकारों जैसे मुद्दों को खुलकर उठाया है। उनका कहना है कि लोकतंत्र केवल नियमित चुनावों का नाम नहीं है। चुनावी जीत किसी सरकार को जनादेश जरूर देती है, लेकिन लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती इस बात पर निर्भर करती है कि सत्ता के इस्तेमाल पर संस्थागत नियंत्रण कितना प्रभावी है। कैप्टन ने विशेष रूप से संसद की समितियों और संसदीय जांच की भूमिका पर जोर दिया है। उनके अनुसार, बड़े फैसलों से पहले गंभीर विचार-विमर्श और समितियों की जांच को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। संघीय ढांचे के सवाल पर भी उनका संकेत साफ है कि केंद्र और राज्यों के बीच शक्ति संतुलन तथा संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता लोकतंत्र की दीर्घकालिक मजबूती के लिए जरूरी है। उनका एक और महत्वपूर्ण तर्क कल्याणकारी योजनाओं को लेकर है। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि खाद्य सुरक्षा, आवास, छात्रवृत्ति और सामाजिक सुरक्षा जैसी योजनाओं को किसी नेता की उदारता या राजनीतिक उपहार के रूप में नहीं, बल्कि नागरिकों के अधिकार और राज्य के दायित्व के रूप में देखा जाना चाहिए। उनके मुताबिक, जब शासन का आधार व्यक्ति की छवि से आगे बढ़कर संस्थागत अधिकारों और जवाबदेही पर टिकेगा, तभी विकास की प्रक्रिया स्थायी और निष्पक्ष बन सकेगी। आलेख में कैप्टन ने संविधान की मूल अवधारणाओं पर भी अपनी बात रखी है। उनका कहना है कि बहुलतावाद, धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद जैसे शब्दों पर राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन संवैधानिक व्यवस्था को केवल राजनीतिक नारों के आधार पर नहीं आंका जा सकता। उनका तर्क है कि समाजवाद का अर्थ निजी क्षेत्र का विरोध या राज्य का पूर्ण नियंत्रण नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक न्याय तथा अवसरों की समानता भी है। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने मोदी सरकार की उपलब्धियों को नकारने की बजाय उन्हें भारत की नई राजनीतिक वास्तविकता का हिस्सा माना है। उनका कहना है कि पिछले एक दशक में भारत ने ऊर्जा, महत्वाकांक्षा और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत पहचान हासिल की है। लेकिन उन्होंने यह भी चेताया है कि किसी नेता की ऐतिहासिक सफलता का अंतिम पैमाना केवल उसकी व्यक्तिगत लोकप्रियता या चुनावी जीत नहीं होती। असली कसौटी यह होती है कि उसके बाद देश की संस्थाएं कितनी मजबूत, स्वायत्त और सक्षम बनकर उभरती हैं।

## जिनपिंग की भारत यात्रा- बॉर्डर पर तैनाती और निगरानी बढ़ाने का समय आ गया

**चीनी राष्ट्रपति के भारत यात्रा के दौरान जाहिर तौर पर दोनों देशों के बीच शीर्ष स्तर पर भी बातचीत होगी। हाल के दिनों में भारत चीन सीमा पर खासकर अरुणाचल प्रदेश को लेकर जो खबरें आ रही है, उसने पूरे देश को चिंतित कर दिया है। बदले माहौल में अब भारत की कोई भी सरकार सिर्फ शांति और व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के नाम पर पड़ोसी देश की इस तरह की नापाक हरकतों को ठंडे बस्ते में नहीं डाल सकती है।**

(संतोष कुमार पाठक )

भारत-चीन संबंधों के बीच सबसे बड़ी विडंबना शीर्ष नेताओं के दौरे के दौरान या दौरे के आसपास ही शुरू होती है। आमतौर पर जब भी किसी दो देशों के बीच शीर्ष स्तर पर यात्रा की कोई योजना बनती है तो दोनों ही देश, इस बात को सुनिश्चित करते हैं कि यात्रा से पहले और यात्रा के दौरान तो कम से कम कहीं कोई तनाव न पैदा हो। चीन के राष्टपति शी जिनपिंग भारत आने की तैयारी कर रहे हैं। भारत यात्रा के दौरान चीन के राष्टपति 18वें ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होंगे। जिनपिंग इससे पहले वर्ष 2019 में शिखर वार्ता के लिए भारत आएं थे। चीनी राष्टपति के भारत यात्रा के दौरान जाहिर तौर पर दोनों देशों के बीच शीर्ष स्तर पर भी बातचीत होगी। हाल के दिनों में भारत चीन सीमा पर खासकर अरुणाचल प्रदेश को लेकर जो खबरें आ रही है, उसने पूरे देश को चिंतित कर दिया है। बदले माहौल में अब भारत की कोई भी सरकार सिर्फ शांति और व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के नाम पर पड़ोसी देश की इस तरह की नापाक हरकतों को ठंडे बस्ते में नहीं डाल सकती है। ऐसे में नई दिल्ली में स्वागत की तैयारियों से भी ज्यादा जरूरी हो जाता है भारत-चीन सीमा पर सैनिकों को पूरे साजो-सामान के साथ 24 घंटे रेडी मोड में रखना। चीन का इतिहास भी यही बताता है कि भारत को अब और ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। भारत-चीन संबंधों के बीच सबसे बड़ी विडंबना शीर्ष नेताओं के दौरे के दौरान या दौरे के आसपास ही शुरू होती है। आमतौर पर जब भी किसी दो देशों के बीच शीर्ष स्तर पर यात्रा की कोई योजना बनती है तो दोनों ही देश, इस बात को सुनिश्चित करते हैं कि यात्रा से पहले और यात्रा के दौरान तो कम से कम कहीं कोई तनाव न पैदा हो। लेकिन चीन इसके बिल्कुल उल्टा करता है। चीन का इतिहास यह बताता है कि भारत की तरफ से संबंध सुधारने के लिए जब भी शीर्ष स्तर पर कोई नेता चीन जाता है या फिर भारत के निमंत्रण पर जब भी चीन से कोई शीर्ष नेता भारत आता है तो अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति और राजनयिक शिष्टाचार को पूरी तरह से धत्ता बताते हुए चीन की सेना सीमा पर खुराफात शुरू कर देती है। एक तरफ शीर्ष स्तर पर बातचीत, शांति और व्यापारिक संबंधों के ढोल बज रहे होते हैं तो वहीं दूसरी तरफ चीन की सेना भारत के क्षेत्र



में जबरदस्ती घुसपैठ करने और भारतीय सेना से लड़ती-भिड़ती नज़र आती है। आपको बता दें कि, चीन की सेना पाकिस्तानी सेना की तरह बेलगाम नहीं है यानी चीन की सेना जो कुछ भी करती है वह राष्टपति की मंजूरी से ही करती है। वैसे तो शीर्ष स्तर पर यात्राओं के दौरान चीन की इस तरह की हरकतों का लंबा इतिहास रहा है। लेकिन आपके सामने कुछ महत्वपूर्ण घटनाओं को उदाहरण के तौर पर रख देते हैं। वर्ष 2003 में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की चीन यात्रा के दौरान ही चीनी सेना की एक टुकड़ी ने अरुणाचल प्रदेश के अपर सुबनसिरी जिले के असफीला इलाके में स्ट पार करके भारतीय सीमा में न केवल घुसपैठ किया था बल्कि भारतीय सैनिकों की एक छोटी सी टुकड़ी से उनके हथियार तक छीन लिए थे। चीनी सेना ने इससे भी बड़ी नापाक हरकत वर्ष 2013 में अपने ही प्रधानमंत्री ली केकियांग के भारत दौरे से पहले की थी। मनमोहन सिंह सरकार के दौरान वर्ष 2013 में चीनी प्रधानमंत्री की भारत यात्रा से पहले पीएलए यानी चीनी सेना पूर्वी लद्दाख ( भारतीय क्षेत्र ) में 19 किलोमीटर तक न केवल अंदर घुस आई थी बल्कि वहां तंबू लगाकर कब्जा भी कर लिया था। दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने आ गई थी और लगभग 20 दिनों तक यह गतिरोध बना रहा था। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद वर्ष 2014 में चीनी राष्टपति शी जिनपिंग भारत यात्रा पर आएं। जिनपिंग के भारत पहुंचने से महज कुछ घंटे पहले ही चीन की सेना ने लद्दाख में घुसपैठ कर, अवैध तरीके से सड़क बनाना शुरू कर दिया। यहां भी दोनों देशों की सेनाएं लगभग दो सप्ताह तक आमने-सामने खड़ी रहीं। इस तरह के अनगिनत उदाहरण भरे पड़े हैं जब भारत और चीन के शीर्ष नेता बातचीत कर रहे थे या बातचीत करने की तैयारी कर रहे थे, ठीक उसी समय चीन की सेना नापाक हरकतें कर रही थी। ऐसे में बड़ा सवाल तो यही खड़ा हो रहा है कि क्या चीन सितंबर के महीने में बॉर्डर पर फिर से कोई बड़ी खुराफात करने की योजना तो नहीं बना रहा है ? यह सवाल इसलिए खड़ा हो रहा है क्योंकि भारत में 12-13 सितंबर को 18वां ब्रिक्स सम्मेलन होने जा रहा है। रूस के राष्टपति व्लादिमीर पुतिन इसमें शामिल होने के लिए भारत आएंगे। चीन के राष्टपति के भी इस सम्मेलन में आने की तैयारियां चल रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत के विदेश मंत्रालय के सूत्र यह बता रहे हैं कि जिनपिंग के दौरे की अभी आधिकारिक तौर पर औपचारिक सूचना भले ही न मिली हो लेकिन एडवांस टीमों के दौरे और बाकी तैयारियों से यह लग रहा है कि वह भारत आ सकते हैं। अगर ऐसा है तो भारत और चीन की सीमा पर चौकसी को और ज्यादा बढ़ाने का समय आ गया है। बॉर्डर से लगती भारत की हर चौकी पर सेना को पूरी ताकत और साजो-सामान के साथ तैनात करना पड़ेगा। वहां पर संचार के साधन और बिजली की उपलब्धता को हर हाल में सुनिश्चित करने वाली व्यवस्था करनी होगी। रिजर्व फौज को भी तैयार रखना होगा ताकि आपात स्थिति में तुरंत मदद पहुंचाई जा सके। दोनों देशों के बीच सीमा पर हथियार नहीं चलाने का समझौता हो रखा है तो ऐसे में जाहिर तौर पर लड़ने के लिए अलग तरह की तैयारियां तो करनी ही पड़ेगी। इस तरह के हालात में सैन्य साजो-सामान, हथियार, बेहतर संचार के साधन, 24 घंटे बिजली की उपलब्धता, बेहतर सड़क और खाने-पीने के सामानों की भरपूर उपलब्धता के साथ ही बड़ी-बड़ी नुकीले कील लगे डंडे की भी जरूरत पड़ती है।

# रंगदारी नहीं देने पर तीन यात्री बसों पर अंधाधुंध फायरिंग

## शीशे चकनाचूर, आठ नामजद लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार)।** फलका - कटिहार मार्ग पर यात्री बसों के संचालन को लेकर दो बस संचालकों के बीच उपजे विवाद ने हिंसक रूप ले लिया है।शनिवार की देर रात फलका बाजार स्थित एक धर्म कांटा समीप खड़ी तीन यात्री बसों पर बेखौफ बदमाशों ने गोलियां बरसा दी।गोलीबारी में तीन बसों के सामने के शीशे टूटकर बिखर गए।घटना और सूचना के बाद पुलिस के विलंब से पहुंचने को लेकर आक्रोशित बस संचालक एवं ग्रामीणों ने फलका बाजार का मुख्य चौक स्टेट हाइवे-77 व फलका-गेड़ाबाड़ी मार्ग को करीब दो घंटे के लिए जाम कर दिया।सड़क जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी।इस घटना की सूचना पाकर थानाध्यक्ष प्रहलाद यादव सदलबल के साथ मौके पर पहुंच आक्रोशित लोगों को काफी समझा - बुझाकर





जाम हटवाया और आवागमन सुचारू रूप से बहाल करवाया।इधर पीड़ित बस संचालक ने घटना को लेकर करीब आठ नामजद लोगों के विरुद्ध थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराया है।इस वारदात से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।पुलिस ने घटनास्थल से तीन खोखे बरामद किए हैं। मामले में सदर एसडीपीओ टु सुनील कुमार शर्मा सहित जिले से एफएसएल टीम भी पहुंच कर घटना की सघन जांच किया। मामले में पीड़ित बस संचालक मो. इसरार आलम ने दर्ज प्राथमिकी में जिक्र किया है कि हर रोज की तरह फलका बाजार स्थित एक धर्मकांटा समीप एसएच-77 किनारे सभी बसें खड़ी थीं।इसी दौरान पूर्णिया जिले के धमदाहा थाना क्षेत्र के बजराहा गांव निवासी बुलेट यादव अपने भांजे कबीर कुमार यादव, कुक्कू यादव व अन्य साथियों के साथ तीन बाइकों पर आया और बस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर ने का आरोप लगाया है।पीड़ित बस संचालक का आरोप है कि पिछले दिनों उनके एवं हर्ष राज ट्रैवल्स के कर्मियों के बीच विवाद हुआ था।इसके बाद पकड़िया स्थित पेट्रोल पंप पर समझौते के बहाने बुलाकर आरोपी द्वारा 5 लाख रुपये की रंगदारी की मांग करने तथा रकम न देने पर बसें नहीं चलने देने और हत्या की धमकी देने का आरोप लगाया है।पीड़ित ने आशंका जताया है कि 21अगस्त की रात फलका बस्ती स्थित बस स्टैंड के संचालक के घर बैठकर हमले की साजिश रची गई है।जिसके बाद वारदात को अंजाम दे दिया गया है।पीड़ित बस संचालक ने आरोपियों पर हत्या का प्रयास, रंगदारी व साजिश करने का आरोप लगाते हुए जान-माल की सुरक्षा हेतु पुलिस से गुहार लगाई है। पुलिस मामले की गहन तफ्तीश कर रही है।वहीं आरोपी पक्ष ने अपने उपर लगाए गए आरोपों को झूठा व बेबुनियाद बताया है।मामले में सदर डीएसपी -2 सुनील कुमार शर्मा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना स्थल पर बसों में तीन गोली का खोखा मिली है।उक्त मामले में बस स्टैंड संचालक सहित आठ लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# मिशन 10 डेज के तहत होल्डिंग टैक्स वसूली अभियान तेज : नगर आयुक्त

**अब तक 29.29 लाख रुपये की वसूली, रविवार को भी हुई साढे तीन का वसुली : संतोष कुमार**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नगर निगम कटिहार क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2026-27 के निर्धारित राजस्व लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश्य से होल्डिंग टैक्स वसूली के लिए मिशन टेन डेज के तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से बकायेदारों से होल्डिंग टैक्स की वसूली में तेजी लाते हुए नगर निगम के रूप में कुल 29,29,085 रुपये की वसूली की जा चुकी है। बकायेदारों से टैक्स जमा कराने के लिए निगम की टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि




राजस्व में वृद्धि पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इस संबंध में नगर आयुक्त संतोष कुमार ने बताया कि स्पैरो सॉफ्टेक प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर को विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। अभियान के तहत प्रतिदिन कम से कम 10 लाख रुपये की वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया गया है तथा दैनिक वसूली की रिपोर्ट प्रभारी पदाधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। 23 अगस्त 2026 तक होल्डिंग टैक्स के नगर निगम प्रशासन ने संबंधित टीम को निर्देश दिया है कि अभियान के दौरान बकाया होल्डिंग टैक्स की वसूली को प्राथमिकता देते हुए निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करें। साथ ही प्रतिदिन की वसूली का प्रतिवेदन नियमित रूप से उपलब्ध कराने को कहा गया है। नगर निगम प्रशासन का प्रयास है कि निर्धारित वित्तीय लक्ष्य को समय पर पूरा किया जाए तथा शहर के विकास एवं नागरिक सुविधाओं के लिए आवश्यक राजस्व की उपलब्धता सुनिश्चित हो। मिशन 10 डेज के तहत आगे भी होल्डिंग टैक्स वसूली अभियान को और तेज किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मनसाही के जिला परिषद सदस्य का निधन, जनप्रतिनिधि ने जताया शोक

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मनसाही प्रखंड के वर्तमान जिला परिषद सदस्य जहां आरा बेगम (56) का निधन विगत रात्रि इलाज के लिए पटना ले जाने के क्रम में हो गया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य जहां आरा बेगम के पति सह पूर्व उपप्रमुख खुर्शीद आजाद ने बताया कि विगत दिन अचानक तबीयत खराब हुआ जहां तुरंत उन्हें कटिहार ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए पूर्णिया रेफर कर दिया। पूर्णिया में भी कुछ घंटे के बाद डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। जहां रास्ते में बेगूसराय के पास निधन हो गया और एंबुलेंस के माध्यम से जिला परिषद सदस्य के पार्थिव शरीर को उनके आवास मनसाही अवस्थित गौहर टोला लाया गया। जहां पर कटिहार जिले के जनप्रतिनिधि देर रात्रि से ही उनके आवास पर आना शुरू कर दिया और जनप्रतिनिधि ग्रामीण लोग ने जिला परिषद सदस्य का अंतिम दर्शन किए एवं अल्लाह से दुआ किए कि उन्हें जन्नत मिले। वहीं जिला परिषद सदस्य जहां आरा बेगम अपने पीछे पति,दो पुत्र,दो पुत्री को छोड़कर चल बसे उनके अंतिम यात्रा में मनिहारी विधायक मनोहर प्रसाद सिंह, कटिहार सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव, अंचलाधिकारी मो० इस्माइल, मनसाही थाना के मुस्तफा



अंसारी, कांग्रेस नेत्री इंजीनियर मीनाक्षी श्वेता,जिला परिषद के अध्यक्ष रश्मि सिंह, प्रखंड प्रमुख सुषमा कुमारी, प्रतिनिधि गौतम कुमार सिंह,एससी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार पासवान, जदयू एससी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार उरांव, जदयू के प्रखंड अध्यक्ष बलराम पोद्दार, साहेबनगर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मो. तज्जमुल हक, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष कमरुल हक, कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष जमशेद आलम, पंचायत समिति सदस्य मधुसूदन पासवान उर्फ कन्हैया,मुखिया सह संघ के अध्यक्ष शंकर कुमार यादव, दीप नारायण पासवान, प्रियंका कुमारी,अनवर आलम,मरजीना खातून, अवधेश प्रसाद यादव,बबलू सोरेन, पंचायत समिति सदस्य मिथिलेश सिंह,फुलेश्वर उरांव,रतन यादव, मोहम्मद मोफीजुद्दीन, मो. शरीफ, वार्ड सदस्य मो. मुस्ताक, मो. इमरान खान सहित हजारों की संख्या में लोग शोक जताते हुए अंतिम यात्रा में शामिल हुए और शोक जताए।

### कटिहार स्टेशन पर शराब के साथ युवक गिरफ्तार, 8.820 लीटर शराब बरामद

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कटिहार रेलवे स्टेशन पर प्रतिबंधित शराब की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में आरपीएफ पोस्ट कटिहार ईस्ट एवं उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम ने एक युवक को शराब के साथ गिरफ्तार किया। उसके पास से कुल 8.820 लीटर प्रतिबंधित शराब बरामद किया गया है। जिसकी अनुमानित कीमत 6,860 रुपये बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार आरपीएफ ईस्ट पोस्ट कमांडर विक्रम कुमार के नेतृत्व में आरपीएफ एवं उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कटिहार स्टेशन पर जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक युवक को पिट्ठू बैग के साथ संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। तलाशी लेने पर बैग से ऑफिसर्स चॉइस की 180 एमएल वाली 49 टेट्रा पैक शराब बरामद हुई। गिरफ्तार युवक लाल कुमार राय(28) पूर्णिया जिला का निवासी है। बरामद शराब को मौके पर ही जब्त कर आरोपी को शराब सहित आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग कटिहार को सौंप दिया गया।वही संयुक्त टीम की कार्रवाई से स्टेशन परिसर में प्रतिबंधित शराब की तस्करी करने वालों में हड़कंप मच गया है।



### मनिहारी गंगा घाट पर आस्था का सैलाब

**मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सावन के पावन महीने में रविवार को मनिहारी गंगा घाट पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने लगी। हर-हर महादेव के जयघोष के बीच लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। स्नान के बाद श्रद्धालु गंगाजल भरकर अपने-अपने गंतव्य के शिवालयों की ओर रवाना हुए। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में रहा। गंगा घाट पर सुरक्षित स्नान को लेकर व्यापक स्तर पर बैरिकेडिंग की गई थी। घाट के चप्पे-चप्पे पर प्रशासन की पैनी नजर रही। लगातार पुलिस गश्त के साथ जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई थी। श्रावणी मेले को लेकर दंडाधिकारी के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम भी लगातार व्यवस्था का जायजा लेती रही। सुरक्षित स्नान के लिए विशेष इंतजाम किया गया।श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए घाट पर बैरिकेडिंग के साथ एसडीआरएफ की टीम को भी तैनात रखा गया। टीम लगातार गंगा घाट और स्नान क्षेत्र की मॉनिटरिंग करती रही। प्रशासनिक अधिकारियों अनुमंडल पदाधिकारी त्रिलोकी नाथ सिंह, प्रभारी एसडीपीओ आसिफ आलम, थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा और पुलिस जवानों ने भीड़ को नियंत्रित करने के साथ श्रद्धालुओं को सुरक्षित तरीके से स्नान कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गंगा घाट पर उमड़ी भीड़ के कारण पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। चारों ओर हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा।

### 25 अगस्त को होगा विद्यार्थी सहयोग शिविर

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राज्य सरकार के निदेर्शानुसार महीने के चौथे मंगलवार को विद्यार्थियों के लिए विद्यार्थी सहयोग शिविर का आयोजन सभी महाविद्यालय, डिग्री कॉलेज, पॉलिटेक्निक, आईटीआई कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, अनुसूचित जाति/जनजाति आवासीय विद्यालय एवं अन्य महाविद्यालयों में किया जाएगा। 25 अगस्त को आयोजित होने वाले इस शिविर को लेकर जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने कहा है कि विद्यार्थी सहयोग शिविर में 'विद्यार्थी सहयोग पोर्टल' से छात्रों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इससे शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही आएगी। विद्यार्थी अपनी शैक्षणिक एवं छात्रावास से जुड़ी शिकायतें और सुझाव पोर्टल के माध्यम से कभी भी ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं।उन्होंने बताया है कि इसके अलावा टोल-फ्री हेल्पलाइन 1100 पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

# तीन दिनों से बिजली गुल, ग्रामीणों का फूटा आक्रोश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** बारसोई प्रखंड के धरमपुर पंचायत अंतर्गत धर्मपुर गांव में पिछले तीन दिनों से बिजली आपूर्ति ठप रहने से ग्रामीणों का आक्रोश रविवार को फूट पड़ा। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया और बिजली विभाग के खिलाफ नाराजगी जतायी। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला परिषद सदस्य मोहम्मद गुलजार ने की। मोहम्मद गुलजार ने कहा कि धर्मपुर पंचायत में लगभग तीन दिनों से बिजली पूरी तरह स ठप है। जिससे हम लोगों को भीषण गर्मी में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। रात भर परिवार के सभी सदस्य गर्मी के कब चलते सो



नहीं पा रहे हैं। बिजली विभाग के ओरिया पदाधिकारी को भी सूचना दी गई है की तीन दिनों से बिजली नहीं है लेकिन कोई सुनने वाला नहीं। जिला पदाधिकारी से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द नियमित रूप से बिजली बहाल किया जाए। ताकि यहां के लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सके तथा छात्र-छात्रा पढ़ाई कर सके। वही ग्रामीणों ने जल्द से जल्द जले ट्रांसफार्मर को बदलकर विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग की।ग्रामीणों ने कहा कि गांव में लगा ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण बीते तीन दिनों से बिजली नहीं है। लगातार बिजली गुल रहने से लोगों को उमस भरी गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बच्चों की पढ़ाई घरेलू कामकाज पेयजल व्यवस्था समेत कई जरूरी कार्य प्रभावित हो रहे हैं।प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि बिजली विभाग को ट्रांसफार्मर जलने की जानकारी दिये जाने के बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गयी तो आंदोलन को और तेज किया जायेगा।

# पंचायत सरकार भवन का निर्माण शुरू, दो ग्रामीण नहीं हटा रहे घर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के मरंगी पंचायत के नारायणपुर गांव में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य शुरू हो गया हैं। इस मौके पर अंचलाधिकारी मो० इस्माइल, मनसाही थाना के अवर निरीक्षक संतोष कुमार,अंचल अमीन आकाश कुमार,मुखिया सह संघ के अध्यक्ष शंकर कुमार यादव, राजद नेता संतोष कुमार उपस्थित होकर निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया। इस दौरान जेसीबी से मिट्टी को काटकर हटाने का कार्य शुरू किया गया। इस दौरान निर्माण कार्य में दो गृह स्वामी अपना घर नहीं हटाना चाह रहे हैं। जबकि अंचलाधिकारी



मो० इस्माइल ने बताया कि सभी लोगों को दो-दो डिसमिल जमीन उपलब्ध करा दिया गया हैं। उन्हें तीन दिन का मोहलत दिया गया हैं अगर वह स्वेच्छा से अपना घर नहीं हटाते हैं तो विभागीय कार्रवाई की जाएगी। वहीं पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य शुरू होने से स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीणों में हर्ष का माहौल हैं।

# डॉक्टर से मारपीट के आरोप का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** बारसोई में चिकित्सक के साथ मारपीट और क्लिनिक में हंगामा करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस की कार्रवाई के बाद चिकित्सकों के साथ दुर्व्यवहार करने वालों में हड़कंप है। मामला 19 अगस्त की रात का है। मौलानापुर निवासी मो. असरफ अली की ओर से दर्ज प्राथमिकी के अनुसार मरीज को लेकर कुछ लोग क्लिनिक पहुंचे थे। चिकित्सक ने मरीज को अस्पताल ले जाने तथा आवश्यक जांच कराने की




सलाह दी थी। आरोप है कि इसी बात को लेकर कुछ लोग बाद में दोबारा क्लिनिक पहुंचे और चिकित्सक के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।प्राथमिकी में चिकित्सक पर लाठी,लोहे की रॉड, मुक्का और धारदार हथियार से हमला करने का आरोप लगाया गया है। हमले में चिकित्सक के सिर और ललाट पर चोट लगने की बात कही गयी है। शिकायत में क्लिनिक से 35 हजार रुपये तथा चिकित्सक की जेब से 20 हजार रुपये ले जाने का भी आरोप लगाया गया है। घटना के बाद घायल चिकित्सक का इलाज अनुमंडल अस्पताल बारसोई में कराया गया। मामले में बारसोई थाना कांड संख्या 144/26 दर्ज किया गया है।मरीज के परिजनों से संयम की अपील किया है ।घटना के बाद पुलिस की कार्रवाई ने यह संदेश दिया है कि इलाज को लेकर किसी भी प्रकार की असहमति या नाराजगी होने पर चिकित्सक के साथ मारपीट अथवा क्लिनिक में हंगामा करना उचित नहीं है। मरीज के इलाज को लेकर शिकायत या असहमति हो तो संबंधित चिकित्सक, अस्पताल प्रबंधन अथवा सक्षम अधिकारी के समक्ष अपनी बात रखी जा सकती है। हंगामे से इलाज की व्यवस्था होती है प्रभावित होती है। किसी भी परिस्थिति में कानून हाथ में न लें और विवाद की स्थिति में कानूनी प्रक्रिया का सहारा लें।

# रंगदारी कांड का नगर थाना पुलिस ने किया उद्भेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार पुलिस ने रंगदारी मांगने के एक मामले का सफल उद्भेदन करते हुए पांच आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक देसी कट्टा, पांच जिंदा कारतूस,दो खोखा तथा पांच मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। नगर थाना में प्रेस वार्ता आयोजित कर सदर एसडीपीओ वन विशाल आनंद ने बताया कि नगर थाना क्षेत्र के नया टोला रामकंठू स्कूल चौक वार्ड संख्या-34 निवासी राजीव कुमार (54) ने लिखित आवेदन देकर शिकायत की थी कि 16 अगस्त को पूर्वाह्न करीब 11:16 बजे एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर उनसे पांच लाख रुपये की रंगदारी की मांग की थी।मामले को लेकर नगर थाना कांड



संख्या 941/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। वैज्ञानिक अनुसंधान एवं मानवीय सूचना के आधार पर बसुंधरा बिहार के समीप छापेमारी कर इस मामले में संलिप्त पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हफलागंज निवासी अंशु राज (19), नगर थाना क्षेत्र के नया टोला शिव मंदिर चौक निवासी विवेक गामी (21), श्याम कुमार मांझी (25), सन्नी पासवान (30) तथा वर्मा नगर निवासी रंजीत कुमार राम शामिल हैं। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों के पास से एक देशी कट्टा, पांच जिंदा कारतूस, दो खोखा और पांच मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि रंजीत कुमार राम के विरुद्ध नगर थाना में पूर्व से भी आपराधिक मामला दर्ज है।

# मदरसा प्रबंधन समिति विवाद को लेकर डीईओ ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आजमनगर (कटिहार)।** बिहार राज्य मदरसा बोर्ड के निर्देश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी राहुलचंद्र चौधरी ने मदरसा इस्लामिया आजमनगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मदरसा प्रबंधन समिति के गठन को लेकर दो पक्षों के बीच चल रहे विवाद के संबंध में दोनों पक्षों से संवाद कर आवश्यक जानकारी ली। साथ ही जांच के लिए संबंधित वैध कागजात लिये गए। जानकारी के अनुसार दो वर्ष पूर्व मदरसा प्रबंधन समिति के गठन को लेकर उक्त मदरसे में चुनाव हुई थी। उक्त चुनाव में मोहम्मद साजिद अली को



सेक्रेटरी तथा हसन आरजू सदर पद के लिए चयनित हुए थे। हालांकि दूसरे पक्ष ने उक्त चुनाव में हिस्सा नहीं लिया था। इस बाबत उक्त चुनाव को चुनौती देते मदरसा बोर्ड में दूसरे पक्ष द्वारा आवेदन दिया गया था।दिए गए आवेदन में बिहार राज्य मदरसा बोर्ड से प्रबंधन समिति की पुनर्गठन की मांग की गई थी। इसी मामले को लेकर मदरसा बोर्ड के निर्देश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने मदरसा इस्लामिया आजमनगर पहुंचकर दोनों पक्षों से बातचीत की और समिति गठन से संबंधित दस्तावेजों की जांच की।जिला शिक्षा पदाधिकारी राहुल चंद्र चौधरी ने बताया कि बोर्ड से प्रबंधन समिति के पुनर्गठन की मांग की गई थी। इसी के मद्देनजर आज दोनों पक्षों से संबंधित कागजात लिए गए हैं। प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर जांच रिपोर्ट बिहार राज्य मदरसा बोर्ड को समर्पित की जाएगी।

# वायरल वीडियो में एक महिला को खंभे से बांधकर पीटने का मामला चर्चा का विषय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आजमनगर (कटिहार)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर कदमगाछी गांव में एक महिला को खंभे से बांधकर लगातार पिटाई करने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि महिला का कपड़ा फाड़कर नंगा कर दिया गया। लोग तमाशा देखते रह गये । महिला ने बताया कि रामपुर गांव के मोहम्मद नाहिद पूरे परिवार के साथ लगातार मारपीट करता रहा। फिर भी गांव का कोई भी आदमी छुड़ाने के लिए नहीं पहुंचा। बल्कि लोग तमाशा देखते रह गए। ऐसे मन नहीं भरा तो खंभे से बांधकर मारता रहा। प्यास लगी तो पानी पीने के लिए मांगने पर बोला मुंह में पेशाब कर देंगे फिर भी पानी नहीं पिलाएंगे। मानवता को शर्मसार करने वाली घटना घटित होने के बाद गांव के कोई व्यक्ति के द्वारा 112 नंबर डायल कर आजमनगर



पुलिस को सूचना दी गई। आजमनगर पुलिस के अधिकारी घटनास्थल पहुंचकर खंभे में बंधा उक्त महिला को छुड़ाया। तत्पश्चात रामपुर गांव के निकट स्थित कदम गाछीगांव में उक्त महिला को उनके ससुराल पहुंचाया। ससुराल वालों ने महिला का इलाज कराया। तत्पश्चात आजमनगर थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। महिला ने कहा कि घटना घटने के 11 दिन बीत गए फिर भी अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। हालांकि महिला के द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर आजमनगर थाने में मामला दर्ज हो चुका है।

# केंद्रीय योजनाओं की गुणवत्ता और रफ्तार पर होगी खास नजर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** शहर के गामी टोला स्थित सद्भावना भवन सांसद के आवासीय कार्यालय परिसर में कटिहार संसदीय विकास समिति के अंतर्गत कटिहार विधानसभा क्षेत्र की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने की। बैठक में क्षेत्र में संचालित केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं की प्रगति, संचालन एवं कार्यान्वयन की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं, कार्य की गति और योजनाओं की गुणवत्ता को लेकर चर्चा की गई। साथ ही आने वाले समय में विकास योजनाओं का लाभ आम लोगों तक बेहतर तरीके से पहुंचाने और योजनाओं में पारदर्शिता बनाए रखने पर जोर दिया गया। योजनाओं की गुणवत्ता और कार्य की




गति पर लगातार नजर रखने के लिए एक विशेष देखरेख कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में कांग्रेस नेता कुमार गौरव को संयोजक बनाया गया। यह कमेटी क्षेत्र में संचालित योजनाओं की प्रगति की निगरानी करने के साथ-साथ कार्यों की गुणवत्ता का भी आकलन करेगी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने कहा कि केंद्र प्रायोजित योजनाओं का उद्देश्य आम लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है। इसके लिए जरूरी है कि योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित मानकों के अनुरूप और समय पर हो। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और योजनाओं की गुणवत्ता एवं गति सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा कि गठित विशेष कमेटी क्षेत्र में चल रही योजनाओं की जमीनी स्थिति की जानकारी लेगी और जहां भी कार्य में कमी या लापरवाही सामने आएगी। उसकी जानकारी संबंधित स्तर तक पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सांसद तारिक अनवर के नेतृत्व में क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने और योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। बैठक में कांग्रेस के कई नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर अपने सुझाव रखे और केंद्रीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की। मौके पर दिलीप विश्वास, विनोद यादव, मोहम्मद जुबैर आलम, निरंजन पोद्दार, मतलूब हुसैन, विनय मंडल, मोहम्मद बसीर, अर्जुन उरांव, सीताराम केवट, कुमार गौरव, अरुण प्यासा, मेजर जमाल, पप्पू कश्यप, मोहम्मद असलम, मोहम्मद रियाज, कन्हैया उरांव, विष्णु उरांव, मोहम्मद सलीम,मो. कमरान सहित कई कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

**संक्षिप्त समाचार**

## मैं अपनी कंपनी में किसी भी अन्य व्यक्ति की तुलना में अपने कर्मचारियों की सबसे ज्यादा परवाह करता हूं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चार्ली एर्जेन दुनिया के बड़े दौलतमंदों में शुमार हैं। उनकी पहचान अमेरिकी



पे-टीवी और टेलीकॉम सेक्टर से है। अरबपति उद्यमी डिश नेटवर्क और इकोस्टार के सह-संस्थापक हैं। 1980 के दशक में एक ट्रक के पीछे से सैटेलाइट डिश बेचकर चार्ली ने अपने व्यवसाय की शुरुआत की। कॉर्पोरेट जगत में उन्हें दूरदर्शी रणनीतिक नेतृत्व शैली के लिए जाना जाता है। मैं अपनी कंपनी में किसी भी अन्य व्यक्ति की तुलना में अपने कर्मचारियों की सबसे ज्यादा परवाह करता हूं। मैं अपने बच्चों की भी परवाह करता हूं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वे जो कुछ भी मांगें, मैं उन्हें सब दे दूं। क्या है इसका मतलब चार्ली एर्जेन यह साफ करते हैं कि कर्मचारियों की परवाह करने का मतलब उनकी हर मांग या जिद को पूरा करना नहीं है। जैसे माता-पिता अपने बच्चों से प्यार करते हैं। लेकिन, उनकी हर अनुचित या नुकसानदेह मांग को पूरा नहीं करते क्योंकि इससे बच्चे का ही भविष्य बिगड़ सकता है। ठीक वैसे ही एक जिम्मेदार बॉस कंपनी और कर्मचारियों दोनों के लॉन्ग-टर्म इंटरेस्ट को ध्यान में रखकर फैसले लेता है। बिजनेस में संसाधन सीमित होते हैं। अगर कोई लीडर सिर्फ कर्मचारियों को खुश करने के लिए बहुत ज्यादा वेतन वृद्धि, अनावश्यक भत्ते या अव्यवहारिक सुविधाएं देने लगे तो कंपनी की वित्तीय स्थिति कमजोर हो सकती है। एर्जेन का मानना है कि कर्मचारियों की असली सुरक्षा इसमें है कि कंपनी मजबूत और फायदे में रहे। न कि इसमें कि कर्मचारियों को अल्पकालिक खुशियों के लिए सब कुछ दे दिया जाए। यह कोट एर्जेन की प्रसिद्ध मैनेजमेंट शैली को दिखाता है। जहां

## एप्पल में बड़ा फेरबदल, सैंकड़ों कर्मचारियों की नौकरी पर खतरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टेक दिग्गज एप्पल अपने कारोबार में बड़ा बदलाव कर रही है। कंपनी अब हार्डवेयर से ज्यादा आर्टिफिशियल



इंटेलिजेंस और नए एआई आर्किटेक्चर पर फोकस बढ़ा रही है। इसी रणनीति के तहत सिरी, विजन प्रोऔर कुछ सॉफ्टवेयर टीमों में करीब 200 पदों को खत्म किया जा रहा है। मामले से परिचित लोगों के मुताबिक, एप्पल के सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग डिविजन की इंटेलिजेंट सिस्टम्स एक्सपीरियंस टीम में भी छंटनी की गई है। यह टीम डिवाइस में इस्तेमाल होने वाले कई एआई फीचर्स पर काम करती है। एप्पल अपने डिजिटल असिस्टेंट सिरी को पूरी तरह नए एआई सिस्टम पर तैयार करने में जुटी है। कंपनी का फोकस अब ऐसे इंजीनियरों पर है, जिन्हें जनरेटिव एआई और आधुनिक एआई आर्किटेक्चर का अनुभव हो। इसी बदलाव के दौरान पुरानी भूमिकाओं को खत्म कर नई एआई-केंद्रित नौकरियां तैयार की जा रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक सिरी और सॉफ्टवेयर से जुड़ी टीमों में करीब 100 पद प्रभावित हुए हैं। छंटनी का दूसरा बड़ा असर विजन प्रो संगठन पर पड़ा है। कंपनी ने हेडसेट के लिए गेमिंग पर केंद्रित टीम को काफी छोटा कर दिया है। इसके अलावा विजन प्रोके लिए इमर्सिव वीडियो कंटेंट तैयार करने वाली यूनिट में भी कर्मचारियों की संख्या घटाई गई है। करीब 100 पद विजन प्रोसंगठन से जुड़े बताए जा रहे हैं।

# कारखानों पर ताले, सड़कों पर लोग... बांग्लादेश में हाहाकार, गैस संकट से अर्थव्यवस्था चरमराई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश में प्राकृतिक गैस का संकट लगातार गहराता जा रहा है। गैस की कमी के कारण



कई उद्योग-धंधे ठप पड़ गए हैं। वहीं बिजली की भीषण कटौती हो रही है और ईंधन की किल्लत से सड़कों पर प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। देश की अर्थव्यवस्था और आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पर इसका व्यापक असर पड़ रहा है।

बांग्लादेश के आशुगंज में स्थित सरकारी यूरिया खाद फैक्ट्री मार्च 2025 से बंद पड़ी है। कभी यहां करीब 1,200 से ज्यादा कर्मचारी काम करते थे और रोजाना 1,000 टन से अधिक खाद का उत्पादन होता था। अब यह फैक्ट्री जंग खा रही मशीनों और खाली ढांचे में बदल गई है। आशुगंज उन छह प्रमुख यूरिया खाद संयंत्रों में शामिल है, जिन्हें गैस की कमी के कारण बंद करना पड़ा है या उत्पादन सीमित करना पड़ा है। ट्रेड यूनियन नेता एमडी अबू कौसर के मुताबिक, इन संयंत्रों के बंद होने से कर्मचारियों की नौकरियां प्रभावित हुई हैं और खाद उद्योग पर भी खतरा बढ़ा है। एएफपी के मुताबिक गैस की कमी का असर सिर्फ खाद कारखानों तक सीमित नहीं है। सैकड़ों फैक्ट्रियां, खासकर कपड़ा उद्योग से जुड़ी इकाइयां, उत्पादन घटाने या काम बंद करने पर मजबूर हैं। बांग्लादेश दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कपड़ा निर्यातक देश है और उसके कुल निर्यात से होने वाली कमाई में करीब 80 फीसदी हिस्सा गारमेंट सेक्टर का है।

### बिजली कटौती से परेशान लोग

गैस से बिजली बनाने वाले पावर प्लांट भी पर्याप्त उत्पादन नहीं कर पा रहे हैं। इसका सीधा असर बिजली आपूर्ति पर पड़ा है और कई इलाकों में नियमित बिजली कटौती हो रही है। सरकार ने अगस्त में बिजली बचाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इनमें शॉपिंग मॉल को सामान्य समय से एक घंटा पहले बंद करने का निर्देश भी शामिल है। बांग्लादेश में घरेलू पाइपलाइन गैस की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। देश की कुल गैस खपत में घरेलू क्षेत्र की हिस्सेदारी 10 फीसदी से कुछ ज्यादा है, लेकिन गैस संकट का असर आम परिवारों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। आशुगंज फैक्ट्री के पास रहने वाली 50 वर्षीय गृहिणी नरगिस बेगम ने बताया कि रात के समय कई बार बिल्कुल गैस नहीं आती। कभी-कभी गैस का दबाव इतना कम होता है कि एक साथ दो चूल्हे भी नहीं जल पाते। कई परिवारों, खासकर ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों ने लकड़ी से चलने वाले चूल्हों का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। दूसरी ओर, बिजली कटौती के कारण गर्म और उमस भरे मौसम में लोगों को पंखे के बिना रहना पड़ रहा है। गैस से चलने वाले रिक्शा चालकों को भी ईंधन की कमी का सामना करना पड़ रहा है। कई चालक घंटों तक गैस का इंतजार करने के बाद विरोध में सड़कों पर उतर आए और रास्ते भी रोक दिए।

## चीनी के बाद प्याज की कीमतों में उछाल, अचानक इतने बढ़ गए दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** त्योहारी सीजन शुरू होने से पहले ही आम लोगों की रसोई का बजट बिगड़ने लगा है।



चीनी के बाद अब प्याज की कीमतों में भी तेज उछाल देखने को मिल रहा है। देश के कई हिस्सों में खुदरा बाजार में प्याज के दाम तेजी से बढ़े हैं और कुछ बड़े शहरों में इसकी कीमत 50 से 60 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 21 अगस्त को प्याज की औसत खुदरा कीमत करीब 40.79 रुपए प्रति किलो रही। एक महीने पहले 21 जुलाई को यही कीमत 34.87 रुपए प्रति किलो थी यानी एक महीने में प्याज लगभग 17 प्रतिशत महंगा हुआ है। एक साल पहले की तुलना करें तो 21 अगस्त 2025 को औसत खुदरा कीमत करीब 28.72 रुपए प्रति किलो थी।

## आम आदमी के लिए वंदे भारत का मजा, अमृत भारत 3.0 में मिलेंगे एसी कोच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेलवे अब अमृत भारत 3.0 एक्सप्रेस में एयर-कंडीशंड कोच लाने की तैयारी में है। अमृत भारत एक्सप्रेस के जरिए आम लोगों के लिए ट्रेन यात्रा को बेहतर बनाने के बाद ऐसा किया जा रहा है। उम्मीद है कि इसे इसी फाइनेंशियल ईयर में लॉन्च किया जाएगा। अब तक अमृत भारत एक्सप्रेस एक नॉन-ॣष्ट लंबी दूरी की पैसेंजर ट्रेन रही है। इसमें जनरल क्लास और स्लीपर क्लास के कोच होते हैं। आम लोगों के लिए चलने वाली दूसरी एक्सप्रेस ट्रेनों की तुलना में अमृत भारत एक्सप्रेस की खासियत है - तेज यात्रा का वादा और वंदे भारत जैसी पैसेंजर सुविधाएं। 2023 में शुरू की गई अमृत भारत ट्रेनों में से 60 से ज्यादा ट्रेनें भारतीय रेलवे नेटवर्क पर चल रही हैं। स्लीपर क्लास में यात्रा का किराया प्रति 1,000 किलोमीटर लगभग 500 रुपये है। इसका मकसद इसे किफायती रखना है। इसकी डिमांड साफ तौर पर दिखती है। भारतीय रेलवे के डेटा के मुताबिक, अमृत भारत ट्रेनों की स्लीपर क्लास में औसत ऑक्यूपेंसी (यात्रियों की संख्या) 100 प्रतिशत से ज्यादा है।



### आम लोगों की जरूरत पूरा करती है ट्रेन

अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के दोनों सिरों पर लोकोमोटिव (इंजन) होते हैं। ये ट्रेनें तेज स्पीड, तेजी से स्पीड बढ़ाने और कम करने के लिए पुश-पुल टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करती हैं। इससे यात्रियों का कुल यात्रा समय कम हो जाता है। ट्रेन की अधिकतम स्पीड 130 किमी प्रति घंटा तक हो सकती है। अमृत भारत एक्सप्रेस आम लोगों, मजदूरों और दूसरे राज्यों में काम करने वालों की यात्रा की जरूरतों को पूरा करती है। साथ ही, इसका मकसद त्योहारों के मौसम में भीड़ को संभालना और आधुनिक व कुछ हद तक प्रीमियम पैसेंजर सेवाएं देना भी है। चेन्नई को 50 अमृत भारत 2.0 ट्रेनें बनाने का ऑर्डर दिया गया है। इनमें से 32 ट्रेनें तैयार हो चुकी हैं। इस साल 18 और ट्रेनों के आने की उम्मीद है। कपूरथला भी 50 रेक (ट्रेन के डिब्बों का सेट) बना रहा है।

### वंदे भारत जैसी कई सुविधाएं होंगी शामिल

भारतीय रेलवे अब अमृत भारत एक्सप्रेस के लिए ॣष्ट कोच बना रहा है। सूत्रों ने बताया कि एयर-कंडीशंड अमृत भारत कोच में वंदे भारत स्लीपर और राजधानी एक्सप्रेस जैसी कई विशेषताएं होंगी ताकि यात्रियों को प्रीमियम अनुभव मिल सके। उन्होंने कहा कि लंबी दूरी की यात्रा के लिए तीन तरह के ॣष्ट कोच की योजना है। एसी फर्स्ट क्लास, एसी-2 टियर और एसी-3 टियर। कोच वाली अमृत भारत 3.0 के लिए कुल 14 रेक का ऑर्डर दिया गया है। एसी कोच के साथ अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें लंबी दूरी की अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों जैसी ही होंगी। लेकिन, इनमें आधुनिक यात्री सुविधाएं और वंदे भारत व राजधानी जैसी यात्री सुविधाएं भी होंगी। अनुभव को बेहतर बनाने और यात्रा को किफायती रखने की कोशिश कर रही है।

# भारत में बरसे डॉलर... आरबीआई की रणनीति हुई सुपरहिट, तीन खास स्कीम से जुटाए 72.8 अरब, एफसीएनआर बीटॉप पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने रुपये पर दबाव और विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत करने के लिए शुरू की गई रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की विशेष योजनाओं के जरिए अब तक 72.8 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा जुटाई है। आरबीआई ने शनिवार को जारी आंकड़ों में बताया कि इसमें सबसे बड़ा योगदान विदेशों में रहने वाले भारतीयों के लिए शुरू की गई जमा योजना का रहा है। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, 72.8 अरब डॉलर के कुल विदेशी मुद्रा प्रवाह में जमा के जरिए 65.39 अरब डॉलर आए हैं। वहीं, अन्य दो योजनाओं के तहत भी विदेशी मुद्रा जुटाई गई है। इनमें एक्सटर्नल कमर्शियल बॉरोइंग के जरिए 2.59 अरब डॉलर और ओवरसीज फॉरेन करेंसी बॉरोइंग के जरिए 4.86 अरब डॉलर आए हैं। खास बात यह है कि पिछले एक सप्ताह में ही बैंकों ने योजना के तहत करीब 13 अरब डॉलर जुटाए हैं।

**रिजर्व बैंक ने समयसीमा क्यों घटाई:** विदेशी मुद्रा के मजबूत प्रवाह को देखते हुए पिछले सप्ताह योजना के तहत विशेष प्रोत्साहन वाले डिपॉजिट स्वीकार करने की समयसीमा को एक महीने पहले ही खत्म करने का फैसला किया। अब बैंक 31 अगस्त 2026 तक इन जमाओं को स्वीकार कर सकते हैं। हालांकि, श्वष्टक्र और ह्स्रष्टक्र से जुड़ी स्वैप योजना पहले तय कार्यक्रम के मुताबिक 31 दिसंबर 2026 तक जारी रहेगी।

**डॉलर जुटाने के लिए शुरू हुई थी योजना:** आरबीआई ने इस सुविधा को 8 जून 2026 से लागू किया था। इसका उद्देश्य देश में डॉलर का प्रवाह बढ़ाना और विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत



करना था। इस व्यवस्था के तहत बैंक पात्र विदेशी मुद्रा उधारी को आरबीआई के साथ रियायती दरों पर स्वैप कर सकते हैं। इससे बैंकों की फंडिंग लागत कम होती है। इसके अलावा, नई व्यवस्था के तहत बैंक से मिलने वाले डॉलर को के साथ जीरो-कॉस्ट हेजिंग सुविधा के तहत स्वैप कर सकते हैं। यह सुविधा 11 सितंबर 2026 तक उपलब्ध है।

योजना की सफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इसके तहत आने वाला पैसा 2013 में लाई गई ऐसी ही योजना से जुटाए गए 26 अरब डॉलर से काफी अधिक हो गया है। जून में नई विंडो खुलने के तीन महीने से भी कम समय में यह आंकड़ा कई गुना बढ़ गया है। इससे भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को भी काफी मजबूती मिली है। जुलाई से अब तक देश का विदेशी मुद्रा भंडार करीब 50 अरब डॉलर बढ़ चुका है।

**7 हफ्तों से लगातार बढ़ रहा फॉरेक्स रिजर्व:** आरबीआई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 14 अगस्त को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 9.905 अरब डॉलर बढ़कर 716.90 अरब डॉलर हो गया। इसके साथ ही देश के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार सातवें सप्ताह बढ़ोतरी दर्ज की गई। हालांकि, विदेशी मुद्रा भंडार में इतनी बड़ी बढ़ोतरी के बावजूद रुपये को इसका उतना फायदा नहीं मिला है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण रुपये पर अब भी दबाव बना हुआ है।

# टाटा, गोदरेज, बिरला... गोल्ड लोन बिजनेस में धड़ाधड़ एंट्री, बड़े कारोबारी ग्रुप लगा रहे हैं दांव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के गोल्ड लोन बाजार में बड़ी कंपनियों की दिलचस्पी तेजी से बढ़ रही है। टाटा कैपिटल, गोदरेज कैपिटल और आदित्य बिरला कैपिटल जैसे बड़े वित्तीय समूह अब गोल्ड लोन कारोबार को केवल एक छोटे या क्षेत्रीय कारोबार के तौर पर नहीं देख रहे हैं। पिछले कुछ हफ्तों में इन कंपनियों के उठाए कदम बताते हैं कि गोल्ड लोन सेक्टर में एक बड़ा रणनीतिक बदलाव हो रहा है।

पिछले कुछ ही हफ्तों में टाटा कैपिटल ने केरल की योगलोन्स कंपनी में हिस्सेदारी खरीदी है। वहीं गोदरेज कैपिटल ने कनकादुर्गा फाइनेंस के गोल्ड लोन बिजनेस का अधिग्रहण किया है। इनके अलावा आदित्य बिरला कैपिटल ने 1000 ब्रांचों के साथ नया गोल्ड लोन वर्टिकल बनाने की घोषणा की है। पिछले कुछ सालों में पर्सनल



लोन और कंज्यूमर क्रेडिट जैसे बिना गारंटी वाले लोन्स में रेगुलेटरी सख्ती और जोखिम बढ़ा है। ऐसे में कंपनियां सुरक्षित यानी सिक्योर्ड लोन सेगमेंट की तरफ रुख कर रही हैं, जहां गोल्ड लोन सबसे आसान और सुरक्षित विकल्प है। भारत के घरों में पड़े निष्क्रिय सोने का केवल एक छोटा हिस्सा ही फॉर्मल लोन चैनलों में आया है। मई 2026 तक गोल्ड ज्वैलरी के बदले दिया गया लोन करीब 3.3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जिसने एफवाय26 में करीब 50 प्रतिशत की ग्रोथ दर्ज की। लंबे समय तक दक्षिण भारत और कुछ चुनिंदा एनबीएफसी जैसे मुथूट और मन्नापुरम तक सीमित माने जाने वाले इस बिजनेस में अब बैंकों और विविधीकृत वित्तीय समूहों की 50-50 हिस्सेदारी के करीब बाजार पहुंच गया है। सोने के ऊंचे दामों से ग्राहकों को ज्यादा लोन एलिजिबिलिटी मिलती है। हालांकि, ये कंपनियां सिर्फ मौजूदा कीमतों के चक्र पर दांव नहीं लगा रही हैं, बल्कि लंबी अवधि के लिए डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क और इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा कर रही हैं। पहले जहां केवल आपातकालीन जरूरतों या ग्रामीण क्षेत्रों तक गोल्ड लोन सीमित था, अब बड़े टिकट साइज यानी 5 लाख रुपये से ऊपर और संपन्न वर्ग के लोग भी शॉर्ट-टर्म क्रेडिट के लिए गोल्ड लोन ले रहे हैं।

# एबीएच हेल्थकेयर का आईपीओ खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर प्राथमिक सार्वजनिक निर्गम आ रहा है। यह आईपीओ कल यानी 24 अगस्त को खुलेगा। इसमें निवेशक 27 अगस्त तक बोली लगा सकते हैं। हम बता रहे हैं इस आईपीओ के बारे में।

एबीएच हेल्थकेयर के आईपीओ का इश्यू साइज 34,29,600 शेयरों का है। इससे कंपनी की 34.98 करोड़ रुपये जुटाने की योजना है। इस इश्यू का प्राइस बैंड 96 से 102 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। इसका लॉट साइज 1200 शेयरों का है। रिटेल इन्वेस्टर्स को कम से कम 2 लॉट यानी 2400 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा। मतलब कि उन्हें 2,44,800 रुपये का निवेश करना होगा। एचएनआई के लिए तो मिनिमम 3 लॉट के लिए निवेश करना होगा। कंपनी के मुताबिक इस आईपीओ से जुटाई गई रकम से उसकी बैलेंस शीट मजबूत होगी और वर्किंग कैपिटल तथा भविष्य की जरूरतों को पूरी करने में मदद मिलेगी। कंपनी की डीआरएचपी के मुताबिक मिलने वाली रकम में 17 करोड़ का इस्तेमाल कर्ज चुकाने या प्री-पेमेंट के लिए किया जाएगा। 5 करोड़ वर्किंग कैपिटल के लिए होंगे और बाकी रकम का इस्तेमाल अज्ञात अधिग्रहणों के जरिए इनऑर्गेनिक ग्रोथ और सामान्य कॉर्पोरेट कार्यों में होगा। इस आईपीओ में 10 रुपये की फेस वैल्यू वाले 34,29,600 इक्विटी




शेयरों का फ्रेश इश्यू है। इश्यू में मार्केट मेकर के लिए 1,72,800 इक्विटी शेयर रिजर्व किए गए हैं। मतलब कि आम जनता के लिए नेट इश्यू 32,56,800 इक्विटी शेयरों का है। इस इश्यू के बुक-रनिंग लीड मैनेजर को बनाया गया जबकि बिगशेयर सर्विस प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। अनिल बाघी हॉस्पिटल 150 बेड और 25 मेडिकल स्पेशलिटीज में क्षमता वाले एक मल्टी-स्पेशलिटी हेल्थकेयर संस्थान के रूप में विकसित हुआ है। हमारा ध्यान इस क्षेत्र के मरीजों तक अनुभवी डॉक्टर, आधुनिक मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर और कई तरह की स्पेशलाइज़्ड केयर पहुंचाने पर रहा है। एक लिस्टेड कंपनी के तौर पर अपनी यात्रा के अगले चरण में प्रवेश करते हुए, हम अपनी क्लिनिकल क्षमताओं को मज़बूत करने, मरीज़ों की देखभाल को बेहतर बनाने और अनिल बाघी हॉस्पिटल द्वारा वर्षों से बनाए गए भरोसे को और

### क्या करती है कंपनी

पंजाब में मुख्यालय वाली यह कंपनी हेल्थकेयर सर्विस प्रोवाइड कराती है। इसकी स्थापना 2021 में हुई थी। कंपनी का ब्रांड अनिल बाघी हॉस्पिटल है। हेल्थकेयर लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. सौरभ बाघी का कहना है अनिल बाघी हॉस्पिटल 150 बेड और 25 मेडिकल स्पेशलिटीज में क्षमता वाले एक मल्टी-स्पेशलिटी हेल्थकेयर संस्थान के रूप में विकसित हुआ है। हमारा ध्यान इस क्षेत्र के मरीजों तक अनुभवी डॉक्टर, आधुनिक मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर और कई तरह की स्पेशलाइज़्ड केयर पहुंचाने पर रहा है। एक लिस्टेड कंपनी के तौर पर अपनी यात्रा के अगले चरण में प्रवेश करते हुए, हम अपनी क्लिनिकल क्षमताओं को मज़बूत करने, मरीज़ों की देखभाल को बेहतर बनाने और अनिल बाघी हॉस्पिटल द्वारा वर्षों से बनाए गए भरोसे को और मज़बूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

मज़बूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हेल्थकेयर का वर्ष 2023-24 में कंसोलिडेटेड रेवेन्यू 41.38 करोड़ रुपये था।

## मिडिल क्लास का बोझ बनी महंगे मोबाइल की ईएमआई, जेब और जिंदगी पर डाल रही असर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में स्मार्टफोन अब सिर्फ बातचीत का साधन नहीं रह गया है। पढ़ाई, ऑनलाइन काम, बैंकिंग, पेमेंट, नौकरी की तलाश और रोजमर्रा के कई कामों के लिए मोबाइल जरूरी हो गया है। ऐसे में फोन की कीमत बढ़ने का सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ता है। खासकर उन लोगों पर ज्यादा असर पड़ सकता है जो महंगे फोन ईएमआई पर खरीदते हैं। इसी बीच देश में कुछ लोगों के मोबाइल की ईएमआई को लेकर आर्थिक और पारिवारिक तनाव की खबरें भी सामने आई हैं। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर में एक 19 वर्षीय युवक से जुड़ी घटना में उसके माता-पिता की भी मौत हो गई। शुरुआती रिपोर्टों में मोबाइल फोन और ईएमआई को लेकर विवाद की बात कही गई, लेकिन पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

इसी तरह दिल्ली में भी एक व्यक्ति के महंगे फोन की ईएमआई को लेकर आर्थिक परेशानी में यमुना में कूदने की घटना सामने आई थी। हालांकि, समय रहते पुलिस और फ्लड विभाग की मदद से उसकी जान बचा ली गई। इन घटनाओं से यह बात सामने आती है कि महंगी चीजों को खरीदने के लिए लिया गया कर्ज या ईएमआई कुछ लोगों के लिए आर्थिक तनाव बढ़ा सकता है। एक समय था जब बजट फोन 10 हजार रुपये की रेंज में मिल जाते हैं। इन फोन की ईएमआई दो से तीन हजार रुपये के बीच में होती थी, जिसे ग्राहक आसानी से चुका देते थे। लेकिन अब सस्ते फोन बाजार से लगभग गायब हो गए हैं।

पिछले कुछ समय में स्मार्टफोन की कीमत



आसमान छूने लगी है। फोन महंगे हो गए हैं। कंपनियों के मुताबिक, इन बढ़ोतरी की बड़ी वजह मेमोरी और दूसरे कंपोनेंट्स की बढ़ती लागत है। रिसर्च के अनुसार, मेमोरी की बढ़ती लागत के कारण 2026 की दूसरी तिमाही के अंत तक औसत स्मार्टफोन कीमतों में करीब 15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हो चुकी थी। आने वाले महीनों में फोन की कीमतें 7 से 10 प्रतिशत और बढ़ने का अनुमान है। यानी जो फोन अभी 20,000 रुपये का है, उसकी कीमत आगे चलकर करीब 1,400 से 2,000 रुपये तक और बढ़ सकती है। इसी तरह 30,000 रुपये के फोन पर करीब 2,100 से 3,000 रुपये तक अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है।



### एजुकेशन सिस्टम ऐसा हो कि

# हर बच्चे को अच्छी शिक्षा का मौका मिले : भूमि पेडनेकर

डॉ. अश्विन फर्नांडिस ने पैक्ट फाउंडेशन के स्थापना दिवस समारोह और गोवा के पहले कम्युनिटी रेडियो स्टेशन मंडोवी के लॉन्च पर एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने शिरकत की। समारोह के बाद अभिनेत्री ने बातचीत में कहा कि कोई देश तभी खुशहाल हो सकता है, जब यहां की एजुकेशन अच्छी हो। अभिनेत्री ने समारोह में शामिल होने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'मैं इस खास आयोजन में शामिल होने के लिए बहुत-बहुत शुक्रगुजार हूं कि मुझे एक ऐसे कार्यक्रम का हिस्सा बनने का मौका मिला, जो ऐसी कहानियों से भरी है। यहां आकर मैं बहुत इंस्पायर हो गई हूं।' अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने बताया कि समारोह में शामिल होकर काफी प्रेरणा मिली है। उन्होंने कहा, 'मेरा मानना ??है कि एक मजबूत, खुशहाल समाज और खुशहाल देश तभी बन सकता है, जब अच्छी एजुकेशन दी जाए, खासकर स्टूडेंट को। मुझे लगता है कि डॉ. अश्विन फर्नांडिस के सपोर्ट से ऑर्गनाइजेशन ने बहुत शानदार काम किया है। एजुकेशन जरूरी है, मैं खुद मध्य प्रदेश में इसी को लेकर काम कर रही हूं। उनका मानना है कि सभी को डॉ. अश्विन फर्नांडिस से सीखना चाहिए कि इतना बड़ा इम्पैक्ट डालने के लिए सिस्टम और प्रोसेस कैसे बनाया जाए। उन्होंने कहा, 'गोवा आकर मुझे बेहद खुशी हो रही है।' अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि हमारे समाज के कुछ हिस्सों को उस तरह की एजुकेशन नहीं मिल पाती, जो इस तरह के स्टेज दे रहे हैं। मुझे लगता है कि यह एजुकेशन का ट्रेडिशनल रास्ता अपनाने के बारे में नहीं है, बल्कि यह इसके लिए है कि बच्चा आगे बढ़कर अपने जीवन में क्या करेगा या कर सकता है, जैसे कि वह स्पोर्ट पर्सन बन सकता है, नासा में जा सकता है, फिल्मी जगत में नाम बना सकता है। ऐसे ही कई जगहों में अपना करियर चुन सकता है। मेरा मानना है कि ग्लोबल एजुकेशन को इतना मजबूत होना चाहिए कि हर बच्चे को अच्छी शिक्षा का मौका मिले।

# निक जोनस की इस बात पर आया प्रियंका चोपड़ा का दिल?

### बताई रिश्ते के मजबूत होने के वजह



प्रियंका चोपड़ा ने बताया है कि वह क्या वजह रही, जिसके चलते उनका रिश्ता उनके पति से और मजबूत हो गया। हाल ही में वह 'साइकिल ऑफ लव' के प्रीमियर में पहुंची थीं। ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा अपनी अदाकारी के साथ अपनी निजी जिंदगी को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। वह अपने पति निक जोनस के साथ अक्सर शानदार तस्वीरें शेयर करती हैं। दोनों एक दूसरे पर खूब प्यार लुटाते हैं। इस बीच प्रियंका चोपड़ा ने बताया है कि अगर निक ने भारतीय संस्कृति की कद्र नहीं की होती तो वह उनसे प्यार नहीं करतीं। इकोनॉमिक टाइम्स से बातचीत में प्रियंका ने कहा 'मुझे नहीं पता कि अगर वह ऐसा नहीं करते तो क्या मैं उनसे प्यार करती। किसी भी दो संस्कृति वाली कहानी या रिश्ते में यह एक बड़ी बात होती है। मुझे लगता है कि अपने पार्टनर की जड़ों का सम्मान करना बहुत जरूरी है।' प्रियंका और निक अक्सर एक-दूसरे के सबसे बड़े सपोर्टर होने के साथ-साथ उन परंपराओं और कल्चर को अपनाने के बारे में बात करते रहे हैं।

# प्यार के एक नजरिए को दिखाता है 'रात कालिया' सॉन्ग : शहजान पद्मसी



**दक्षिण** भारतीय अभिनेत्री शहजान पद्मसी ने गाना 'रात कालिया' से गायिकी में डेब्यू किया है। अभिनेत्री ने बातचीत में बताया कि गायन को लेकर वे पहले से पैशनेट थीं, लेकिन एक्टिंग के लिए फिल्मों के ऑफर आने लगे, जिससे ये सपना पीछे रह गया। अभिनेत्री ने बताया, 'एक्टिंग का सफर अचानक से शुरू हुआ और मुझे काम करते वक्त काफी मजा भी आ रहा था। फिर, एक के बाद बहुत सारे प्रोजेक्ट हाथ में आने लगे। ऐसा लग रहा था जैसे मैं लहर पर सर्फिंग कर रही हूं। शहजान पद्मसी कॉमेडी फिल्म 'हाउसफुल 2' में पारुल नाम के किरदार में नजर आई थी। अभिनेत्री का मानना है कि इस फिल्म में काम करने के बाद ही उन्हें एहसास हुआ कि अब उन्हें थोड़ी क्रिएटिविटी की ओर बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा, 'मेरे अंदर एक दूसरा पहलू भी था, जिसे मैं देखना चाहती थी, तो मैंने सोचा कि चलो उस रास्ते पर चलते हैं। मेरी मां, शेरोन प्रभाकर, इंडिया की पहली पॉप स्टार्स में से एक हैं। तो मैंने मॉम के साथ म्यूजिक में आगे बढ़ने का फैसला किया। हम दोनों घंटों तक साथ में रियाज करते थे।' अभिनेत्री ने अपनी मां का शुक्रिया अदा करते हुए बताया कि वे उनकी वजह से शहजान पद्मसी को बाहर क्लास लेने की जरूरत नहीं पड़ी। उन्होंने कहा, 'मां की शिक्षिका बनना मुझे काफी अच्छा लगा। क्योंकि बेशक हम सब दिल से ही काम करते हैं, लेकिन मैंने सच में समय लिया और खुद से कहा कि अगर मुझे इस प्रोफेशन को सीरियसली लेना है, तो अपने हुनर पर काम करना होगा। पहले अपना हुनर पक्का करना होगा। प्रैक्टिस करना बहुत जरूरी है, और मुझे प्रैक्टिस की इस पूरी प्रोसेस से प्यार हो गया। अभिनेत्री ने आगे गाना 'रात कालिया' के बार में भी बताया। उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि यह एक लव सॉन्ग है, जो प्यार के नजरिए को दिखाता है। जैसे किसी भी रिश्ते के शुरुआत में इंसान एक दूसरे पर डिपेंडेंट होता है, कुछ वैसा ही। इसमें मेरे बहुत सारे ख्याल हैं, जिसमें मैं घंटों बात कर सकती हूं क्योंकि ये बहुत इंटरेस्टिंग है। जब भी मैं अपने दोस्तों से इस बारे में बात करती हूं, तो वो भी कहते हैं कि उन्होंने भी ऐसा ही महसूस किया है।

# धुरंधर 2 के बाद हिंदी बॉक्स ऑफिस में सबसे तेज एडवांस बुकिंग

### टॉक्सिक ने दिखाए ब्लॉकबस्टर के संकेत



यश की 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' ने रिलीज से पहले ही हिंदी बॉक्स ऑफिस में अपनी ताकत दिखानी शुरू कर दी है। 26 अगस्त को सिनेमाघरों में पहुंचने जा रही इस फिल्म की एडवांस बुकिंग ने इसे 'धुरंधर 2' के बाद 2026 की सबसे बड़ी एडवांस बुकिंग वाली फिल्मों में शामिल कर दिया है। खास बात यह है कि कन्नड़ मूल की फिल्म होने के बावजूद हिंदी बाजार में 'टॉक्सिक' जिस रफ्तार से टिकट बेच रही है, उसने इसे मौजूदा दौर की बड़ी हिंदी रिलीजों की कतार में खड़ा कर दिया है। हिंदी बाजार में फिल्म की शुरुआती पकड़ का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि राष्ट्रीय मल्टीप्लेक्स श्रृंखलाओं में शुरुआती छह घंटों में ही 'टॉक्सिक' के करीब 30 हजार टिकट बिक गए थे। यह आंकड़ा इस साल की कई बड़ी ओपनिंग फिल्मों की शुरुआती बुकिंग से बेहतर बताया जा रहा है। यही वजह है कि कारोबार के जानकार अब यश की फिल्म के हिंदी बाजार में बड़े ओपनिंग आंकड़े की उम्मीद कर रहे हैं।

धुरंधर 2 के बाद सबसे मजबूत शुरुआत

2026 में हिंदी फिल्मों के बीच एडवांस बुकिंग का सबसे बड़ा दबदबा रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' ने बनाया था। फिल्म ने रिलीज से पहले ही इतनी बड़ी संख्या में टिकट बेच दिए थे कि उसके शुरुआती दिन की एडवांस बुकिंग 29 करोड़ रुपये के आसपास पहुंच गई थी। ब्लॉक बुकिंग को अलग करने पर भी वास्तविक टिकट बिक्री से करीब 20.66 करोड़ रुपये की बुकिंग दर्ज हुई थी और लगभग 4.74 लाख टिकट बिके थे। इसके बाद 'टॉक्सिक' का तेजी से आगे बढ़ना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह किसी पहले से स्थापित हिंदी फ्रेंचाइजी की अगली कड़ी नहीं है। 'धुरंधर 2' जहां सफल फ्रेंचाइजी की लोकप्रियता के साथ रिलीज हुई, वहीं 'टॉक्सिक' यश की स्टार पावर और 'केजीएफ' के बाद उनके प्रति बने दर्शक उत्साह के आधार पर हिंदी बाजार में अपनी जगह बना रही है। कारोबार विश्लेषकों ने भी इसे 2026 की दूसरी सबसे बड़ी एडवांस बुकिंग वाली फिल्म बताया है।

**हिंदी संस्करण ने पार किया 7 करोड़ रुपये का आंकड़ा**

देशभर की सभी भाषाओं को मिलाकर 'टॉक्सिक' की एडवांस बुकिंग 27 करोड़ रुपये से अधिक पहुंच चुकी है, जिसमें ब्लॉक बुकिंग भी शामिल है। इनमें हिंदी 2डी संस्करण ने अब तक करीब 7.65 करोड़ रुपये की बुकिंग दर्ज की है।



# गातार 3 फ्लॉप के बाद सुपरहिट की तैयारी में रवि तेजा

पिछले कुछ समय से रवि तेजा की फिल्में कोई खास कमाल नहीं दिखा रही थीं. लेकिन अब लगातार 3 फ्लॉप देने के बाद उनकी फिल्म इरुमुडी ने कमाल कर दिया है. इसका ओपनिंग डे कलेक्शन हैरान करने वाला है.

साउथ फिल्म इंडस्ट्री में रवि तेजा का अलग ही भौकाल है. वे हिंदी ऑडियंस के बीच भी काफी पॉपुलर चेहरा हैं. पिछले 2 दशक में उनकी कई सारी फिल्में रिलीज की गई हैं जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर बंपर कमाई कर के दिखाई है. लेकिन पिछले कुछ समय से उनकी फिल्मों का हाल अच्छा नहीं जा रहा था. अलग-अलग मिजाज की फिल्में करने के बाद भी उनके हाथ निराशा लग रही थी. लेकिन अब एक्टर ने एक बार फिर से जोरदार वापसी कर ली है. उनकी फिल्म इरुमुडी सिनेमाघरों में धूम मचा रही है. इस फिल्म की कमाई के ताजा आंकड़े आ गए हैं.

# इस फिल्म में मेरा किरदार पिछले किरदारों से काफी ग्लैमरस है : विधात्री बंदी



अभिनेत्री विधात्री बंदी ने फीचर फिल्म 'मैक्स, मिन और मियोज्स्की' में कैरोल सेक्वेराका महत्वपूर्ण किरदार निभाया है। अभिनेत्री ने हालिया बातचीत में बताया कि ये किरदार उन्हें किस तरह से मिला है। उन्होंने बताया कि असल में वे किसी और किरदार के लिए ऑडिशन देने के लिए गई थी। उसी दौरान उन्हें 'कैरोल सेक्वेराका' के किरदार के बारे में पढ़ने का मौका मिला था, जिसके उन्होंने इसे करने के लिए मैनिफेस्ट किया था। उन्होंने कहा, 'असल में, मैं 'मिन' का ऑडिशन देने के लिए गई थी, लेकिन जब मुझे फिल्म का सारांश दिया गया, तो मैंने उसमें कैरोल सेक्वेराका के बारे में पढ़ा था। उसका किरदार इस तरह से लिखा हुआ था कि उसे पढ़कर मुझे उससे तुरंत जुड़ाव महसूस हुआ, जिसके बाद मैंने सोचा कि अगर इस किरदार के लिए मुझे ऑडिशन देने का मौका मिले, तो मैं जरूर दूंगी। लेकिन मैंने ये बात बस अपने तक ही रखी और किसी को नहीं बताई थी। 2 दिन बाद कास्टिंग टीम से फोन आया कि डायरेक्टर्स चाहते हैं कि मैं 'कैरोल' के लिए ऑडिशन दूं। फिर मैंने ऑडिशन दिया और तुरंत मेरा सिलेक्शन हो गया। सेलेक्ट होने के बाद पैडी ने मुझे पूरी कहानी सुनाई। उस दिन शायद पहली बार ऐसा हुआ कि मैं अजनबियों के सामने रो पड़ी थी, क्योंकि फिल्म ने मेरे दिल को छू लिया था। उसी वक्त मुझे पक्का हो गया था कि मुझे ये फिल्म करनी ही है।' अभिनेत्री ने अपने पिछले किरदारों के लुक की तुलना इस किरदार से करते हुए कहा कि 'कैरोल सेक्वेराका' का किरदार उनके पिछले किरदारों से ज्यादा ग्लैमरस है। उन्होंने कहा, 'फिल्म 'जलसा' में मैंने एक मलयाली पत्रकार का रोल किया था। उसमें मेरा लहजा बहुत भारी था, कोई मेकअप नहीं किया था और बाल भी काफी ज्यादा थे। 'द डिप्लोमैट' में मैंने एक पंजाबी एंबेसी ऑफिसर का किरदार निभाया था, जिसमें मैं फॉर्मल कपड़े पहनती थी, लेकिन इस फिल्म में मैं बिल्कुल मुंबई की लड़की जैसी लग रही हूं। मेरे घुंघराले बाल हैं और मेरा लहजा भी नॉर्मल है।' अभिनेत्री ने आगे अपनी अब तक की जर्नी के बारे में बताया कि उनके करियर की रफ्तार काफी धीमी रही है।



# क्या तापसी ने दिया कंगना को जवाब?

कंगना रनौत की हालिया टिप्पणी पर तापसी पन्नू ने एक रहस्यमयी पोस्ट की है। माना जा रहा है कि यह कंगना को उनका जवाब है।

अभिनेत्री कंगना रनौत और तापसी पन्नू के बीच लंबे समय से जुबानी जंग चल रही है। उनकी तीखी बहस अक्सर सुर्खियों में रही है। हाल ही में तापसी पन्नू से पूछा गया कि क्या उन्होंने झगड़ा खत्म कर दिया है, जिस पर उन्होंने परवरिश के बारे में बात की। इस पर कंगना के प्रतिक्रिया देने के बाद विवाद फिर से शुरू हो गया। अब तापसी पन्नू ने फिर से शुरू हुए झगड़े के बीच रहस्यमयी पोस्ट के जरिए प्रतिक्रिया दी है।

### रहस्यमयी पोस्ट के जरिए दी ऐसी प्रतिक्रिया

तापसी पन्नू ने क्या प्रतिक्रिया दी?

कंगना रनौत की हालिया टिप्पणी पर सीधे तौर पर कुछ न कहते हुए, तापसी पन्नू ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक रहस्यमयी पोस्ट शेयर किया। इसमें बस इतना लिखा था, 'साबित हो गया।' इसके साथ, ऐसा लगता है कि तापसी अपने हालिया बयान पर कायम हैं। उन्होंने कहा था कि कंगना के बारे में उनकी राय उनकी परवरिश को दिखाती है, ठीक वैसे ही जैसे कंगना की राय उनकी अपनी परवरिश से बनी है। 'थप्पड़' एक्ट्रेस ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह देखने और तय करने के लिए काफी है कि कौन कहां से आया है।'

'1000 करोड़ी फिल्म का मतलब यह नहीं कि...', 'हैवान' अभिनेत्री सैयामी खेर ने सुनाया '8 एएम मेट्रो' का किस्सा

फिल्म 'हैवान' की अभिनेत्री सैयामी खेर ने बॉलीवुड में कलाकारों की काबिलियत और बॉक्स ऑफिस पर बात की है। उन्होंने उन मेकर्स की भी तारीफ की है जिन्होंने उन्हें मौके दिए। अभिनेत्री सैयामी खेर अपनी अपकमिंग फिल्म 'हैवान' को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच उन्होंने अपनी फिल्म 'घूमर' और '8 एएम मेट्रो' के परफॉर्मेंस को लेकर बात की है। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला है कि किसी कलाकार की काबिलियत को हमेशा फिल्म की कमाई से नहीं मापा जा सकता। बातचीत में अभिनेत्री ने कहा कि बॉक्स ऑफिस कलेक्शन यह नहीं दिखाता कि किसी कलाकार को दर्शकों से कितना सम्मान मिलता है।

अभिनेत्री का कहना है कि 1000 करोड़ रुपये की फिल्म सम्मान की गारंटी नहीं देती। उन्होंने कहा कि मैं '8 एएम मेट्रो' जैसी फिल्म करके संतुष्ट हूं।

यह यूट्यूब पर बड़ी हिट हुई और बाद में एक ओटीटी प्लेटफॉर्म ने इसे खरीद लिया। जब तक वह यूट्यूब पर बड़ी हिट नहीं हुई, तब तक कोई उसे खरीद नहीं रहा था। मुझे लगता है कि '8 एएम मेट्रो' से मुझे जो सम्मान मिला है, वह मुझे किसी और फिल्म से नहीं मिला।



### जाह्नवी कपूर के अश्लील कंटेंट पर हाईकोर्ट सख्त



जाह्नवी कपूर से जुड़े अश्लील और आपत्तिजनक ऑनलाइन कंटेंट के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने 552 URLs से ऐसा कंटेंट हटाने का आदेश दिया है, जिसमें अभिनेत्री की पहचान और तस्वीरों का कथित तौर पर अश्लील इस्तेमाल किया गया था। हालांकि, करीब 6,884 URLs को एक साथ हटाने की मांग कोर्ट ने नहीं मानी। जस्टिस अनूप जयराम भंभानी ने कहा कि अलग-अलग तरह के कंटेंट पर एक जैसा आदेश नहीं दिया जा सकता। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सिर्फ किसी सेलिब्रिटी के नाम या तस्वीर वाले हर फैन पेज को गैरकानूनी नहीं माना जा सकता।

**संक्षिप्त समाचार**

## कर्ण शर्मा ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लिया

- भारत के लिए 4 मुकाबले खेले, 25 अगस्त को यूपी लीग में आखिरी मैच खेलेंगे




**लखनऊ (एजेंसी)।** 38 साल के लेग स्पिनर कर्ण शर्मा ने इंटरनेशनल और घरेलू क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। उन्होंने भारत के लिए 1 टेस्ट, 2 वनडे और 1 टी-20 मैच खेला। कर्ण ने यूपी टी-20 लीग में कानपुर सुपरस्टार्स की ओर से खेलने के बाद यह फैसला लिया। वह 25 अगस्त को लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में मेरठ मेवरिक्स के खिलाफ अपना आखिरी मैच खेलेंगे।

- **2014 में तीनों फॉर्मेट में इंटरनेशनल डेब्यू** – मेरठ के कर्ण ने 2014 में तीनों फॉर्मेट में भारत के लिए डेब्यू किया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में अपना इकलौता टेस्ट खेला। इस मैच की दोनों पारियों में उन्होंने 2-2 विकेट लिए। इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम में उन्होंने एकमात्र टी-20 इंटरनेशनल खेला और जो रूट को आउट किया। 2104 में ही श्रीलंका के खिलाफ उन्होंने दोनों वनडे खेले। इसके बाद कर्ण को 2015 में जिम्बाब्वे दौरे के लिए भी चुना गया था, लेकिन चोट के कारण वह टीम से बाहर हो गए। इसके बाद उन्हें दोबारा भारत के लिए खेलने का मौका नहीं मिला।

## वैभव सूर्यवंशी दलीप ट्रॉफी डेब्यू में 8 रन पर आउट

- 6 गेंद में 2 चौके लगाए, नॉर्थ ईस्ट जोन के बॉलर कोंथौजम ने आउट किया



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** वैभव सूर्यवंशी दलीप ट्रॉफी डेब्यू में 8 रन बनाकर आउट हो गए। ईस्ट जोन की ओर से खेल रहे 15 साल के वैभव ने 6 गेंदों में 2 चौके लगाए। बेंगलुरु के बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में ईस्ट जोन और नॉर्थ ईस्ट जोन के बीच क्वार्टर फाइनल खेला जा रहा है। दलीप ट्रॉफी में 6 जोन की टीमें हिस्सा लेती हैं। इनमें ईस्ट, नॉर्थ ईस्ट, सेंट्रल, वेस्ट, साउथ और नॉर्थ जोन शामिल हैं।

- **वैभव ने लगातार दो गेंदों पर दो चौके लगाए** – वैभव ने लगातार दो गेंदों पर चौके लगाए। पहला चौका फ्लिक से मिडविकेट की ओर आया। अगली गेंद पर उन्होंने तेज कट शॉट लगाकर बाउंड्री हासिल की। इसके बाद एक डॉट बॉल खेली। अगली गेंद पर उन्होंने बिश्वोरजीत कोंथौजम के खिलाफ बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की। गेंद बल्ले का किनारा लेकर स्लिप में गई। यहां जोसेफ लालथनखुमा ने कैच पकड़ लिया।

## भुवनेश्वर में भोपाल की पूजा ने जीता गोल्ड

- 1500 मीटर रेस 4 मिनट 17 सेकंड में पूरी की, हासिल किया पहला स्थान



**भोपाल (एजेंसी)।** साई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीआरसी) भोपाल की एथलीट पूजा ओला ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए भुवनेश्वर में आयोजित वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर इंडिया इवेंट में स्वर्ण पदक जीता है। 22 अगस्त को हुई 1500 मीटर दौड़ में पूजा ने 4 मिनट 17 सेकंड का समय निकालकर पहला स्थान हासिल किया। पूजा ने शुरुआत से ही रेस में अपनी लय बनाए रखी। अंतिम चरण में उन्होंने रफ्तार बरकरार रखते हुए प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ा और स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

# देवदत्त पडिक्कल ने लगातार दूसरे टेस्ट में भी शतक लगाया

## नंबर-3 पर खत्म की भारत की टेंशन

### ऋषभ पंत 3 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट, गिल फिफ्टी लगाकर आउट



**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो के सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लब में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में भारत ने 4 विकेट पर 291 रन बनाए हैं। देवदत्त पडिक्कल ने लगातार दूसरे टेस्ट में शतक लगाया है। वह 117 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं रवींद्र जडेजा फिफ्टी के करीब थे। पडिक्कल ने पहले टेस्ट की पहली पारी में 167 और दूसरी पारी में 44 रन बनाए थे। इससे पहले कप्तान शुभमन गिल 50 रन बनाकर आउट हुए। केएल राहुल 18 और यशस्वी जायसवाल 45 रन बनाकर पवेलियन लौटे थे। ऋषभ पंत 3 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए। उन्हें लाहिरू कुमारा की शॉर्ट गेंद बाएं हाथ की कलाई पर लगी थी। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है। गॉल में पहला टेस्ट 165 रन से जीतकर भारतीय टीम सीरीज में 1-0 से आगे है।



### संयम भरी पारी और कप्तान गिल के साथ अहम साझेदारी

पडिक्कल ने इस पारी में गजब का धैर्य और संयम दिखाया। उन्होंने बिना कोई जोखिम उठाए बेहद आराम से बल्लेबाजी की और 168 गेंदों का सामना करते हुए अपना शतक पूरा किया। अपनी इस शतकीय पारी के दौरान उन्होंने एक भी छक्का नहीं लगाया और 10 चौके जड़े। उन्होंने कप्तान शुभमन गिल के साथ मिलकर एक मजबूत साझेदारी निभाई, जिसकी बदौलत भारतीय टीम मैच में काफी मजबूत और संभली हुई स्थिति में पहुंच गई है। टीम इंडिया ने इस मैच में सिर्फ 66 रन पर अपने दो विकेट खो दिए थे। इसके बाद शुभमन गिल और देवदत्त पडिक्कल ने बीच तीसरे विकेट के लिए 120 रनों की अहम साझेदारी हुई।


### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**भारत**– यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, देवदत्त पडिक्कल, शुभमन गिल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा, मानव सुथार, सारांश जैन, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज।

**श्रीलंका**– लाहिरू उदारा, कामिल मिशारा, पसिंदु सोरियाबंदरा, काकामिंदु मेंडिस, धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), सोनल दिनुशा, निरोशन डिकवेला (डब्ल्यू), केशरा नुवानथा, प्रभात जयसूर्या, लाहिरू कुमारा, असिथा फर्नांडो।

## कोलंबो टेस्ट में हाई-वोल्टेज ड्रामा

### यशस्वी जायसवाल और असिथा फर्नांडो भिड़े, धक्का-मुक्की भी हुई



**यशस्वी जायसवाल ने तीन चौके मारे थे** – यशस्वी जायसवाल 17वें ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हुए थे। उससे पहले ओवर की 5 गेंदों पर उन्होंने तीन चौके मार दिए थे। यही वजह है कि गेंदबाज विकेट लेने का बाद काफी उत्साहित था। यशस्वी ने 45 रनों की पारी खेली।

**कोलंबो (एजेंसी)।** भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और श्रीलंका के तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो के बीच भिड़ंत हो गई। कोलंबो में खेले जा रहे टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच के पहले दिन असिथा ने यशस्वी को आउट किया। यशस्वी अच्छी बैटिंग कर रहे थे और फिफ्टी की तरफ बढ़ रहे थे। राउंड द विकेट से अंदर आती गेंद उनके बल्ले पर टकराने के बाद विकेट से जा लगी। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो विकेट लेने के बाद काफी उत्साहित थे। यशस्वी पवेलियन की तरफ जा रहे थे लेकिन गेंदबाज ने कोई कमेंट कर दिया। यह सुनने के बाद वह वापस असिथा के पास पहुंच गए। दोनों आमने-सामने खड़े थे और एक-दूसरे को धक्का मारने की भी कोशिश की। इस बीच श्रीलंका के अन्य खिलाड़ी आ गए और दोनों को अलग किया।

### नंबर-3 की पुरानी समस्या हुई हल

पिछले काफी समय से भारतीय टेस्ट टीम नंबर-3 के स्थान पर एक ऐसे भरोसेमंद बल्लेबाज की तलाश में थी, जो तेज और स्पिन गेंदबाजी दोनों का मजबूती से सामना कर सके। पडिक्कल ने लगातार दो शतकों के साथ इस समस्या को लगभग पूरी तरह से सुलझा दिया है। जिस तरह से वे स्पिन और पेस अटैक के खिलाफ आसानी से रन बना रहे हैं, उससे उन्होंने तीसरे नंबर पर अपनी जगह काफी हद तक पक्की कर ली है।

### साई सुदर्शन जैसे दावेदारों की बढ़ी मुश्किलें

पडिक्कल के इस निरंतर शानदार प्रदर्शन ने उन खिलाड़ियों के लिए राह कठिन कर दी है जो लंबे समय से नंबर-3 की रेस में बने हुए थे। इनमें सबसे प्रमुख नाम साई सुदर्शन का है। गौरतलब है कि साई सुदर्शन के चोटिल होने के बाद ही देवदत्त पडिक्कल को भारतीय टेस्ट स्कॉड में शामिल होने का मौका मिला था। अब पडिक्कल के इस धमाकेदार प्रदर्शन के बाद सुदर्शन के लिए वापसी करना एक बड़ी चुनौती बन गया है।

- **पंत रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर गए** – लाहिरू कुमारा की बाउंसर पर ऋषभ पंत के बाएं हाथ की कलाई के पास गेंद लगी। चोट के बाद मैदान पर उनका इलाज किया गया और कलाई पर टेप भी बांधी गई, लेकिन दर्द के कारण पंत को मैदान छोड़ना पड़ा। पंत रिटायर्ड हर्ट हुए और उनकी जगह रवींद्र जडेजा बल्लेबाजी के लिए आए।
- **गिल तीन हजार टेस्ट रन पूरे करने वाले चौथे यंग प्लेयर** – शुभमन गिल भारत के लिए टेस्ट में 3,000 रन पूरे करने वाले सबसे युवा बल्लेबाजों की लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं। उन्होंने 26 साल 349 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की।

## एशियन गेम्स 2026 के लिए भारतीय तैराकी टीम का ऐलान

### वेदांत माधवन समेत 12 खिलाड़ियों को मिली जगह



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशियन गेम्स 2026 के लिए भारत की 12 सदस्यीय तैराकी टीम का ऐलान कर दिया गया है। टीम में अभिनेता आर. माधवन के बेटे और युवा तैराक वेदांत माधवन के साथ-साथ दो बार के ओलंपियन श्रीहरि नटराज और साजन प्रकाश जैसे अनुभवी खिलाड़ी शामिल हैं। भारतीय तैराकी टीम जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियन गेम्स में 12 साल बाद पदक जीतने के लक्ष्य के साथ उतरेगी।

**वेदांत माधवन इन तीन स्पर्धाओं में लेंगे हिस्सा** – 21 वर्षीय वेदांत माधवन पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल और 200 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धाओं में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्हें 4×200 मीटर फ्रीस्टाइल रिले टीम में भी शामिल किया गया है। जून में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में वेदांत ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल फाइनल में 1 मिनट 53.89 सेकंड का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय दर्ज करते हुए चौथा स्थान हासिल किया था।

### 20 से 25 सितंबर तक होगी तैराकी प्रतियोगिता

एशियन गेम्स 2026 में तैराकी प्रतियोगिताएं 20 से 25 सितंबर तक टोक्यो एक्वाटिक्स सेंटर में खेली जाएंगी। भारतीय टीम में युवा और अनुभवी तैराकों का अच्छा संतुलन देखने को मिला है। वेदांत, श्रीहरि और साजन के अलावा आर्यन नेहरा और रोहित बेनेडिक्टन जैसे रिकॉर्डधारी तैराक भी टीम का हिस्सा हैं।

**श्रीहरि और साजन संभालेंगे अनुभव का मोर्चा** – दो बार ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके श्रीहरि नटराज पुरुषों की 50 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में उतरेंगे। श्रीहरि टोक्यो 2020 और पेरिस 2024 ओलंपिक का हिस्सा रह चुके हैं। वहीं, रियो 2016 और टोक्यो 2020 ओलंपिक में खेल चुके साजन प्रकाश पुरुषों की 100 और 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धाओं में चुनौती पेश करेंगे। दोनों अनुभवी तैराकों से टीम को बड़े मंच पर काफी उम्मीदें होंगी।

### एशियन गेम्स 2026 के लिए भारत की 12 सदस्यीय तैराकी टीम

- **रोहित बेनेडिक्टन** – 50 मीटर बटरफ्लाई, 100 मीटर बटरफ्लाई, 100 मीटर फ्रीस्टाइल, 4×100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले, 4×100 मीटर मेडले रिले
- **ऋषभ दास** – 50 मीटर बैकस्ट्रोक, 100 मीटर बैकस्ट्रोक, 4×100 मीटर मेडले रिले
- **वेदांत माधवन** – 200 मीटर बैकस्ट्रोक, 200 मीटर फ्रीस्टाइल, 4×200 मीटर फ्रीस्टाइल रिले
- **आकाश मणि** – 50 मीटर फ्रीस्टाइल, 100 मीटर फ्रीस्टाइल, 4×100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले, 4×100 मीटर मेडले रिले
- **श्रीहरि नटराज** – 50 मीटर बैकस्ट्रोक
- **आर्यन नेहरा**- –800 मीटर फ्रीस्टाइल, 1500 मीटर फ्रीस्टाइल
- **उत्कर्ष संतोष पाटिल** –100 मीटर बैकस्ट्रोक, 200 मीटर बैकस्ट्रोक
- **साजन प्रकाश** –100 मीटर बटरफ्लाई, 200 मीटर बटरफ्लाई
- **हीर गितेश शाह** –50 मीटर फ्रीस्टाइल, 4×100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले
- **ध्वशन शशिकुमार** – 400 मीटर फ्रीस्टाइल, 4×200 मीटर फ्रीस्टाइल रिले
- **अनीश सुनील कुमार गौड़ा** –200 मीटर फ्रीस्टाइल, 400 मीटर फ्रीस्टाइल, 4×100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले, 4×200 मीटर फ्रीस्टाइल रिले
- **दनुष सुरेश** –50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक, 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक, 4×100 मीटर मेडले रिले।

## सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में गॉफ और पेगुला आमने-सामने होंगी

**ओहियो (एजेंसी)।** कोको गॉफ और जेसिका पेगुला सिनसिनाटी ओपन 2026 के फाइनल में आमने-सामने होंगी। यह 56 सालों में पहला ऐसा मौका है जब महिला टेनिस फाइनल में दो अमेरिकी खिलाड़ी भिड़ेंगी। ये दोनों खिलाड़ी पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में महिला युगल मुकाबले में एक साथ खेली थीं (दूसरे राउंड में हार गई थीं) और अब रविवार (23 अगस्त) को ख़िताब के लिए एक-दूसरे का सामना करेंगी।



शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल में चौथी सीड गॉफ ने बिना सीडिंग वाली चेक खिलाड़ी सारा बेजलेक को 76 मिनट तक चले मुकाबले में 6-4, 6-1 से हराया। गॉफ ने पहले सेट में 4-1 की बढ़त बना ली थी, लेकिन बेजलेक ने स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। हालांकि, दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन गॉफ ने फिर से सर्विस ब्रेक करके सेट अपने नाम किया और दूसरे सेट में भी बढ़त बनाए रखी, क्योंकि उनकी प्रतिद्वंद्वी से कई गलतियां हो रही थीं।

20 साल की बेजलेक ने टूर्नामेंट में इससे पहले दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका और मैडिसन कीज को हराकर अपने करियर का पहला डब्ल्यूटीए 1000 सेमीफाइनल खेला था। इससे पहले दिन में तीसरी सीड पेगुला ने इगा स्वियातेक को 7-5, 4-6, 6-4 से हराकर उनके खिताब बचाने के अभियान को खत्म कर दिया। मैच की शुरुआत में दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे की सर्विस तोड़ी (ब्रेक किया), लेकिन फिर बारिश के कारण खेल 1-1 के स्कोर पर रोकना पड़ा। खेल दोबारा शुरू होने पर, 5-5 के स्कोर पर स्वियातेक ने डबल-फॉल्ट किया और फिर एक आसान स्मैश शॉट चूक गईं, जिससे पेगुला ने पहला सेट अपने नाम कर लिया।


स्वियातेक ने वापसी करते हुए दूसरा सेट जीता और निर्णायक सेट में 3-1 की बढ़त बना ली, लेकिन पेगुला ने संघर्ष करते हुए स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। इसके बाद उन्होंने अगले गेम में स्वियातेक की सर्विस तोड़ी और मैच जीत लिया। मैच के बाद पेगुला ने कहा, यह वाकई एक मुश्किल मैच था। वह (स्वियातेक) शानदार फॉर्म में हैं। इगा जैसी बेहतरीन एथलीट को सेमीफाइनल में हराना और एक और 1000 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाना, बहुत शानदार है। सिनसिनाटी का पिछला फाइनल दो अमेरिकी महिलाओं के बीच 1970 में हुआ था, जब रोजी कैसल्स ने जीत हासिल की थी।

## ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को दूसरा टेस्ट दो दिन में हराया

### मैकॉय में पारी और 51 रन से जीता, स्टार्क ने 10 विकेट लिए

**मैकॉय (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने मैकॉय में खेले गए दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश को पारी और 51 रन से हरा दिया। इसके साथ ही दो टेस्ट की सीरीज 1-1 से बराबर हो गई। डार्विन में पहला टेस्ट 9 विकेट से हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे मुकाबले में शानदार वापसी की। यह टेस्ट दो दिन में ही खत्म हो गया। ऑस्ट्रेलिया की जीत के हीरो मिचेल स्टार्क रहे। उन्होंने मैच में 10 विकेट लिए। स्टार्क ने पहली पारी में 6 और दूसरी पारी में 4 विकेट लिए। यह उनके टेस्ट करियर का चौथा 10 विकेट हॉल है। स्टार्क को प्लेयर ऑफ द मैच और सीरीज चुना गया। बांग्लादेश पहली पारी में सिर्फ 64 रन पर ऑलआउट हो गया था। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 210 रन बनाए। उसे 146 रन की बढ़त मिली। दूसरी पारी में भी बांग्लादेश की टीम 95 रन पर सिमट गई।

**स्टार्क ने दूसरी पारी में भी 4 विकेट लिए** – 146 रन की बढ़त के बाद बांग्लादेश के सामने मैच बचाने की चुनौती थी। लेकिन स्टार्क ने नई गेंद से एक बार फिर लगातार विकेट लिए। उन्होंने शादमान इस्लाम और मोमिनुल हक को लगातार गेंदों पर आउट किया। इसके बाद पैट कमिंस ने तंजीद हसन को आउट किया।



- **शोरिफुल का बांग्लादेश के लिए टेस्ट में बेस्ट बॉलिंग परफॉर्मेंस** – बांग्लादेश के तेज गेंदबाज शोरिफुल इस्लाम ने भी शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने पहली पारी में 48 रन देकर 7 विकेट लिए। यह टेस्ट में किसी बांग्लादेशी तेज गेंदबाज का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। उन्होंने शाहदत हुसैन का रिकॉर्ड तोड़ा। शाहदत ने 2008 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 27 रन देकर 6 विकेट लिए थे। शोरिफुल का यह प्रदर्शन विदेशी जमीन पर किसी बांग्लादेशी गेंदबाज का भी बेस्ट प्रदर्शन है।
- **ग्रीन और लायन ने ऑस्ट्रेलिया को 210 तक पहुंचाया** – ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन 165/8 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। कैमरन ग्रीन 51 रन बनाकर नाबाद थे और नाथन लायन 10 रन पर खेल रहे थे। दोनों ने नौवें विकेट के लिए 38 रन जोड़े। ग्रीन ने 67 रन की पारी खेली। लायन 32 रन बनाकर नाबाद रहे।
- **पहले दिन गिरे थे 18 विकेट** – मैच के पहले दिन दोनों टीमों के 18 विकेट गिरे थे। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी थी। स्टार्क ने मैच की पहली ही गेंद पर शादमान इस्लाम को आउट कर दिया था। उन्होंने पहली पारी में 6 विकेट लिए। इसके बाद शोरिफुल इस्लाम ने भी 6 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को परेशान किया। बांग्लादेश 64 रन पर ऑलआउट हुआ था।

### स्टार्क डब्ल्यूटीसी के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने



ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने अपने साथी खिलाड़ी और कप्तान पैट कमिंस और स्पिनर नाथन लियोन को पीछे छोड़ते हुए आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज का रिकॉर्ड अपने नाम किया। स्टार्क ने यह उपलब्धि मैके में बांग्लादेश के खिलाफ अपनी टीम के दूसरे टेस्ट मैच के दौरान हासिल की। ??डार्विन में मिली निराशाजनक हार (जो घरेलू मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की पहली हार थी) के बाद स्टार्क ने जबरदस्त वापसी करते हुए कुल 10 विकेट लिए। उन्होंने पहली पारी में 6/12 और दूसरी पारी में 4/39 के आंकड़े दर्ज किए। अब स्टार्क डब्ल्यूटीसी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनके नाम 24.25 की औसत से 234 विकेट हैं, जिसमें 11 बार चार विकेट और आठ बार पांच विकेट लेने का कमाल शामिल है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 7/58 रहा है। उन्होंने कमिंस और लियोन को पीछे छोड़ दिया है जिनके नाम 228-228 विकेट हैं। ये तीनों ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ही डब्ल्यूटीसी के इतिहास में 200 या उससे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

स्टार्क ने दो मैचों में 12 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड जीता। वह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 साइकल में भी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने 10 मैचों में 16.98 की औसत से 58 विकेट लिए हैं, जिसमें एक बार चार विकेट और चार बार पांच विकेट लेने का कारनामा शामिल है। इस मैच के दौरान उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के डेल स्टेन को पीछे छोड़ते हुए अब तक के टॉप 10 टेस्ट विकेट-टेकरों की सूची में भी जगह बनाई; अब उनके नाम 445 टेस्ट विकेट हैं। घरेलू मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की पहली हार के पीछे खराब ऑल-राउंड प्रदर्शन का हाथ था। इसके बाद गेंदबाजी ग्रुप, खासकर स्टार्क ने जबरदस्त वापसी की और ऑस्ट्रेलियाई तेवर दिखाए।

# चैनपुर थाना में 117 दागियों की परेड, एसपी ने दी अपराध छोड़ मुख्यधारा में लौटने की नसीहत

**हत्या के 26, आर्म्स एक्ट के 33 और लूट-चोरी के 30 आरोपित रहे शामिल, एसपी ने कहा- दोबारा अपराध किया तो होगी कड़ी कार्रवाई**

**चैनपुर, पलामू/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आपराधिक मामलों में जेल की सजा या न्यायिक प्रक्रिया से गुजर चुके और जेल से बाहर आए लोगों पर पुलिस की निगरानी अब और कड़ी होगी। इसी क्रम में पलामू पुलिस के निर्देश पर रविवार को चैनपुर थाना परिसर में थाना परेड आयोजित की गई। इसमें जेल से छूटे कुल 117 व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। पुलिस ने उनकी वर्तमान गतिविधियों की जानकारी लेने के साथ उन्हें अपराध की दुनिया से दूर रहकर समाज की मुख्यधारा में लौटने की नसीहत दी।

थाना परेड में शामिल 117 लोगों में हत्या के 26, लूट के 15, चोरी के 15, आर्म्स एक्ट के 33 तथा अन्य आपराधिक मामलों के 28 व्यक्ति शामिल थे। पुलिस



अधिकारियों ने सभी से व्यक्तिगत बातचीत कर उनकी वर्तमान गतिविधियों, रोजगार और सामाजिक जीवन के बारे में जानकारी ली।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक पलामू कपिल चौधरी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अपराध का रास्ता व्यक्ति के साथ-साथ उसके परिवार के भविष्य को भी बर्बाद करता है।
उन्होंने सभी से आपराधिक गतिविधियों को छोड़कर शांतिपूर्ण और जिम्मेदार नागरिक के रूप में जीवन जीने की अपील की। एसपी ने कहा कि कानून का पालन करते हुए परिवार और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें।

एसपी ने चेतावनी दी कि जेल से बाहर आने के बाद यदि कोई व्यक्ति दोबारा आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का संदेश साफ था कि सुधार का मौका दिया जा रहा है, लेकिन अपराध की पुनरावृत्ति किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।पुलिस के अनुसार थाना परेड का उद्देश्य केवल निगरानी रखना नहीं, बल्कि जेल से बाहर आए लोगों को अपराध से दूर रखकर उन्हें समाज की मुख्यधारा में वापस लाना भी है। पुलिस उनके वर्तमान गतिविधियों पर नजर रखते हुए यह सुनिश्चित करना चाहती है कि वे दोबारा अपराध की दुनिया में न लौटें।
मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुमार यादव, थाना प्रभारी लालजी समेत चैनपुर थाना के पुलिस पदाधिकारी, जवान, चौकीदार एवं अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर दो दिन की छुट्टी रद्द

**28 से 30 अगस्त तक स्कूलों में खेलों का उत्सव**

**रांची/पलामू/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राज्य के सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में 28 से 30 अगस्त तक तीन दिवसीय खेल अभियान चलेगा। खास बात यह है कि रक्षाबंधन और रविवार के सरकारी अवकाश के बावजूद 28 और 30 अगस्त को स्कूल खुले रहेंगे। इन दोनों दिनों की छुट्टी रद्द कर सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक विद्यालयों में खेल एवं फिटनेस से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके बदले शिक्षकों एवं संबंधित कर्मियों को क्षतिपूरक अवकाश दिया जाएगा।

शिक्षा मंत्रालय के निर्देश पर ह्लखेलेगा भारत, जीतेगा भारतह्न थीम के तहत होने वाले इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, फिटनेस और अनुशासन की संस्कृति विकसित करना है।28 अगस्त को फिटनेस एवं जागरूकता दिवस के रूप में वार्मअप, स्किपिंग, प्लैंक चैलेंज, स्लोगन-लेखन, निबंध तथा योग, रस्साकस्सी जैसे पारंपरिक खेल होंगे।

29 अगस्त को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि देने के साथ दौड़, कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, हॉकी, बैडमिंटन और वॉलीबॉल जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। छात्र-शिक्षक मैत्री खेल भी आयोजित किए जाएंगे।30 अगस्त को ह्यसंडेज ऑन साइकिल' के तहत स्वास्थ्य केंद्रित साइकिल रैली निकाली जाएगी। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। विभाग ने विद्यालयों में खेल सामग्री, पेयजल, प्राथमिक उपचार और सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आयोजन की फोटो एवं रिपोर्ट जिला शिक्षा परियोजना कार्यालय के माध्यम से राज्य कार्यालय को भेजने का निर्देश दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मोटोरोला ने लॉन्च किया नया मोटो जी मैक्स

**रांची, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोबाइल टेक नोलॉजी में ग्लोबल लीडर और भारत के प्रमुख एआई स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने ऑल-¬ यू मोटो जी मैक्स लॉन्च किया। यह इस सेगमेंट का सबसे कम्प्लीट स्मार्टफोन है, जिसे उन उपभोक्ताओं के लिए डिजाइन किया गया है जो प्रीमियम डिजाइन, असाधारण टिकाऊपन, प्रो-ग्रेड फोटोग्राफी, दमदार परफॉर्मेंस और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी लाइफ चाहते हैं। मोटोरोला इंडिया के प्रबंध निदेशक टी एम नरसिम्हन ने कहा कि मोटोरोला में हमारा मानना है कि स्मार्टफोन अब सिर्फ एक फोन नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली का हिस्सा बन चुका है। नए मोटो जी मैक्स में हमने शानदार डिजाइन और सैटिन फिनिश के साथ बेहतरीन कैमरा, दमदार बैटरी, तेज परफॉरमेंस और टिकाऊपन को एक साथ शामिल किया है। फोटो खींचने और जुड़े रहने से लेकर काम, गेमिंग और मनोरंजन तक, यह फोन उन लोगों के लिए बिल्कुल सही है जो अपने स्मार्टफोन से कुछ ज्यादा की उम्मीद रखते हैं।

### जेपीएससी परीक्षा में कथित अनियमितता पर सुप्रीम कोर्ट में 24 अगस्त को सुनवाई

**नई दिल्ली, नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की 14वीं सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 में कथित अनियमितताओं का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। परीक्षा में गड़बड़ी की सीबीआई जांच और परीक्षा रद्द कर नए सिरे से आयोजन की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर 24 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। मामला चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जायमाला बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध है। सामाजिक कार्यकर्ता हरिशरण देवगन ने अधिवक्ता सत्यम सिंह राजपूत के माध्यम से यह याचिका दाखिल की है।याचिका में आरोप लगाया गया है कि 19 अप्रैल को आयोजित जेपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के संचालन और मूल्यांकन की प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं हुईं। याचिकाकर्ता ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए सीबीआई को जिम्मेदारी सौंपने की मांग की है। इसके साथ ही याचिका में कथित अनियमितताओं के मद्देनजर परीक्षा को रद्द कर नए सिरे से प्रारंभिक परीक्षा आयोजित कराने का आग्रह भी किया गया है। अब सबकी निगाहें 24 अगस्त को होने वाली सुनवाई पर टिकी हैं। सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के बाद परीक्षा की आगे की प्रक्रिया को लेकर तस्वीर साफ होने की उम्मीद है।

### 15 साल में भी नहीं बदली कुबरी-प्रतापपुर सड़क की सूरत, पिच गायब होने से ग्रामीण परेशान

**गिरिडीह, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिरनी प्रखंड के कुबरी से प्रतापपुर गांव को जोड़ने वाली मुख्य सड़क का 15 वर्ष बीत जाने के बाद भी दोबारा कालीकरण नहीं हो सका है. सड़क की जर्जर स्थिति के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण ग्रामीण सड़क योजना के तहत वर्ष 2009-10 में कालीकरण कर किया गया था। लेकिन लंबे समय से सड़क की मरम्मत नहीं होने के कारण अब इसका पिच पूरी तरह उखड़ गया है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गये हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में काफी दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की हालत लगातार खराब होती जा रही है, लेकिन अब तक इसकी मरम्मत या दोबारा कालीकरण की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गयी है।

### नगर थाना में शांति समिति की बैठक

**गिरिडीह, नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** ईद ए मिलाद उन्नबी त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर नगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर थाना प्रभारी रतन सिंह ने की। बैठक में त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, जुलूस के रूट, यातायात व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा की गई। थाना प्रभारी रतन सिंह ने समिति के सदस्यों से आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

# गंगा-सरयू-सोन व गंडक के बढ़ते जलस्तर से दियारा में बढ़ी चिंता

**दियारा व तटीय इलाकों में घुसा बाढ़ का पानी**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा (सारण)।** गंगा, सरयू, सोन और गंडक नदियों के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि से दियारा एवं तटीय इलाकों में बाढ़ का संकट गहराता जा रहा है। नदियों का पानी तेजी से निचले इलाकों की ओर फैल रहा है, जिससे ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। कई स्थानों पर खेत, संपर्क मार्ग और सार्वजनिक स्थल जलमग्न हो गए हैं। चिरांद स्थित तपशी सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का खेल मैदान भी बाढ़ के पानी से घिर गया है। विद्यालय परिसर के आसपास पानी पहुंचने से विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्थानीय लोगों में चिंता देखी जा रही है। वहीं, चिरांद की दलित बस्ती के लोग भी नदी के बढ़ते जलस्तर को लेकर सहमे हुए हैं।
ग्रामीणों का कहना है कि यदि खनुआ नाला की उराही और सफाई समय रहते करा दी जाती तो बस्ती में पानी प्रवेश करने की स्थिति नहीं आती। ग्रामीणों के अनुसार, खनुआ नाले की सफाई अक्सर बाढ़ का पानी आने के बाद शुरू की जाती है। उनका आरोप है कि सफाई के नाम पर महज औपचारिकता पूरी की जाती है। ग्रामीणों ने समय रहते नाले की समुचित उराही और सफाई कराने की मांग की है, ताकि बस्ती में जलजमाव की समस्या को कम किया जा सके। सबसे अधिक चिंता दियारा क्षेत्र की रायपुर बिंदगावा, कोटवापट्टी रामपुर और बड़हारा महाजी पंचायतों को लेकर है। लगातार बढ़ते जलस्तर के कारण इन पंचायतों के संपर्क मार्गों पर पानी चढ़ने का खतरा मंडरा रहा है। यदि नदियों के जलस्तर में इसी तरह वृद्धि जारी रही तो तीनों पंचायतों का जिला मुख्यालय से सड़क संपर्क पूरी तरह भंग हो सकता है।
बाढ़ की आशंका को देखते हुए ग्रामीण अपने जरूरी सामान, अनाज और पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की तैयारी में जुटने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते प्रशासन द्वारा संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव की तैयारी शुरू कर दी जानी चाहिए।
फिलहाल नदी किनारे बसे लोगों की निगाहें जलस्तर के उतार-चढ़ाव पर टिकी हैं। जलस्तर में लगातार वृद्धि जारी रहने पर स्थिति और गंभीर होने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से दियारा एवं तटीय इलाकों की लगातार निगरानी करने तथा आवश्यकतानुसार राहत एवं बचाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

## मोबाइल टावर से लाखों के उपकरण चोरी मामले में दो गिरफ्तार, स्कॉर्पियो से आजना मशीन समेत सामान बरामद

**गिरिडीह, नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** बगोदर सिरिया रोड स्थित एक मोबाइल टावर से आजना मशीन समेत कई महत्वपूर्ण उपकरणों की चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की आजना मशीन, चार इलेक्ट्रिकल उपकरण, एक सिम कार्ड और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार 19 अगस्त 2026 को करीब 12:30 बजे सिरिया रोड में नहर के पास स्थित मोबाइल टावर से आजना मशीन, कनेक्टर, माउंटिंग एंगल, वेदरप्रूफिंग हाउसिंग समेत अन्य उपकरण चोरी हो गए थे। मामले में टावर कंपनी के तकनीशियन धीरेंद्र कुमार की शिकायत पर बगोदर थाना कांड संख्या 164/26 दर्ज किया गया। घटना के बाद पुलिस ने मोबाइल टावर पर निगरानी शुरू की और आरोपियों की तलाश के लिए बगोदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में सीट का गठन किया गया।

# कसहा दियारा पंचायत में घुसा गंगा का पानी, सैकड़ों एकड़ की फसल डूबी

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के कसहा दियारा पंचायत में गंगा का पानी प्रवेश कर जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। गंगा के जलस्तर में लगातार वृद्धि के कारण पंचायत के निचले इलाकों में पानी फैल गया है।
इससे सैकड़ों एकड़ में लगी फसल जलमग्न हो गई है और किसानों को भारी नुकसान की चिंता सताने लगी है।बाढ़ का पानी फैलने से पशुपालकों की परेशानी भी बढ़ गई है। खेतों और दियारा क्षेत्र में पानी भर जाने के कारण पशुओं के लिए हरे चारे की भारी किल्लत हो गई है। पशुपालक चारे की व्यवस्था को लेकर परेशान हैं।स्थिति की जानकारी मिलने पर शनिवार को अंचलाधिकारी लवली कुमारी ने



कसहा दियारा पंचायत का दौरा किया। उन्होंने बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लेते हुए ग्रामीणों से स्थिति की जानकारी ली। ग्रामीणों ने जलस्तर बढ़ने से उत्पन्न समस्याओं और फसल व पशुचारे के नुकसान की जानकारी अंचलाधिकारी को दी।ग्रामीणों का कहना है कि गंगा के जलस्तर में इसी तरह लगातार वृद्धि होती रही तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। प्रशासन की ओर से स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

# मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर में करीब एक करोड़ रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण

**10 महिला स्वयं सहायता समूहों को 30 लाख रुपये का चेक**

**हजारीबाग, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।**जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कुमाए बिपुल के निर्देशन में रविवार को प्रखंड मुख्यालय सभागार में मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन चीफ एलएडीसी मुरली राणा, असिस्टेंट एलएडीसी सौरभ कुणाल, बीडीओ नितेश भास्कर, सीओ संजय कुमार यादव एवं डॉ. रामानुज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।
शिविर में विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत लाभुकों के बीच करीब एक करोड़ रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। वहीं 10 महिला स्वयं सहायता समूहों को 30 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा एक बच्ची का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया। मौके पर चीफ एलएडीसी मुरली राणा, असिस्टेंट एलएडीसी सौरभ कुणाल, बीडीओ नितेश भास्कर, सीओ संजय कुमार यादव, मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र कुमार एवं बिनोद सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने लोगों को कानूनी अधिकारों एवं निशुल्क विधिक सहायता के संबंध में जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कानून की जानकारी के अभाव में कई लोग सामाजिक न्याय से वंचित रह जाते हैं, जिसका सबसे अधिक प्रभाव महिलाओं और कमजोर वर्गों पर पड़ता है। बीडीओ नितेश भास्कर ने कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक को सामाजिक न्याय और समान अवसर प्रदान करने की बात करता है। कोई भी व्यक्ति आर्थिक अथवा अन्य कारणों से न्याय से वंचित नहीं रह सकता। इसी उद्देश्य से विधिक सेवा



प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत केंद्र, राज्य और जिला स्तर पर विधिक सेवा प्राधिकरणों का गठन किया गया है। इसके माध्यम से पात्र व्यक्तियों को सरकारी खर्च पर अधिवक्ता, कोर्ट फीस, आवश्यक दस्तावेज एवं अन्य कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। चीफ एवं असिस्टेंट एलएडीसी ने बताया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्य, सभी महिलाएं और बच्चे, सामाजिक अथवा अन्यायपूर्ण अत्याचार के शिकार व्यक्ति, मानसिक रूप से बीमार एवं दिव्यांग व्यक्ति, जातीय हिंसा, बाढ़, सूखा एवं भूकंप जैसी आपदाओं के पीड़ित, औद्योगिक श्रमिक तथा कारागार और अन्य अभिरक्षा संस्थानों में रखे गए पात्र व्यक्ति निशुल्क विधिक सेवा प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा तीन लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले व्यक्ति भी निशुल्क विधिक सहायता के हकदार हैं।उन्होंने बताया कि पात्र व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, झारखंड उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के सचिव अथवा प्रखंड में नियुक्त पीएलवी और अधिवक्ताओं के माध्यम से निर्धारित प्रारूप में आवेदन देकर निशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। शिविर में बीडीओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। वहीं सीओ संजय कुमार यादव ने लोगों को राजस्व संबंधी अधिकारों और प्रक्रियाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक ओझा ने किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि अभिमन्यु प्रसाद भगत, पंसस प्रतिनिधि अनिल वर्णवाल, पूर्व मुखिया सह प्रतिनिधि बिनोद सिंह, पेंशन विभाग के धनंजय तिवारी, गौरव पांडेय, पीएलवी स्मिता कुमारी, नवीन कुमार, हरेंद्र राणा सहित कई लोग उपस्थित थे।

# हुसैनाबाद में चोरों का बढ़ता दुस्साहस

**घर से 50 हजार नकद और सोने के टॉप्स उड़ाए, स्कूल में भी सेंधमारी**

**हुसैनाबाद, पलामू/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में चोरों ने एक बार फिर पुलिस की चौकसी को चुनौती देते हुए घर और विद्यालय को निशाना बनाया है। झरगाड़ा गांव में एक घर का वेंटिलेटर तोड़कर घुसे अज्ञात चोरों ने बक्सा तोड़कर करीब 50 हजार रुपये नकद, मां के कान के सोने के टॉप्स (कीमत करीब 40 हजार रुपये) समेत जरूरी कागजात चुरा लिए। वहीं अगस्त माह के पहले सप्ताह में ही झरगाड़ा स्थित विद्यालय में भी ताला तोड़कर सामान चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। दोनों मामलों में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। झरगाड़ा निवासी शंकर प्रसाद गुप्ता ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि वह 20 अगस्त को घर से बाहर गया था। 22 अगस्त को वापस लौटने पर घर का सामान अस्त-व्यस्त मिला। जांच करने पर पता चला कि छत के वेंटिलेटर की ईंट हटाकर अज्ञात चोर घर में दाखिल हुए थे। जिस कमरे में परिजन सो रहे थे, उसमें बाहर से कुंडी लगा दिया और इसके बाद कमरे का दरवाजा खोलकर दूसरे कमरे में रखे बक्से को तोड़ दिया गया। बक्से में रखे करीब 50 हजार रुपये नकद, मां के कान के सोने के टॉप्स, जिनकी कीमत लगभग 40 हजार रुपये बताई गई है, तथा एसबीआई की पासबुक, आधार कार्ड समेत अन्य कागजात गायब मिले। हालांकि परिजनों ने मोबाईल से घटना की सूचना रात्रि में ही पड़ोसियों को दी, तबतक चोर भाग निकले थे।

इसके पूर्व चोरी की घटना झरगाड़ा स्थित राजकीय विद्यालय में हुई थी। विद्यालय के शिक्षक सह प्रभारी प्रधानाध्यापक बीर ब्रजेश कुमार सिंह ने दर्ज प्राथमिकी में बताया कि 1 अगस्त को विद्यालय दोपहर तीन बजे तक संचालित हुआ था। 2 अगस्त को सार्वजनिक अवकाश था। 3 अगस्त को सुबह विद्यालय पहुंचने पर कार्यालय, रसोईघर, भंडार कक्ष और वर्ग कक्ष के ताले टूटे मिले। जांच करने पर सामान गायब पाया गया।विद्यालय प्रबंधन ने ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों को सूचना देने के बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी। प्राथमिकी में गैस चूल्हे समेत विद्यालय के सामान की चोरी का उल्लेख किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही थी कि चोरी की दूसरी घटना भी हो गई।

## अंचलाधिकारी पर गाली-गलौज और मारपीट का आरोप

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज अंचल कार्यालय में एक व्यक्ति ने अंचलाधिकारी महेश कुमार पर कार्यालय में बुलाकर गाली-गलौज करने और मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया है। मामले को लेकर मसौढ़ी कला गांव निवासी कुंदन कुमार, पिता स्व. रामानुज सिंह, ने पालीगंज थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। दिए गए आवेदन के अनुसार, कुंदन कुमार 22 अगस्त 2026 को करीब तीन बजे अपनी जमाबंदी संख्या 11 को अनलॉक कराने के संबंध में अंचल कार्यालय पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उक्त जमाबंदी उनके पिता के नाम से कायम है और वर्तमान में लॉक कर दी गई है। इसे अनलॉक कराने के लिए उन्होंने पूर्व

# 3 माह में 16,760 मरीजों के लिए दौड़ी मुफ्त एंबुलेंस

**12 हजार से अधिक गर्भवतियों को पहुंचाया अस्पताल**

**छपरा (सारण), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रसव पीड़ा से जूझ रही गर्भवती महिला हो, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति या फिर गंभीर हालत में बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया नवजात को समय पर अस्पताल पहुंचाना कई बार जीवन बचाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है। ऐसे मरीजों के लिए सारण जिले में संचालित निःशुल्क एंबुलेंस सेवा बड़ी राहत साबित हो रही है। मई से जुलाई 2026 के बीच महज तीन माह में जिले के 16,760 मरीजों और लाभार्थियों को निःशुल्क एंबुलेंस सेवा का लाभ मिला है। इनमें 12,137 गर्भवती महिलाएं, 840 ट्रामा मरीज और 349 नवजात शिशु शामिल हैं।
स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुगम और सुलभ बनाने के लिए एंबुलेंस नेटवर्क को मजबूत किया गया है। जरूरतमंद मरीजों को घर से स्वास्थ्य संस्थान तक



पहुंचाने के साथ ही आवश्यकता पड़ने पर एक स्वास्थ्य केंद्र से दूसरे अस्पताल तक रेफर करने में भी यह सेवा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

**12 हजार से अधिक गर्भ व महिलाओं को मिली सुविधा**

मई से जुलाई तक जिले में 12,137 गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराई गई। इन महिलाओं को उनके घर से स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुंचाने के साथ ही प्रसव के बाद जरूरत के अनुसार स्वास्थ्य केंद्र से घर तक पहुंचाने में भी एंबुलेंस सेवा का उपयोग किया गया। समय पर अस्पताल पहुंचने की सुविधा मिलने से गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों को काफी राहत मिल रही है। खासकर ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों के लिए यह सेवा सुरक्षित संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने में भी सहायक साबित हो रही है।

**840 ट्रामा मरीजों को समय पर पहुंचाया अस्पताल**

सड़क दुर्घटना और अन्य आपात स्थितियों में समय पर चिकित्सा सुविधा मिलना बेहद महत्वपूर्ण होता है। तीन माह के दौरान 840 ट्रामा यानी दुर्घटना के शिकार मरीजों को एंबुलेंस सेवा के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया।गंभीर मरीजों को उनकी स्थिति के अनुसार बेहतर चिकित्सा संस्थान तक पहुंचाने में एंबुलेंस नेटवर्क की अहम भूमिका रही। आपातकालीन स्थिति में तेज और प्रभावी प्रतिक्रिया से मरीजों को समय पर इलाज उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

**349 नवजातों को एसएनसीयू तक पहुंचाया गया**

नवजात शिशुओं के लिए भी एंबुलेंस सेवा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मई से जुलाई के बीच 349 नवजात शिशुओं को एंबुलेंस के माध्यम से प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य केंद्रों से छपरा स्थित एसएनसीयू तक पहुंचाया गया। जरूरतमंद नवजातों को उपचार के बाद एसएनसीयू से घर तक पहुंचाने में भी सेवा का उपयोग किया गया। ग

**3,434 अन्य मरीजों ने भी उठाया लाभ**

तीन माह के दौरान गर्भवती महिलाओं, ट्रामा मरीजों और नवजातों के अलावा 3,434 अन्य मरीजों को भी निःशुल्क एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराई गई। बीमारी या अन्य आपात स्थिति में जरूरतमंद मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने और रेफर किए गए मरीजों को एक स्वास्थ्य संस्थान से दूसरे संस्थान तक ले जाने में यह सेवा लगातार उपयोगी साबित हो रही है।

# विकास के पहिए में लग रहा जंग, हुसैनाबाद में खुले मैदान में सड़ रही 525 साइकिलें

**हुसैनाबाद/पलामू/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरकार की मंशा बच्चों को शिक्षा से जोड़ने और स्कूल तक पहुंच आसान बनाने की है, लेकिन हुसैनाबाद में इसी योजना की साइकिलें सिस्टम की सुस्ती की भेंट चढ़ती नजर आ रही हैं। प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में लगभग जून के अंतिम सप्ताह से 525 साइकिलें खुले मैदान में पड़ी हैं। बारिश के बीच खुले में खड़ी इन साइकिलों पर अब जंग का असर दिखने लगा है। विडंबना यह है कि इन्हें सुरक्षित रखने के लिए न शेड की व्यवस्था है और न ही कोई सुरक्षित स्थान। मामला इसलिए भी गंभीर है कि 10 अगस्त को जिला मुख्यालय में कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक में उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि साइकिलों को खुले में नहीं रखा जाए। उन्होंने बारिश, धूप और अन्य कारणों से साइकिलों को खराब होने से बचाने के लिए उचित रख-रखाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा था। इसके बावजूद हुसैनाबाद में साइकिलें खुले आसमान के नीचे पड़ी हैं। 12 अगस्त को मेदिनीनगर के केजी बालिका उच्च विद्यालय में साइकिल वितरण कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने साइकिल को बच्चों के शैक्षणिक विकास का ह्यपहियाह्न बताया था। उनका कहना था कि साइकिल मिलने से दूर-दराज से आने वाली छात्राओं के लिए स्कूल पहुंचना आसान होगा और वे अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगी। लेकिन हुसैनाबाद में हालात इसके उलट सवाल खड़े कर रहे हैं—जब विकास का यही पहिया बारिश में खुले मैदान में पड़े-पड़े जंग खा रहा हो, तो योजना का लाभ बच्चों तक समय पर कैसे पहुंचेगा?कार्यालय परिसर में कतारबद्ध खड़ी सैकड़ों साइकिलें अब व्यवस्था की तस्वीर भी दिखा रही हैं। इनका वितरण होना बाकी है और छात्र-छात्राएं व अभिभावक साइकिल मिलने का इंतजार कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय पर वितरण नहीं हुआ तो सरकारी धन से खरीदी गई साइकिलें बच्चों के हाथ में पहुंचने से पहले ही खराब होने लगेंगी।इस संबंध में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सीताराम कुमार ने बताया कि साइकिल वितरण के लिए सूची तैयार है। साइकिलों को फिट करने के लिए मिस्त्री लगाया गया है और जैसे-जैसे साइकिलें फिट हो रही हैं, उनका वितरण भी किया जा रहा है। जल्द ही सभी साइकिलों का वितरण कर दिया जाएगा। यह एक थोथी दलील है। अगर नहीं तो फिर साईकिल की असेंबलिंग खुले मैदान में क्यों की जा रही है। यह साईकिल आपूर्ति करने वाले संवेदक को लाभ पहुंचाने की नीयत से की जा रही है। सरकार की योजना बच्चों की राह आसान करने की है, लेकिन हुसैनाबाद में फिलहाल उसी योजना की साइकिलें जिम्मेदार व्यवस्था की राह देख रही हैं।

C M Y K

# डालमिया सीमेंट का ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन करेगा चक्का जाम

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के बियाडा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने बालीडीह औद्योगिक क्षेत्र में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर स्थानीय ट्रांसपोर्टरों की समस्याओं को लेकर आंदोलन का ऐलान किया है। एसोसिएशन ने प्रशासन और संबंधित कंपनी के सामने आठ सूत्री मांगें रखते हुए कहा है कि मांगें पूरी नहीं हुईं तो 26 अगस्त से डालमिया सीमेंट में अनिश्चितकालीन चक्का जाम किया जाएगा। इस दौरान वाहनों का परिचालन पूरी तरह बंद रखने की चेतावनी दी गई है। एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर कुमार राय ने कहा कि संरक्षक और सांसद ढुल्लू महतो के निर्देश पर स्थानीय ट्रांसपोर्टरों के हितों की रक्षा के लिए यह कदम उठाया गया है। एसोसिएशन ने डेडिकेटेड ट्रक व्यवस्था तत्काल समाप्त करने की मांग की है। आरोप है कि इस व्यवस्था के कारण स्थानीय वाहन मालिकों को परेशानी और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ट्रांसपोर्टरों ने बढ़ती महंगाई को देखते हुए वर्तमान भाड़ा दर में कम से कम 15 प्रतिशत बढ़ोतरी की मांग की है। उनका कहना है कि बिडिंग प्रक्रिया में वास्तविक भाड़े से 5 से 7 प्रतिशत कम दर पर काम आवंटित किया जाता है, जिससे लगातार नुकसान हो रहा है। एसोसिएशन ने अब तक हुए नुकसान की टन के आधार पर भरपाई की भी मांग की है। एसोसिएशन का आरोप है कि बाहर से वाहन मंगाकर काम कराया जाता है, जबकि स्थानीय ट्रांसपोर्टरों को पर्याप्त काम नहीं मिलता। मामले की जानकारी उपायुक्त अजय नाथ झा और सांसद ढुल्लू महतो को दी गई है। उपायुक्त की ओर से डालमिया प्रबंधन से बातचीत के बावजूद समाधान नहीं होने का दावा किया गया है। एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि मांगें पूरी नहीं हुईं तो 26 अगस्त से डालमिया सीमेंट में अनिश्चितकालीन चक्का जाम रहेगा।




# यूजीसी को लेकर सवर्ण समाज में उबाल, किया जोरदार विरोध प्रदर्शन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो में रविवार को यूजीसी के कथित प्रावधानों के विरोध में स्वर्ण समाज और महाराणा प्रताप विचार मंच की ओर से प्रदर्शन किया गया। नया मोड़ स्थित बिरसा चौक पर आयोजित प्रदर्शन में समाज के लोगों ने यूजीसी के प्रावधानों को वापस लेने की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर ह्ययूजीसी रोलबैकह्न के नारे लगाए। प्रदर्शन में शामिल स्वर्ण समाज के नेताओं ने कहा कि यूजीसी के कुछ कथित प्रावधान समाज के छात्रों के हितों के खिलाफ हैं। उनका आरोप है कि इन प्रावधानों के लागू होने से स्वर्ण समाज के विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में नुकसान उठाना पड़ सकता है और उनके भविष्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से मांग की कि छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए इन प्रावधानों की समीक्षा की जाए और उन्हें तत्काल वापस लिया जाए। नेताओं ने कहा कि शिक्षा से जुड़े किसी भी फैसले का असर सीधे विद्यार्थियों के भविष्य पर पड़ता है, इसलिए सरकार को सभी पक्षों की चिंताओं पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे अपनी मांग को लेकर आगे भी आंदोलन जारी रखेंगे। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांग पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आने वाले चुनाव में इसका जवाब वोट के जरिए दिया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान स्वर्ण समाज और महाराणा प्रताप विचार मंच से जुड़े कई लोग मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने एकजुट होकर यूजीसी के कथित प्रावधानों को वापस लेने की मांग दोहराई और सरकार से इस मामले में जल्द निर्णय लेने की अपील की।




## संक्षिप्त समाचार

### भारती साहित्य परिषद ने मनाई तुलसी जयंती, काव्य गोष्ठी में कवियों ने बांधा समां

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारती साहित्य परिषद बोकारो की ओर से रविवार को सेक्टर-5 स्थित सद्गुरु सदाफलदेव आश्रम में तुलसी जयंती समारोह सह काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सेल के पूर्व अधिशासी निदेशक उदय प्रताप सिंह, वरिष्ठ साहित्यकार एवं कार्यक्रम अध्यक्ष बुद्धिनाथ झा, मुख्य संरक्षक सुख नंदन सिंह सदय सहित अन्य साहित्यकारों ने गोस्वामी तुलसीदास के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन कर किया। मुख्य अतिथि और कार्यक्रम अध्यक्ष को संस्था की ओर से शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कवयित्री गीता कुमारी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, जबकि रंजू सिंह और निशा पाठक ने तुलसीदास रचित भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। प्रथम सत्र में वक्ताओं ने गोस्वामी तुलसीदास के जीवन और उनकी साहित्यिक कृतियों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि तुलसीदास भक्ति काव्य के महान कवि थे। उनकी कालजयी रचना रामचरितमानस भारतीय संस्कृति और परंपराओं को जन-जन तक पहुंचाने वाली महत्वपूर्ण कृति है। इसके माध्यम से उन्होंने भक्ति, मर्यादा और मानवीय मूल्यों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। दूसरे सत्र में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। पूर्णेन्दु कुमार सिंह, दीनानाथ ठाकुर, करुणा कलिका, शैलजा झा, कस्तूरी सिन्हा, अमृता शर्मा, ज्योति वर्मा, नीलम झा, रविशंकर मिश्र, रीना यादव समेत कई कवियों और कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बुद्धिनाथ झा ने कहा कि बोकारो का साहित्यिक परिवेश आज भी जीवंत है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राम नारायण सिंह और डॉ. परमेश्वर भारती ने किया। धन्यवाद ज्ञापन अरुण पाठक ने किया। मौके पर बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी मौजूद रहे।

### बैठक में बीएकेएस सदस्यों का हल्ला बोल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ (बीएकेएस) की ओर से एचआरसीएफ कैंटीन में विभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग के कर्मचारियों ने सेल, बोकारो इस्पात संयंत्र और विभाग स्तर से जुड़े लंबित मुद्दों को यूनियन पदाधिकारियों के समक्ष रखा। कर्मचारियों ने कहा कि लंबे समय से समस्याओं का समाधान नहीं होने के कारण उन्हें दैनिक कार्य के दौरान कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि प्रबंधन की ओर से उत्पादन पर तो जोर दिया जा रहा है, लेकिन कर्मचारियों की सुविधाओं और समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। बैठक में इनसेंटिव और रिवार्ड फॉर्मूले में संशोधन, एक्टिंग अलाउंस की राशि बढ़ाने और बिना एक्टिंग अलाउंस के वरिष्ठ ग्रेड का काम नहीं कराने की मांग उठी। कर्मचारियों ने कार्यस्थल पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी मांग की। इनमें टीन शेड और बेंच की व्यवस्था, बैठकर काम करने वाले कर्मचारियों के लिए कुर्सियां, जर्जर शौचालय की मरम्मत व नियमित सफाई, शॉप की क्षतिग्रस्त छत की मरम्मत तथा वाटर प्यूरीफायर को दुरुस्त करना शामिल है। क्रेन ऑपरेटरों ने टूटी कुर्सियों, टूटे शीशों और अत्यधिक गर्मी में क्रेन संचालन की समस्या उठाई। वहीं, घटते मैनपावर के कारण बढ़ते कार्यभार और कर्मचारियों पर पड़ रहे मानसिक दबाव का मुद्दा भी उठाया गया। यूनियन ने प्रोत्साहन पुरस्कार में कथित भेदभाव, पसंदीदा कर्मचारियों को मनचाही जगह पदस्थापना देने और मांग रखने पर ट्रांसफर की धमकी देने जैसे आरोप भी लगाए। बैठक में महासचिव हरिओम, कोषाध्यक्ष राहुल साव, एचएसएम विभागीय प्रतिनिधि शत्रुंजय सिंह समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

### अमलाबाद क्षेत्र में छापेमारी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो पुलिस ने कोटपा अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन और प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अमलाबाद ओपी थाना क्षेत्र में छापेमारी एवं जांच अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार चलाए गए अभियान में कुल 13 दुकानों की जांच की गई। जांच के दौरान चार दुकानों में कोटपा अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन पाया गया। पुलिस ने उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए कुल 2,400 रुपये का जुर्माना वसूल किया। अभियान में अमलाबाद ओपी के पुलिस अवर निरीक्षक रवीशंकर कुमार, आरक्षी 428 मणिशंकर कुमार और चालक आरक्षी 1520 सुनील कुमार बगती शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने दुकानदारों को कोटपा अधिनियम के तहत निर्धारित नियमों का पालन करने की हिदायत दी। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि तंबाकू नियंत्रण से जुड़े कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी नियमित रूप से जांच और कार्रवाई जारी रहेगी। अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू सेवन और बिक्री से जुड़े नियमों का पालन सुनिश्चित करना है। साथ ही लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना भी अभियान का प्रमुख उद्देश्य बताया गया है। पुलिस ने दुकानदारों से अपील की है कि वे तंबाकू उत्पादों की बिक्री और प्रदर्शन से संबंधित सभी कानूनी प्रावधानों का पालन करें, ताकि कानून का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

### औलमा ने शांति और भाईचारे के साथ जुलूस निकालने की अपील

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ईद मिलाद-उन-नबी के अवसर पर जुलूसे मुहम्मदी को लेकर तन्जीम अहले सुन्नत की ओर से मदरसा अहले सुन्नत आलिया कादरिया, शमशेरनगर में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। हजरत मौलाना गुलाम सरवर मिस्बाही की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में औलमाओं ने जुलूस को शांतिपूर्ण, अनुशासित और भाईचारे के साथ निकालने की अपील की। जिला काजी शरीयत हजरत मुफ्ती रिजवान अहमद रिजवी सादी ने ईद मिलाद-उन-नबी की बधाई देते हुए कहा कि पैगंबर हजरत मोहम्मद के आगमन को मुस्लिम समुदाय के लिए बड़ी नेमत के रूप में याद किया जाता है। उन्होंने लोगों से पर्व के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। तन्जीम ने जुलूस को लेकर कई दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें डीजे पर पूरी तरह रोक, पुलिस-प्रशासन की गाइडलाइन का पालन और सड़क को अनावश्यक रूप से जाम नहीं करने की अपील की गई है। जुलूस के दौरान एंबुलेंस समेत आपातकालीन सेवाओं के आवागमन का विशेष ध्यान रखने को कहा गया है। आयोजकों ने कहा कि जुलूस में केवल इस्लामिक और भारतीय तिरंगे का इस्तेमाल किया जाए। किसी अन्य देश का झंडा नहीं लगाया जाए। साथ ही ईद मिलाद-उन-नबी के अवसर पर यतीम, गरीब, विधवा और जरूरतमंद लोगों की मदद करने की अपील की गई। तन्जीम के अध्यक्ष कारी इमरान रजा जियाई ने युवाओं से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की। बताया गया कि जुलूस सुबह आठ बजे धनबाद शहर से शुरू होगा और विभिन्न मार्गों से होते हुए सिबली मस्जिद पहुंचेगा, जहां दुआ और नमाज के साथ इसका समापन होगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई उलेमा और तन्जीम के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# हथियार और चोरी की बाइक के साथ 7 अपराधी गिरफ्तार

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनसार थाना क्षेत्र में पुलिस ने रात्रि गश्ती के दौरान तत्परता दिखाते हुए आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे गिरोह के 7 सदस्यों को हथियार, जिंदा कारतूस और दो मोटरसाइकिलों (जिसमें एक चोरी की बाइक शामिल है) के साथ गिरफ्तार किया है। पत्रकारों को इसका विवरण बताते हुए सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने कहा कि 22 अगस्त की रात करीब 3:30 बजे धनसार थाना के गश्ती दल ने कला संगम, मनईटांड के पास दो बाइकों पर सवार 6 संदिग्धों को देखा। पुलिस वाहन देखते ही वे भागने लगे। गश्ती दल ने 'सिटी हॉक्स' के सहयोग से गांधीनगर शिव मंदिर के पास घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आजाद आलम के पास से कमर में खोंसा एक देशी कट्टा और मुकेश कुमार की जेब से 3.15 टट की एक जिंदा गोली बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे चोरी की नीयत से घूम रहे थे। बरामद हीरो ग्लैमर बाइक (JH10-BS 8371) उन्होंने मटकुरिया से चोरी की थी। हथियार की आपूर्ति करने वाले जग्गू पासवान को भी आजाद की निशानदेही पर गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में मुकेश कुमार (25), मो साकित हुसैन (23), किशन बास्फोड (22), बबलू यादव (19), नितीश कुमार (19), आजाद आलम (23) और जग्गू पासवान (29) को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक देशी कट्टा, 3.15 टट का एक जिंदा कारतूस, सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल (JH10-BB 9690), चोरी की हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल (JH10-BS 8371) बरामद की है। छापेमारी टीम में धनसार थाना प्रभारी मनोहर करमाली, पुअनि पवन कुमार रवि, पुअनि प्रवीण सिंह चौधरी, पुअनि राजेश कुमार लोहरा, सअनि रमेश पासवान, सिटी हॉक्स (33, 34) तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



# विधायक राज सिन्हा ने विद्यालय भवन का किया शिलान्यास

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने नावाडीह पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, लोवाडीह एवं टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित एस.एस.एल.एन.टी. सी.एम. स्कूल ऑफ एक्सीलेंस फॉर गर्ल्स में भवन निर्माण विभाग द्वारा बनने वाले विद्यालय भवन के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक राज सिन्हा ने कहा कि नया विद्यालय भवन बच्चों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण, आधुनिक सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में मजबूत आधारभूत संरचना बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव तैयार करती है। विद्यालय भवन का निर्माण पूरा होने से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और शैक्षणिक वातावरण और सुदृढ़ होगा। इस अवसर पर भूली मंडल अध्यक्ष मनोज गुप्ता, सन्नी रवानी, अमरेंद्र सिंह, मुखिया तपन दत्ता, सतेंद्र ओझा, संजय गोस्वामी, पप्पू शर्मा, सदानंद पाल, संजय मंडल, जितेंद्र कुमार, पप्पू सिंह, शंकर तिवारी, धर्मेंद्र सोनकर, सपन कश्यप, प्रदीप विश्वकर्मा, टिंकू खत्री, मनोज मालाकार सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता, स्थानीय ग्रामीण एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।



# स्वावलंबी ग्राम नेरो में वृहद स्तर पर किया गया पौधरोपण

## ग्रामीणों ने लिया प्रकृति संरक्षण का संकल्प

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एक पौधा -एक संकल्प -एक बेहतर भविष्य' के ध्येय के साथ तोपचांची प्रखंड का स्वावलंबी ग्राम नेरो रविवार को वृहद पौधारोपण अभियान का गवाह बना। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने स्वयं पौधा लगाकर इस हरित अभियान की शुरूआत की और ग्रामीणों को पर्यावरण संतुलन, गांव को स्वच्छ-सुंदर बनाने का संकल्प दिलाया तथा उनको प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक किया। पौधारोपण करने के बाद उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, हरियाली संवर्धन, प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण अति आवश्यक है। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को 'एक पौधा - एक संकल्प - एक बेहतर भविष्य' के ध्येय के साथ प्रकृति संरक्षण और स्वच्छ-सुंदर गांव के निर्माण का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के दौरान सैंकड़ों फलदार, औषधीय गुण वाले पौधों का रोपण किया गया। उपायुक्त ने कहा कि प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण अति आवश्यक है। झारखंड प्राकृतिक रूप से समृद्ध राज्य है। पर्याप्त वर्षा का लाभ उठाकर अधिक से अधिक पौधारोपण करना समय की आवश्यकता है। कहा कि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीणों की आजीविका सुदृढ़ करने के उद्देश्य से फलदार पौधों को प्राथमिकता दी गई है, ताकि लोग पौधों के संरक्षण के लिए भी प्रेरित हों। उपायुक्त ने कहा कि नई पीढ़ी ही पर्यावरण की वास्तविक संरक्षक है। प्रत्येक व्यक्ति को पेड़ों के महत्व को समझते हुए अपने जीवन में कम से कम 20 से 30 पौधे अवश्य लगाने चाहिए। उन्होंने 'वन रक्षाबंधन' एवं 'वन देवी' जैसी पारंपरिक अवधारणाओं की सराहना की। उपायुक्त के नेरो पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत किया। महिलाओं ने उपायुक्त की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर आगामी रक्षाबंधन त्यौहार की शुभकामनाएं दी। वहीं पौधारोपण करने के बाद उपायुक्त ने गांव की सबसे छोटी बच्ची को अपने साथ बैठाकर सभी को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। मौके पर विधायक टुंडी के प्रतिनिधि, तोपचांची की अंचल अधिकारी, प्रखंड प्रमुख सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।




# मिलाद-उल-नबी को लेकर प्रशासन अलर्ट, शांति समिति की बैठक में दिए निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी मिलाद-उल-नबी पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और प्रशासनिक गाइडलाइन के अनुरूप मनाने को लेकर माराफारी थाना परिसर में संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में माराफारी और बालीडीह थाना प्रभारी के साथ दोनों थाना क्षेत्रों के शांति समिति सदस्य और समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक के दौरान पर्व के आयोजन को लेकर सदस्यों से सुझाव लिए गए। वहीं प्रशासन की ओर से जुलूस के निर्धारित रूट, ट्रैफिक व्यवस्था और पार्किंग सहित अन्य तैयारियों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने सभी से प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर पर्व मनाने की अपील की। डीएसपी मुख्यालय, बोकारो ने संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के साथ सोशल मीडिया पर भी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने जुलूस के दौरान बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने तथा प्रत्येक जुलूस में पर्याप्त संख्या में वॉलंटियर की नियुक्ति करने को कहा। किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं देने और अफवाह फैलाने से बचने की अपील की गई। बैठक में डीजे के इस्तेमाल को लेकर सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही सभी उपस्थित लोगों को नशामुक्त जुलूस निकालने की शपथ दिलाई गई। शांति समिति के सदस्यों और गणमान्य लोगों ने प्रशासन को भरोसा दिलाया कि पर्व के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने में पूरा सहयोग किया जाएगा। सभी ने आपसी भाईचारे के साथ मिलाद-उल-नबी मनाने और प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का पालन करने पर सहमति जताई।



# धनबाद क्लब में रक्तदान शिविर का आयोजन, 174 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मानव सेवा एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से रविवार को धनबाद क्लब में महा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह शिविर धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में मारवाड़ी युवा मंच गोविंदपुर, मारवाड़ी युवा मंच सरायढेला, गोविंदपुर उन्नति, धनबाद उदय, रोटरी क्लब धनबाद सेंट्रल, बिहार-झारखंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन एवं धनबाद क्लब के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में कुल 174 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानव सेवा के इस महाअभियान में अपनी भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में धनबाद के विधायक राज सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान एक महान सामाजिक कार्य है। रक्त की आवश्यकता किसी भी व्यक्ति को कभी भी पड़ सकती है और ऐसे समय में स्वैच्छिक रक्तदाता किसी के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



# सेल की गलत नीतियों के कारण मजदूरों में प्रबंधन के प्रति गहरा आक्रोश : कुमार अमित

## बीयूएमएस ने मजदूरों के साथ बैठक के बाद इडी वर्क्स से की मुलाकात, ज्वलंत समस्याओं के समाधान की मांग

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय उद्योग मजदूर संघ के महामंत्री कुमार अमित के नेतृत्व में संगठन ने बोकारो स्टील प्लांट के विभिन्न विभागों एवं शॉप में कर्मचारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना और तत्पश्चात अधिशासी निदेशक (संकार्य) से मुलाकात कर प्रबंधन को उनसे अवगत कराया। बैठकों की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अब्दुल रब अख्तर ने की तथा संचालन वरीय उपाध्यक्ष रामावतार ने किया। बैठकों के दौरान बीएसएल एवं ठेका कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से संघ पदाधिकारियों को अवगत कराया। बीएसएल कर्मचारियों ने विगत 4 वर्षों से सेल प्रबंधन द्वारा 39 माह के एरियर का भुगतान न करने को लेकर प्रबंधन के प्रति गहरी नाराजगी व्यक्त की, वहीं ठेका कर्मचारियों ने ठेकेदारों द्वारा कट मनी वसूली और शोषण के प्रति अपना आक्रोश जताया। इस दौरान अनेक विभागों में भारतीय उद्योग मजदूर संघ की शाखा इकाइयों का भी गठन किया गया। इसके उपरांत संघ का एक प्रतिनिधिमंडल बीएसएल के अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनूप दत्त से मिला और कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। संघ के महामंत्री कुमार अमित ने अधिशासी निदेशक को कर्मचारियों के 39 माह के लंबित एरियर भुगतान और ठेका कर्मचारियों से कट मनी वसूले जाने के कारण मजदूरों में व्याप्त आक्रोश से अवगत कराया तथा शीघ्र एरियर भुगतान एवं ठेका कर्मचारियों के शोषण पर रोक हेतु त्वरित कार्रवाई की मांग की। संघ के अध्यक्ष अब्दुल रब अख्तर ने बीएसएल कर्मचारियों के इंसेंटिव रिवार्ड की राशि बढ़ाने की मांग की, वहीं वरीय उपाध्यक्ष रामावतार और संयुक्त महामंत्री अशोक कुमार ने कार्यस्थल पर कर्मचारियों की सुरक्षा हेतु प्रबंधन द्वारा स्थापित मानकों को और सुदृढ़ करने की बात कही। इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल ने अनेक मुख्य महाप्रबंधकों से भी मुलाकात कर उनसे संबंधित विभागों में मजदूरों की स्थानीय समस्याओं के समाधान की मांग की। बैठक में संघ के संयुक्त महामंत्री जन्मजय गोस्वामी, कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश, कार्यकारिणी सदस्य गोविन्द रविदास, पवन कुमार, आशीष कुमार, दिनेश कुमार, अजीत कुमार, धनराज चौधरी, राकेश कुमार, दिलीप सिंह, अरविंद सिंह सहित बड़ी संख्या में बीएसएल एवं ठेका कर्मचारी उपस्थित रहे।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस बियाडा परिसर, जसोइया, औरंगाबाद से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145865
7295863300
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com